

नोएडा के थाने में महिला वकील की अवैध हिरासत यौन उत्पीड़न पर सुप्रीम सख्ती - 12



चीन के साथ व्यापार घाटा इसी साल 106 अरब डॉलर पहुंचने के आसार - 12



भारत के साथ रक्षा साझेदारी को और मजबूत बनाएगा अमेरिका - 13



टी-20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा आज - 14


आज का मौसम
21.0° अधिकतम तापमान
10.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.52
सूर्यास्त 05.21

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

पौष कृष्ण पक्ष अमावस्या 07:13 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082

शनिवार, 20 दिसंबर 2025, वर्ष 4, अंक 127, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये




लखनऊ में घने कोहरे के बीच धीमी गति से रेंगते वाहन।

## कोहरे की चादर में लिपटा प्रदेश, 50 जिलों में रेड अलर्ट

- 17 जिलों में घने कोहरे का आरेंज अलर्ट, आठ जिलों में यलो अलर्ट के बीच मध्यम कोहरा होने की संभावना
- मौसम विभाग ने 40 जिलों में कोल्ड-डे अलर्ट का पूर्वानुमान एवं संभावना जारी की है

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में 50 जिलों के लिए घने कोहरे के मद्देनजर खराब मौसम का रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। 17 जिलों में घना कोहरा का आरेंज अलर्ट है, जबकि आठ जिलों में यलो अलर्ट के बीच मध्यम कोहरा होने की संभावना है। इसको लेकर राहत आयुक्त की ओर से कंट्रोल रूम से निरंतर मैसेज कर डीएम, एसएसपी, एसपी और सहित आपदा प्रबंधन से जुड़े अन्य अधिकारियों व आमजन को चेतावनी की सूचना भेजी जा है।

दरअसल, मौसम विभाग ने 40 जिलों में कोल्ड-डे अलर्ट का पूर्वानुमान एवं संभावना जारी की है। प्रदेश में घने कोहरे के साथ कड़ाके की सर्दी का सितम है। फिलहाल मौसम विभाग ने शुक्रवार को तीन दिन का बुलेटिन जारी किया है। जिसमें पहले दिन प्रदेश के 50 जिलों में रेड एलर्ट-अत्यन्त घना कोहरा, 17 जिलों में आरेंज एलर्ट-घना कोहरा और आठ जिलों में यलो अलर्ट-मध्यम कोहरा होने की संभावना जारी की है। इसके बाद राहत आयुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद ने अपने कंट्रोल रूम से आमजन को एसएमएस के माध्यम से खराब मौसम की चेतावनी भेजी है। यह लगातार किया जा रहा है। कंट्रोल रूम द्वारा सचेत एप के माध्यम से गुरुवार व शुक्रवार के बीच 12 करोड़ 52 लाख लोगों के मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से मौसम का अलर्ट भेजा गया है। राहत आयुक्त ने बताया कि आगे भी मौसम विभाग के माध्यम से पूर्वानुमान एवं चेतावनी प्राप्त होने पर आमलोगों के मोबाइल पर मौसम संबंधी अलर्ट कंट्रोल रूम द्वारा भेजे जाएंगे। उन्होंने आमजन से अपील किया कि वे इस मैसेज पढ़कर उसी अनुसार अपनी यात्रा करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को शीतलहर एवं ठंड से बचने की आवश्यकता है। उन्होंने आम जनमानस से अपील किया है कि सरकार द्वारा ठंड एवं शीतलहरी से बचाव के संबंध में जारी गाइडलाइन का अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

### कोई भी अप्रिय घटना न हो : मुख्य सचिव

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में मुख्य सचिव एसपी गोयल ने घने कोहरे एवं कड़ाके की ठंड की स्थिति को ध्यान में रखते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में कोहरे के कारण सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं जनसुरक्षा पर विशेष बल दिया गया। मुख्य सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि धुंध अथवा कोहरे के कारण किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न घटित हो, इसके लिए विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होंने कहा कि सड़क पर चलने वाले प्रत्येक व्यक्ति का जीवन अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### 1070 पर करें कॉल, तुरंत मिलेगी मदद

खराब मौसम के बीच अगर कोई नागरिक आपात स्थिति में 1070 पर कॉल करता है, तो उसे तत्काल सहायता प्रदान की जा रही है। साथ ही कंट्रोल रूम से प्रदेश के सभी जिलों में कंबल वितरण, रैन बसेरों तथा अलाव की स्थिति की निगरानी भी की जा रही है।

### ब्रीफ न्यूज

#### कांग्रेस नेताओं को मोदी-अदाणी के 'डीपफेक' वीडियो हटाने के आदेश

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद स्थित एक अदालत ने कांग्रेस पार्टी और उसके चार नेताओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उद्योगपति गौतम अदाणी के डीप फेक वीडियो को सोशल मीडिया मंचों से हटाने का निर्देश दिया है। अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड द्वारा दायर मानहानि के दीवानी मुकदमे की सुनवाई करते हुए, अतिरिक्त दीवानी न्यायाधीश श्रीकांत शर्मा की अदालत ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस और उसके नेताओं जयराम रमेश, सुप्रिया श्रीनेत, पवन खेड़ा और उदयभानु चिब को सभी सोशल मीडिया मंचों से 'डीपफेक' वीडियो हटाने का निर्देश दिया।

#### प्रधानमंत्री मोदी आज बंगाल का करेंगे दौरा

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे और नदिया में एक रैली को संबोधित करेंगे तथा राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उनका उद्घाटन करेंगे। उनकी यह यात्रा राज्य में मतदाता सूची के एसआईआर को लेकर बढ़ते राजनीतिक तनाव के बीच होगी। उनका यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस एसआईआर का लगातार विरोध कर रही है। तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि इससे बड़ी संख्या में पात्र मतदाता, विशेषकर शरणार्थी हिंदू, मताधिकार से वंचित हो सकते हैं।

## कोडीन सिरप तस्करों से सपा मुखिया का सीधा रिश्ता : योगी

### अखिलेश पर किया हमला, कहा-धूल चेहरे पर थी, आईना साफ करता रहा

- सीएम बोले- मामले के तार सपा से जुड़े, दूध का दूध-पानी का पानी होगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विधानसभा के शीतकालीन सत्र की शुरुआत से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर करारा हमला किया। आरोप लगाया कि कोडीन सिरप तस्करों से सपा मुखिया का सीधा रिश्ता है। अब तक जिन लोगों की गिरफ्तारी हुई है, उनके तार सपा से जुड़े हुए पाए गए हैं। जांच अभी जारी है और पूरी रिपोर्ट आने के बाद तस्वीर और स्पष्ट हो जाएगी, लेकिन प्रारंभिक तथ्यों ने सपा की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से सवाल पर कहा कि यह कोई नई बात नहीं है। प्रदेश के लगभग हर माफिया के संबंध समाजवादी पार्टी से रहे हैं, यह तथ्य पहले भी सामने आता रहा है। उन्होंने कहा कि एसटीएफ व यूपी पुलिस की कार्रवाई में पकड़े गए अभियुक्तों के राजनीतिक संबंधों की जांच चल रही है। सपा, जो अपनी कार्यप्रणाली के लिए पहले से बदनाम रही है, इस मामले में भी अपनी संलिप्तता उजागर होते हुए देखेगी।

सपा प्रमुख के बयानों पर तंज कसते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उनकी स्थिति बिल्कुल वैसी है, जैसा कि इस पंक्ति में कहा गया है कि 'यही कसूर मैं बार-बार करता रहा, धूल चेहरे पर थी, आईना साफ करता रहा। उन्होंने कहा कि जिन माफियाओं के साथ उनकी तस्वीरें सामने आ रही हैं, स्वाभाविक रूप से अवैध लेन-देन और आपराधिक गठजोड़ की परतें भी खुलेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जांच को अपना काम करने दिया जाए, अंत में दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।



### वंदे मातरम् पर सदन में होगी विशेष चर्चा

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की स्थापना तिथि और 'वंदे मातरम्' को संविधान के अनुरूप मान्यता देने की अधिसूचना की तिथि एक ही है। ऐसे में राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूरे होने पर विधानसभा में चर्चा ऐतिहासिक और अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। इसके रचयिता बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के प्रति आभार व्यक्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा को तैयार है। लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंच होने के नाते विधानमंडल में सकारात्मक और सार्थक विमर्श होना चाहिए। सरकार चाहती थी कि सत्र अधिक दिनों तक चले, लेकिन मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के चलते अवधि सीमित रखी गई है।

### योगी ने रखा कोडीन मामले पर सरकार का पक्ष

कोडीन सिरप मामले पर मुख्यमंत्री ने विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि कोडीन फॉस्फेट एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत आने वाली औषधि है। जिसका उपयोग अधिकृत रूप से कफ सिरप निर्माण में किया जाता है। इसका आवंटन सेंट्रल नारकोटिक्स ब्यूरो द्वारा तय कोटे के तहत ही होता है। लेकिन कई स्थानों पर इस कफ सिरप का नशीले पदार्थ के रूप में दुरुपयोग किया जा रहा था। मुख्यमंत्री ने बताया कि शिकायतें मिलने के बाद यूपी पुलिस, एसटीएफ और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने संयुक्त रूप से कार्रवाई शुरू की। इस मामले की निगरानी राज्य-स्तरीय एसआईटी कर रही है। कानून से ऊपर कोई नहीं है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## बांग्लादेश में एक नेता की मौत के बाद बवाल, तोड़फोड़-आगजनी

- पिछले वर्ष जुलाई में हुए विद्रोह के प्रमुख नेताओं में से एक था शरीफ उस्मान हादी

ढाका/नई दिल्ली, एजेंसी

बांग्लादेश में पिछले वर्ष जुलाई में हुए विद्रोह के प्रमुख नेताओं में से एक शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद विभिन्न हिस्सों में विरोध प्रदर्शन और हिंसा की घटनाएं हुईं, जिससे देशभर में तनाव व्याप्त हो गया। प्रदर्शनकारियों ने पहले ही ध्वस्त हो चुके, बांग्लादेश के संस्थापक मुजीबुर्रहमान के आवास 32 धानमंडी पर तोड़फोड़ की।

देश के विभिन्न हिस्सों में गुरुवार को रात को हमलों और तोड़फोड़ की घटनाएं हुईं, जिनमें चटगांव में भारतीय सहायक उच्चायुक्त के आवास पर पत्थरबाजी भी शामिल है। ये घटनाएं मुख्य सलाहकार मोहम्मद युनूस द्वारा टेलीविजन पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए इंकलाब मंच के नेता हादी की मौत की पुष्टि करने के बाद हुईं। इससे पहले इंकलाब मंच ने हादी की मृत्यु की घोषणा की थी। उनका शव शाम तक घर लाया जाएगा। हादी 12 फरवरी को होने वाले आम चुनावों में एक उम्मीदवार थे। छह दिन तक जिंदगी-मौत के बीच जंग लड़ने के बाद सिंगापुर के एक अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पिछले सप्ताह उन्होंने मध्य ढाका के विजयनगर इलाके में अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की थी, तब एक नकाबपोश बंदूकधारी ने उनके सिर में गोली मार दी थी। प्रदर्शनकारियों ने शेख हसीना की भंग हो चुकी पार्टी आवामी लीग के एक कार्यालय को भी ध्वस्त कर दिया। पुलिस ने लाठीचार्ज कर 12 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया है।




आगजनी के बाद मामले को संभालते सेना के जवान।

### हिंदू युवक की पीटकर हत्या, पेड़ पर टांग जलाया शव

**ढाका/नई दिल्ली।** बांग्लादेश में ईशनिंदा के आरोप में हिंदू समुदाय के एक व्यक्ति की पीटकर हत्या कर दी गई और उसके शव को आग लगा दी गई। यह देश में धार्मिक अल्पसंख्यक के खिलाफ हिंसा की नवीनतम घटना है। मृत व्यक्ति की पहचान दीपू चंद्र दास (25) के रूप में हुई, जो मैमनसिंह शहर में एक कारखाने में काम करता था। अंतरिम सरकार ने हिंदू समुदाय के व्यक्ति की पीटकर हत्या किए जाने की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि नए बांग्लादेश में ऐसी हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। सरकार ने कहा, इस जघन्य अपराध के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। लिस ने बताया कि दास को पहले गरुवार रात कारखाने के बाहर भीड़ ने ईशनिंदा के आरोपों को लेकर पीटा और फिर एक पेड़ से लटका दिया। भालुका मॉडल थाने के निरीक्षक ने बताया, घटना के बाद आक्रोशित भीड़ ने शव को ढाका-मैमनसिंह राजमार्ग के किनारे छोड़ दिया और उसे आग लगा दी।

## पारंपरिक चिकित्सा को दिलानी होगी पहचान



प्रदर्शनी में उपस्थित प्रधानमंत्री मोदी, डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम व अन्य।

- डब्ल्यूएचओ के पारंपरिक चिकित्सा पर वैश्विक सम्मेलन में बोले मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पारंपरिक चिकित्सा को वह मान्यता नहीं मिलती जिसकी वह हकदार है और अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए उसे विज्ञान के माध्यम से जनता का विश्वास जीतना होगा। डब्ल्यूएचओ के पारंपरिक चिकित्सा पर वैश्विक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि अनुसंधान को मजबूत करने, डिजिटल प्रौद्योगिकियों का उपयोग करने और विश्वसनीय नियामक ढांचा विकसित करने से पारंपरिक चिकित्सा को और अधिक बढ़ावा मिलेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पारंपरिक चिकित्सा की बात आती है तो सुरक्षा और प्रमाण से संबंधित प्रश्न हमेशा उठते हैं। इस शिखर सम्मेलन में आप सभी ने अश्वगंधा का उदाहरण देखा है। सदियों से इसका उपयोग हमारी पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों में होता रहा है। कोविड-19 के दौरान इसकी वैश्विक मांग तेजी से बढ़ी और कई देशों में इसका उपयोग शुरू हुआ।'

### भारत ने दिखाया कि परंपरा और विज्ञान एक साथ आगे बढ़ सकते

**नई दिल्ली।** डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा एकीकृत और समावेशी होनी चाहिए। साथ ही भारत ने दिखाया कि परंपरा और विज्ञान एक साथ आगे बढ़ सकते हैं और दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। भारत सरकार के साथ संयुक्त रूप से आयोजित यह सम्मेलन बुधवार को शुरू हुआ था और 100 से अधिक देशों के मंत्री, वैज्ञानिकों ने भाग लिया।

## युवराज, सोनू सूद व अन्य की संपत्तियां कुर्क

- ईडी ने सट्टेबाजी मामले में की कार्रवाई 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति की कुर्क

नई दिल्ली, एजेंसी

ईडी ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह और रॉबिन उथप्पा के साथ ही तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद मिमी चक्रवर्ती और अभिनेता सोनू सूद की संपत्तियों को एक अवैध सट्टेबाजी एप से जुड़े धनशोधन मामले में कुर्क कर लिया है, जिनकी अनुमानित कीमत 1,000 करोड़ रुपये से अधिक है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी द्वारा धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अंतरिम आदेश जारी करने के बाद अभिनेत्री नेहा शर्मा, मॉडल एवं अभिनेत्री उर्वशी रौतेला की मां एवं बांग्ला अभिनेता अंकुश हाजरा की संपत्तियों को भी कुर्क किया गया है। उन्होंने बताया कि कुर्क की गई संपत्तियों में सूद की लगभग एक करोड़ रुपये की, चक्रवर्ती की 59 लाख रुपये की, युवराज सिंह की 2.5 करोड़ रुपये की, शर्मा की 1.26 करोड़ रुपये की, उथप्पा की 8.26 लाख रुपये की, हाजरा की 47 लाख रुपये की और रौतेला की मां की 2.02 करोड़ रुपये की संपत्तियां शामिल हैं।

इन सभी लोगों से अतीत में ईडी ने पूछताछ की थी और इन संपत्तियों को कुराकाओ द्वीपीय देश में पंजीकृत कथित अवैध सट्टेबाजी एप की अपराध से प्राप्त आय के रूप में वर्गीकृत किया गया है। ईडी ने कुछ समय पहले इस जांच के तहत पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन और सुरेश रैना की 11.14 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की थी।



## दिल्ली में 10 हजार कक्षाओं में लगेंगे एयर प्यूरीफायर

- दिल्ली के शिक्षा मंत्री ने की घोषणा, कहा-प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए प्रतिबद्ध

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने शुक्रवार को घोषणा की कि 10,000 कक्षाओं में हवा को साफ करने के लिए 'एयर प्यूरीफायर' लगाए जाएंगे। सूद ने कहा कि सरकार दीर्घकालिक प्रशासनिक उपायों के माध्यम से प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने पिछली आप सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा, हम वे नहीं हैं जो आईआईटी की डिग्री दिखाते हैं और 'सम-विषम' या 'गाड़ी ऑन, गाड़ी ऑफ' जैसे अभियानों का प्रचार करते हैं। हम प्रदूषण की समस्या को दीर्घकालिक प्रशासनिक उपायों के माध्यम से हल कर रहे हैं। तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल नीत आम आदमी पार्टी (आप) सरकार में 2016 में दो बार सम-विषम योजना लागू की गई थी। पहली बार एक से 15 जनवरी तक जबकि दूसरी बार 15 से 30 अप्रैल, 2016 तक यह योजना लागू गई थी। यह योजना वाहनों से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी।

**गहमागहमी** — विधान परिषद का शीतकालीन सत्र शुरू, प्रश्नों से लेकर कार्य स्थगन तक गरमाई कार्यवाही

## बेसिक शिक्षा के मुद्दे पर सपा सदस्यों ने सदन से किया वॉकआउट

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार :** शीतकालीन सत्र के पहले दिन शुक्रवार को विधान परिषद में नियम-105 के तहत सपा सदस्यों द्वारा प्रदेश में बेसिक शिक्षा के गिरते स्तर का मुद्दा जोर-शोर से उठाया गया। नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव ने कहा कि वर्ष 2015-16 के सापेक्ष प्रदेश में करीब 22 हजार प्राथमिक विद्यालय कम हुए हैं, आठ लाख बच्चे स्कूल छोड़ चुके हैं।

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के उत्तर से असंतुष्ट सपा सदस्य सदन से उठकर चले गए। सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने कहा कि यह विषय पूर्व सत्र में सरकार को संदर्भित किया जा चुका है। उक्त सूचना अंतर्गत सपा नेता आशुतोष सिन्हा व डॉ.मान सिंह ने कहा कि शिक्षा का स्तर मिटने की कगार पर आ है। प्रदेश में 1.20 लाख पद बेसिक शिक्षा विभाग में रिक्त हैं, माध्यमिक में सहायक अध्यापक के 70 हजार पद रिक्त हैं। शिक्षा को मिटाने के लिए कंपोजिट शब्द का इस्तेमाल हुआ है। भोजनावकाश के बाद प्रमुख सचिव विधान परिषद् ने उत्तर प्रदेश के सन् 2025 ई. के परिषद कार्य सूची में अंकित क्रम चौथे से लेकर 14वें तक बने अधिनियमों की घोषणा की। इसके पहले सुबह सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में वंदेमातरम् के साथ प्रारंभ हुई।



विधान परिषद में बोलते बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह।

### रिटायर्ड आईपीएस अफसर की तैनाती का मुद्दा उठा

सपा के डॉ.मान सिंह ने राज्य शिक्षा सेवा आयोग के मुखिया पद पर एक सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी की नियुक्ति को लेकर सवाल उठाए। इसी क्रम में सोनभद्र के ओबरा इंटर कॉलेज से संबंधित प्रतिनियुक्ति एवं शिक्षकों के सेवा नियमावली व समान वेतन से जुड़े कार्यस्थगन प्रस्तावों को भी सभापति ने पूर्व में सरकार को संदर्भित किए जाने का हवाला देते हुए अस्वीकार कर दिया। नियम-223 के अंतर्गत शिक्षक दल के ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने विधान परिषद सदस्यों को उनके निर्वाचन क्षेत्रों के कार्यक्रमों में आमंत्रित न किए जाने को लेकर विशेषाधिकार हनन का मुद्दा उठाया, सभापति ने नेता सदन को अवलोकन के निर्देश दिए। इससे पहले, पूर्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं विधान परिषद के पूर्व सदस्य गोरख प्रसाद निषाद के निधन पर सदन में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

### 23 मिनट तक चली विधानसभा की कार्यवाही

**राज्य ब्यूरो।** यूपी विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के पहले दिन मऊ घोसी से सपा विधायक सुधाकर सिंह के निधन पर शोक प्रस्ताव रखा गया। मुख्यमंत्री योगी, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और अन्य नेताओं ने सुधाकर सिंह के निधर पर शोक प्रकट कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। विधानसभा में दो मिनट का मौन रखने के बाद सदन सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया। पहले दिन की कार्यवाही 23 मिनट तक चली।

## न्यूज ब्रीफ

### 25 लाख मीट्रिक टन के पार पहुंची धान खरीद

**अमृत विचार, लखनऊ :** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में उप्र. में धान खरीद को लेकर योगी सरकार की पारदर्शी नीतियों का असर साफ दिख रहा है। अब तक 4,09,444 किसानों से 25 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीद की जा चुकी है। किसानों को 5,569.97 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। प्रदेश में धान खरीद के लिए 4,743 ऑनलाइन क्रय केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। 19 दिसंबर तक 8,82,988 किसानों का पंजीकरण हुआ, जिसमें से 6,68,698 का सत्यापन पूरा किया जा चुका है। बाजरे की खरीद में भी बड़ा उछाल दर्ज किया गया है। चालू वर्ष में 1,72,109.30 मीट्रिक टन बाजरा खरीदा गया, जो पिछले वर्ष से दोगुना है। वहीं ज्वार की खरीद 26,448.60 मीट्रिक टन रही, जिसमें 7,814 किसानों ने फसल बेची और 91.49 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया।

### आयुष्मान भारत योजना ने पकड़ी रफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना तेजी से आम नागरिकों तक पहुंच रही है। लक्ष्य है कि कोई भी पात्र गरीब परिवार स्वास्थ्य सुरक्षा से वंचित न रहे। प्रदेश में 9 करोड़ लक्षित लाभार्थियों में से अब तक 5,42,13,534 आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं। अब तक 74.4 लाख से अधिक लाभार्थियों के इलाज के मामलों में 12,283 करोड़ रुपये से अधिक के क्लेम सेटल किए जा चुके हैं। इससे लाखों गरीब परिवारों को गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक राहत मिली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से अधिकारियों को सख्त निर्देश हैं कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो।

### स्नातक मतदाताओं को जोड़ेंगे डॉ.वीरेंद्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल द्वारा जौनपुर सदर में स्नातक निर्वाचन क्षेत्र एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता बनाने और एसआईआर कार्य के लिए डॉ. वीरेन्द्र कुमार यादव को नामित किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा निर्देश मिलते ही लाडलेपुर, करंजाकलां, जौनपुर निवासी डॉ.वीरेन्द्र ने कहा कि पार्टी द्वारा दी गयी जिम्मेदारी ईमानदारी के साथ निर्वाहन करते हुए विश्वास को मजबूत बनाऊंगा।

### एसआईआर को गंभीरता से पूरा करें : मायावती

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा प्रमुख मायावती ने पार्टी कार्यकर्ताओं से निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण



(एसआईआर) कार्य को पूरी गंभीरता और तत्परता से पूरा कराने का निर्देश दिया है। पार्टी की ऑल इंडिया बैठक में उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को शुद्ध और त्रुटि रहित बनाना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। इसके लिए जरूरत पड़ने पर कुछ दिनों के लिए संगठनात्मक गतिविधियों को स्थगित करने के भी निर्देश दिए गए हैं। बसपा प्रमुख ने शुक्रवार को संपन्न बैठक में पिछली ऑल इंडिया बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों की समीक्षा करते हुए संगठन को मजबूत करने, तैयारियों को तेज करने तथा प्रत्येक वर्ष महापुरुषों के सम्मान में होने वाले कार्यक्रमों की प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट की शुद्धता के साथ-साथ देश की चुनावी व्यवस्था को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाना भी उतना ही जरूरी है। धनबल, बाहुबल और सरकारी तंत्र के दुरुपयोग को लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा बताया।

# प्रदेश सरकार के सामने 'पैसा है, काम नहीं' की चुनौती

## रिकॉर्ड बजट के आठ महीने बाद भी आधे से कम खर्च, मुख्यमंत्री ने जताई नाराजगी

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

- पुराना पैसा अटका, नया अनुपूरक बजट प्रस्तावित, विधानसभा में उठेंगे तीखे सवाल

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के सामने इन दिनों 'पैसा है, काम नहीं' की गंभीर चुनौती खड़ी हो गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 8.40 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड बजट पेश करने के आठ महीने बाद भी सरकार आधे से कम धनराशि खर्च कर पाई है। इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भले ही सख्त रुख अपना चुके हों, लेकिन विभागीय सुस्ती टूटती नजर नहीं आ रही। ऐसे में विधानसभा सत्र में उस वक्त तीखे सवाल उठना तय हैं, जब पुराना पैसा खर्च नहीं हो पा रहा और सरकार नया अनुपूरक बजट लाने की तैयारी में है।

पंचायत चुनाव और 2027 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए सरकार ने सड़कों, जल जीवन मिशन, आवास, महिला कल्याण और शहरी विकास जैसे क्षेत्रों में बड़े-बड़े ऐलान किए। दावा था कि विकास की रफ्तार तेज होगी। मगर 1 अप्रैल से 30 नवंबर 2025 तक के आंकड़े इन दावों को कमजोर करते हैं। योजनाओं के लिए तय करीब 3.88 लाख करोड़ रुपये में से सिर्फ 1.28 लाख करोड़ रुपये ही खर्च हो सके हैं। यानी वित्तीय वर्ष के दो-तिहाई समय के बाद भी खर्च एक-तिहाई के आसपास सिमटा है।

इसी सुस्ती को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में वित्तीय स्वीकृतियों और विभागीय खर्च की समीक्षा बैठक बुलाई। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि योजनाएं फाइलों में नहीं, जमीन पर दिखनी चाहिए। अधिकारियों को चेतावनी दी गई कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पहले फंड का अधिकतम और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए। सरकार की चिंता यह भी है कि देरी से न सिर्फ परियोजनाओं की लागत बढ़ेगी, बल्कि केंद्र से मिलने वाली सहायता पर भी असर पड़ेगा।

सरकार का पक्ष है कि बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में शुरुआती महीनों में खर्च की रफ्तार धीमी रहती है और साल के अंतिम महीनों में तेजी आती है। फिर भी मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक को स्पष्ट संदेश माना जा रहा है कि हीला-हवाली बर्दाश्त नहीं होगी और जरूरत पड़ी तो जिम्मेदारी तय की जाएगी।

### बजट और खर्च की तस्वीर (1 अप्रैल–30 नवंबर 2025)

- कुल बजट (2025-26) : 8.40 लाख करोड़ रुपये
- योजनाओं के लिए आवंटन : 3.88 लाख करोड़ रुपये
- अब तक खर्च : 1.28 लाख करोड़ (लगभग 33 प्रतिशत)
- औसत विभागीय खर्च : 49 प्रतिशत
- महिला कल्याण : 64 प्रतिशत
- ऊर्जा : 60 प्रतिशत
- लोक निर्माण : 40 प्रतिशत
- कृषि : 41 प्रतिशत
- बाल विकास : 44 प्रतिशत
- ग्रामीण/शहरी विकास व नमामि गंगे : 15–23 प्रतिशत

### ऊर्जा व महिला कल्याण आगे, बाकी विभाग पिछड़े

विभागवार स्थिति में असंतुलन साफ दिखता है। ऊर्जा विभाग ने 60 फीसदी और महिला कल्याण विभाग ने 64 फीसदी बजट खर्च कर अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन किया है। इसके उलट लोक निर्माण विभाग 40 फीसदी, कृषि 41 फीसदी और बाल विकास विभाग 44 फीसदी पर अटका है। सबसे खराब स्थिति ग्रामीण विकास, शहरी विकास, औद्योगिक विकास और नमामि गंगे जैसे अहम विभागों की है, जहां खर्च 15 से 23 फीसदी के बीच सिमटा है। यही वे विभाग हैं, जिनकी योजनाएं सीधे आम जनता की रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़ी हैं।

### अनुपूरक बजट पर सवाल

22 दिसंबर को विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सरकार 2025-26 का अनुपूरक बजट पेश करेगी। विभागों ने अतिरिक्त धन की मांग भेजनी शुरू कर दी है। यही विरोधाभास विपक्ष के हमले का आधार बन रहा है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का आरोप है कि बजट कागजों में बड़ा है, जमीन पर उसका असर नहीं दिख रहा। आने वाले महीनों में असली परीक्षा यही होगी कि सरकार खर्च की रफ्तार बढ़ा पाती है या नहीं। क्योंकि अगर पैसा समय पर और सही जगह खर्च नहीं हुआ, तो बढ़ता बजट आकार भी सिर्फ आंकड़ों तक सीमित रह जाएगा।

विशेषज्ञों के मुताबिक खर्च की धीमी रफ्तार का असर केंद्र से मिलने वाली सहायता पर भी पड़ता है। प्रगति रिपोर्ट कमजोर रहने से अगली किस्त अटक जाती है, जिससे योजनाएं और ज्यादा लटकती हैं।

# एसआईआर में ढिलाई नहीं, हर स्तर पर जवाबदेही तय : योगी

## गोरखपुर में मुख्यमंत्री ने की समीक्षा बैठक, कार्यकर्ताओं को सौंपी गई निगरानी की जिम्मेदारी



गोरखपुर में एसआईआर को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर प्रशासन और संगठन दोनों को सख्त संदेश दिया है। गोरखपुर में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। एसआईआर में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी और हर स्तर पर जवाबदेही तय की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती की बुनियाद निष्पक्ष और शुद्ध मतदाता सूची है, इसलिए इस अभियान को पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ अंजाम दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं की बैठक में फीडबैक लिए और अधिकारियों को निर्देश दिए कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान एक भी अपात्र नाम मतदाता सूची में न रहने पाए और किसी भी पात्र नागरिक का नाम छूटने न पाए। उन्होंने कहा कि एसआईआर केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि लोकतंत्र की शुचिता से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। इसमें लापरवाही सीधे जनविश्वास को प्रभावित करती है।

बैठक में मुख्यमंत्री को बताया गया कि एसआईआर को लेकर मंडल स्तर तक समीक्षा बैठकें पूरी कर ली गई हैं और जिलों में कार्य तेजी से चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंडल और जिला स्तर पर समन्वय बनाकर कार्य किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की तकनीकी या प्रक्रियात्मक अड़चन न आए। अभियान में राजनीतिक और सामाजिक भागीदारी को भी अहम बताते हुए मुख्यमंत्री ने संगठन के कार्यकर्ताओं को निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर कार्यकर्ता मतदाता सूची के सत्यापन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

### जनता जानती है माफिया पालने वाले कौन

**अमृत विचार, लखनऊ/गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को गोरखपुर में पूर्ववर्ती सपा सरकार और उसके मुखिया पर बिना नाम लिए जोरदार प्रहार किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की पहचान पर बदनुमा दाग लगाने वाले माफिया को पालने वाले कौन लोग हैं, यह जनता भली-भांति जानती है। आज जो लोग आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं, उनके माफिया के साथ फोटो टीवी चैनलों पर दिखाई दे रहे हैं। वे माफिया से तोहफे लेते नजर आ रहे हैं। यही वे लोग हैं, जिन्होंने प्रदेश में हर जिले में माफिया पालकर 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन माफिया' की पहचान बना दी थी। मुख्यमंत्री 137.83 करोड़ रुपये की लागत से बने गोरखनाथ ओवरब्रिज के लोकार्पण के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों की नीयत खराब थी। विकास के लिए आए पैसे का बंदरबांट किया गया और परिवार का खजाना भरने के चक्कर में प्रदेश का खजाना खाली कर दिया गया।

### नववर्ष की भीड़ को खिचड़ी मेले का रिहर्सल मानें

**अमृत विचार, गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में मकर संक्रांति पर लगने वाले विश्व प्रसिद्ध खिचड़ी मेला, गोरखपुर महोत्सव और जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। गोरखनाथ मंदिर परिसर में हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि नववर्ष के पहले दिन उमड़ने वाली भीड़ को खिचड़ी मेला प्रबंधन का रिहर्सल माना जाए। श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए।

### विप सदस्यों को आमंत्रित न करने का मुद्दा उठाया

**अमृत विचार, लखनऊ :** विशेषाधिकार हनन और भ्रष्टाचार की सूचनाएं नियम-223 के अंतर्गत शिक्षक दल के ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने विधान परिषद सदस्यों को उनके निर्वाचन क्षेत्रों के कार्यक्रमों में आमंत्रित न किए जाने को लेकर विशेषाधिकार हनन का मुद्दा उठाया, सभापति ने नेता सदन को अवलोकन के निर्देश दिए। इसके अलावा शिक्षक नेता ने नियम 115 के तहत प्राच्य भाषा एवं संस्कृत माध्यमिक विद्यालय एवं महाविद्यालय के शिक्षकों के स्थानान्तरण की सुविधा होने का मामला उठाया, शिक्षकों के एकल स्थानान्तरण की व्यवस्था न होने का मुद्दा उठाया। सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने सूचना सरकार को संदर्भित कर दिया। नियम 110 अंतर्गत ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने महराजगंज में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के भ्रष्टाचार का मामला उठाया, उक्त समेत 110 की सभी छह सूचनाएं सरकार को संदर्भित कर दी गयी हैं। प्रश्नकाल में उप्र. काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के प्रोजेक्ट्स को लेकर सवाल पूछे, उत्तर से असंतुष्ट होने पर सभापति ने मामले को प्रश्न एवं संदर्भ समिति को भेजने के निर्देश दिए।

### कोडिन युक्त सिरप मामले में बड़ी कानूनी सफलता

**अमृत विचार, लखनऊ :** कोडिनयुक्त कफ सिरप के अवैध डायवर्जन से जुड़े मामलों में योगी सरकार को बड़ी कानूनी सफलता मिली है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 22 मामलों में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा चलाए जाने को पूरी तरह सही ठहराया है और आरोपियों की सभी रिट याचिकाएं खारिज कर दी हैं। इसके साथ ही कोर्ट ने गिरफ्तारी पर रोक (अरेस्ट स्टे) की मांग भी नामंजूर कर दी।

इन मामलों में शुभम जायसवाल, भोला प्रसाद और आसिफ मोहम्मद सहित कई आरोपी शामिल हैं। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि यदि कोडिनयुक्त सिरप का भंडारण और उपयोग वैध लाइसेंस और मानकों के बाहर किया गया है तो वह एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अपराध है। अपर महाधिवक्ता अनूप त्रिवेदी ने चार दिनों तक बहस की। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट और विभिन्न हाईकोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए सरकार का पक्ष मजबूती से रखा। एफएसडीए, पुलिस और एसटीएफ द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों को कोर्ट ने अहम माना। यह फैसला योगी सरकार की सख्त ड्रग नीति और नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस अभियान की बड़ी जीत माना जा रहा है।

# चार जिलों में 13 परियोजनाएं स्वीकृत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



रेरा मुख्यालय पर प्राधिकरण की बैठक में मौजूद अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी।

- लखनऊ, नोएडा, मथुरा के साथ मऊ में 4424 करोड़ से बनेंगी 19,379 आवासीय व व्यावसायिक इकाइयां

**अमृत विचार :** रेरा ने रियल एस्टेट को बढ़ावा देने के लिए लखनऊ, नोएडा, मथुरा और मऊ में 13 परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की है। इन जिलों में संबंधित बिल्डरों द्वारा 4424 करोड़ के निवेश से 19,379 आवासीय एवं व्यावसायिक यूनिट विकसित की जाएंगी। इसमें आवासीय प्लॉट, फ्लैट के साथ व्यावसायिक श्रेणी में स्टूडियो और शॉप खरीदने का लोगों को मौका मिलेगा।

शुक्रवार को न्यू हैदराबाद स्थित रेरा मुख्यालय पर अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी की अध्यक्षता में प्राधिकरण की 191वीं बैठक हुई। इस दौरान नोएडा में चार परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। इनमें दो व्यावसायिक और दो आवासीय परियोजनाओं में कुल 17,051 यूनिट विकसित की जाएंगी। इसी तरह लखनऊ में स्वीकृत चार आवासीय परियोजनाओं में 241 आवासीय यूनिटों का निर्माण किया जाएगा। मथुरा में चार आवासीय परियोजनाओं में 2,035 यूनिट विकसित की जाएंगी। इससे मथुरा क्षेत्र में आवासीय सुविधाओं का विस्तार होगा। वहीं, मऊ में एक व्यावसायिक परियोजना को मंजूरी मिली है। इसमें 52 दुकानें बनाकर बेची जाएंगी।

# भर्ती परीक्षा में धांधली का आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन की टीम ने 2018 में आयोजित वीडीओ, समाज कल्याण पर्यवेक्षक व ग्राम पंचायत अधिकारी भर्ती परीक्षा में धांधली के आरोपी को गिरफ्तार किया है। वह चार वर्ष से फरार चल रहा था। आरोपी को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया है।

ईओडब्ल्यू अधिकारी के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी अंबेडकरनगर के इब्राहिमपुर बलरामपुर का रहने वाला अंकुर वर्मा है। उसे ईओडब्ल्यू की टीम ने केदारनगर से गुरुवार को गिरफ्तार किया है। ईओडब्ल्यू अधिकारी के मुताबिक, उप्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा वीडीओ (ग्राम विकास अधिकारी), समाज कल्याण पर्यवेक्षक एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के कुल 1953 पदों पर परीक्षा का आयोजन 2018 में किया गया था। परीक्षा कराने की जिम्मेदारी टीसीएस लि. को सौंपी गई थी। साक्ष्य व दस्तावेजों के आधार पर कुल 173 आरोपियों को दोषी पाया गया। ईओडब्ल्यू ने इस मामले में अब तक कुल 15 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### पीएम के कार्यक्रम में बीएलओ की ड्यूटी लगाने का विरोध

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर मांग की है कि बस्ती में अनुपस्थित, शिफ्टेड, डुप्लीकेट, मृतक (एएसडी) सूची सत्यापन के बाद सही पाए गए मतदाताओं को छोड़कर शेष एएसडी मतदाताओं की सूची पुनः बीएलओ व बीएलए को उपलब्ध करा दी जाए। साथ ही लखनऊ में प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के चलते कई बीएलओ को 17 दिसंबर से कार्यक्रम की तैयारी में लगाए जाने पर भी आपत्ति जताई गई है। सपा ने एसआईआर की प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग को शुक्रवार को ज्ञापन सौंपा है।

# एमएसएमई के लिए एमआईसीई प्रोत्साहन योजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी सरकार की बड़ी पहल अधिकतम छह लाख रुपये तक की मिलेगी सहायता
- नई नीति 2025-2030 के तहत 'ब्रांड यूपी' को मिलेगी अंतरराष्ट्रीय पहचान

**अमृत विचार:** राज्य सरकार ने प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। उत्तर प्रदेश निर्यात प्रोत्साहन नीति 2025–2030 के अंतर्गत पहली बार एमआईसीई (बैठक, प्रोत्साहन, सम्मेलन एवं प्रदर्शनी) प्रोत्साहन योजना लागू की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य प्रदेश के उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराना, निर्यात को गति देना, निवेश आकर्षित करना और 'ब्रांड यूपी' को वैश्विक पहचान दिलाना है।

यह पहल विशेष रूप से उन एमएसएमई इकाइयों के लिए लाभकारी होगी, जो अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के माध्यम से अपने उत्पादों और सेवाओं को दुनिया के सामने प्रस्तुत करना चाहती हैं। इस योजना के तहत आयोजित होने वाले एमआईसीई कार्यक्रमों पर वित्तीय सहायता दी जाएगी। प्रति प्रतिभागी 7,000 रुपये की सहायता या फिर एक कार्यक्रम के लिए अधिकतम 6 लाख रुपये तक की अनुदान राशि निर्धारित की गई है। एक एमआईसीई संचालक को एक वित्तीय वर्ष में अधिकतम दो कार्यक्रमों के लिए ही इस योजना का लाभ मिलेगा।

**आवेदन की प्रक्रिया :** कार्यक्रम के आयोजन से कम से कम 60 दिन पहले निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो, उत्तर प्रदेश के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद 60 दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट और आवश्यक दस्तावेज संबंधित कार्यालय में जमा करने होंगे। सभी आवेदनों की जांच के लिए निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो के अंतर्गत एक स्क्रीनिंग समिति गठित की गई है।

**भुगतान और निगरानी व्यवस्था :** योजना के अंतर्गत दावों को पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर स्वीकृति दी जाएगी। स्वीकृत धनराशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में भेजी जाएगी।

**कौन ले सकता है योजना का लाभ :** योजना का लाभ वही एमआईसीई आयोजन ले सकेंगे, जिन्हें पर्यटन मंत्रालय से मान्यता प्राप्त हो। इसके लिए उत्तर प्रदेश में पंजीकृत एमएसएमई श्रेणी के एमआईसीई संचालक या कार्यक्रम प्रबंधन से जुड़ी इकाइयों का पंजीकरण संबंधित विभागों और परिषदों में होना अनिवार्य है। सरकार का लक्ष्य है कि इस योजना के माध्यम से प्रदेश में निवेश का माहौल मजबूत हो और निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था को नई गति मिले।

इनविंसिबल भारत 5.0 | 25 जिलों में चलेगा अभियान, आत्मनिर्भर युवाओं के निर्माण पर रहेगा फोकस

# लखनऊ से शुरू होगी मुख्यमंत्री युवा उद्यमी यात्रा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- युवाओं के लिए वित्त, प्रशिक्षण और बाजार से जुड़ाव मजबूत करने के लिए हुए एमओयू

**अमृत विचार:** युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से 'इनविंसिबल भारत 5.0- उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री युवा उद्यमी यात्रा' की शुरुआत 24 जनवरी से लखनऊ से होगी। इस महत्वाकांक्षी अभियान का कर्टेन रेजर कार्यक्रम शुक्रवार को राजधानी में आयोजित किया गया, जिसके साथ ही राज्यव्यापी यात्रा की औपचारिक घोषणा हुई। इस दौरान युवाओं के लिए वित्त, प्रशिक्षण और बाजार से जुड़ाव मजबूत करने के लिए कई अहम एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

यह यात्रा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत संचालित की जा रही है। इसका मकसद प्रशिक्षित लेकिन बेरोजगार युवाओं को उद्यमिता के अवसर देकर प्रदेश में सतत आर्थिक विकास और रोजगार के नए द्वार खोलना है। यात्रा के माध्यम से प्रदेश के 25 जिलों के संस्थागत केंद्रों को कवर किया जाएगा, जिससे युवाओं, सरकारी योजनाओं, वित्तीय संस्थानों और बाजार के बीच सीधा और प्रभावी संवाद स्थापित हो सके। कर्टेन रेजर कार्यक्रम में राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, उद्योग जगत, बैंकिंग सेक्टर, कौशल विकास संस्थानों और स्टार्टअप इकोसिस्टम से जुड़े प्रतिनिधि मौजूद रहे। यह पहल केवल जागरूकता अभियान नहीं, बल्कि युवाओं को वास्तविक अवसर उपलब्ध कराने वाला एक एक्शन-ओरिएंटेड प्लेटफॉर्म है।

यात्रा के दौरान युवाओं को एक ही स्थान पर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी (सीएम युवा) पोर्टल पर रियल-टाइम आवेदन करने और बैंकों व गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थानों के माध्यम से सीधे ऋण संपर्क जैसी सुविधाएं मिलेंगी। जिला उद्योग केंद्र, वित्तीय संस्थान और फ्रेंचाइज़ी पार्टनर हर जिले में युवाओं से सीधे संवाद करेंगे। करीब 2,500 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली यह यात्रा प्रत्येक जिले में दो-दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करेगी। इन कार्यक्रमों में कौशल मेला, मल्टी-सेक्टर स्किल एवं करियर पवेलियन, ऑन-द-स्पॉट स्किल रजिस्ट्रेशन, उद्यमिता काउंसलिंग और विशेष बैंकिंग डेस्क लगाए जाएंगे। इस अभियान के जरिए एक करोड़ से अधिक युवाओं तक पहुंच, 25 जिलों में एक करोड़ से ज्यादा डिजिटल इम्प्रेशन, एक लाख से अधिक स्किल रजिस्ट्रेशन और 25 हजार युवाओं को उद्यमिता प्रशिक्षण व मेंटरिंग देने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके साथ ही 50 से अधिक फ्रेंचाइजी और बिजनेस मॉडल प्रदर्शित किए जाएंगे, जिससे स्थानीय स्तर पर उद्यमिता और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

इस अवसर पर एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा युवाओं को नौकरी तलाशने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बनाना है। उद्योग विभाग के आयुक्त के. विजयेंद्र पांडियन ने इसे जिला स्तर पर उद्यमिता को मजबूती देने वाला अभियान बताया।

# घने कोहरे व ठंड को लेकर अलर्ट मोड पर रहे पुलिस और प्रशासन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्य सचिव एसपी गोयल ने एक अहम बैठक में दिए निर्देश



**अमृत विचार :** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने राज्य में घने कोहरे और सनसनाती सर्दी के मद्देनजर पुलिस व प्रशासन को अलर्ट मोड पर रहने की हिदायत दी है। शुक्रवार को एक अहम बैठक में मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि सड़क प्रकाश व्यवस्था, रिफ्लेक्टर, पेट्रोलिंग और आपातकालीन सेवाओं की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। डार्क स्पॉट्स को चिन्हित कर वहां तत्काल बेहतर इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने एनएचएआई और स्टेट हाईवे अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर व्यवस्थाओं को और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया गया। वाहन चालकों को कोहरे के दौरान सावधानियां बरतने के संबंध में व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। प्रशासन द्वारा जारी ट्रैवल गाइडलाइन का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए तथा जनता की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

मुख्य सचिव ने आगे कहा कि टोल प्लाजा पर लाउडस्पीकर के माध्यम से यात्रियों को निरंतर जागरूक किया जाए। इसके बावजूद नियमों का उल्लंघन करने तथा ओवरस्पीडिंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। एक्सप्रेस-वे पर पेट्रोलिंग को बढ़ाया जाए, ब्लैक स्पॉट्स पर अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए, टीमें तैनात की जाएं तथा क्रेन एवं एम्बुलेंस को हर पल उपलब्ध रखा जाए।

बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि धुंध एवं कोहरे के दौरान सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन द्वारा 'ट्रैवल गाइडलाइन' जारी की गई है।

न्यूज ब्रीफ

## आज नगर के दो वार्डों में भ्रमण करेंगे महापौर

**अयोध्या, अमृत विचार।** नगर की सरकार आपके द्वार अभियान के तहत महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी व नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार शनिवार सुबह आठ बजे नगर निगम की टीम के साथ अशोक सिंघल नगर के अहिराना और परमहंस रामचंद्र दास वार्ड के नया पुरवा में भ्रमण करेंगे। जनसमस्याएं देख उनका निदान कराएंगे। यह जानकारी नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडेय ने दी।

## महिला वॉलीबॉल व खो-खो ट्रायल 22 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय के तत्वावधान में महिला वॉलीबॉल व खो-खो ट्रायल 22 दिसम्बर को डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में आयोजित होगा। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अनिमेष सक्सेना ने बताया कि जिला स्तरीय ट्रायल सुबह 10 बजे व मंडलीय ट्रायल दोपहर एक बजे होगा। चयनित मंडलीय टीम 25 दिसम्बर से जौनपुर में आयोजित प्रदेशीय समन्वय महिला वॉलीबॉल व खो-खो प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी।

## सीनियर पुरुष जूडो ट्रायल 26 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय के तत्वावधान में सीनियर पुरुष जूडो ट्रायल 26 दिसम्बर को डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में आयोजित किया जाएगा। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अनिमेष सक्सेना ने बताया कि जिला स्तरीय चयन ट्रायल सुबह 10 बजे व मंडलीय ट्रायल दोपहर एक बजे होगा। चयनित मंडलीय टीम चार जनवरी से छह जनवरी तक प्रदेश खेल निदेशालय के तत्वावधान में आगरा में आयोजित होने वाली प्रदेशीय सीनियर पुरुष जूडो प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी।

## दुकान में लगी आग, सामान जला

**अयोध्या, अमृत विचार।** थाना राम जन्मभूमि क्षेत्र अंतर्गत धर्मकांटा के पास रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले मार्ग पर पेड़ के नीचे रखी एक ठेलानुमा दुकान में गुरुवार की रात करीब 12 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिससे उसमें रखा सारा सामान जल गया। विधवा चंदा बानो ने बताया कि पति के गुजर जाने के बाद वह इसी दुकान के सहारे अपने तीन बच्चों का पालन-पोषण कर रही थीं। अचानक लगी आग से उनका परिवार गंभीर आर्थिक संकट में आ गया है। थाना प्रभारी अभिमन्यु शुक्ला ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## निर्मला हॉस्पिटल के अवैध निर्माण की शिकायत

**अयोध्या, अमृत विचार :** अब निर्मला अस्पताल एवं मेटिरनिटी सेंटर के अवैध भवन निर्माण को लेकर शिकायत अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष से की गई है। कनीगंज अयोध्या के रहने वाले सुशील कुमार कौशल ने एडीए उपाध्यक्ष को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि भवन में निर्माण एवं विकास उपविधिके अनुसार बहुत सारी खामियां हैं। भवन में अवैध तरीके से बेसमेन्ट का निर्माण किया है। मुख्य चिकित्साधिकारी की जांच में इसमें आईसीयू चलता पाया गया। भवन में आग से बचाव के लिए सुरक्षा व्यवस्था नहीं है। फायर एनओसी, भवन के मानचित्र, भवन के चारों और साइड बैक न होने, अधिक जमीन को कवर करने, अवैध पार्किंग, हानिकारण रासायनिक तत्वों के सीवर में जाने सहित अवैध निर्माण की जांच की मांग की है।

## विशेष रोल प्रेक्षक ने एसआईआर को लेकर की बैठक

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्रदेश के संयुक्त सचिव, युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय/विशेष रोल प्रेक्षक कुनाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 को लेकर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें पुनरीक्षण के विभिन्न बिदुओं पर चर्चा की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने एसआईआर को लेकर जानकारी दी। उन्होंने अब तक हुए डिजिटाइजेशन के साथ एएसडी मतदाताओं के बारे में बताया। बैठक में भाजपा जिला महमंत्री राघवेन्द्र नारायण पाण्डेय, बसपा जिला संयोजक मुस्ताफा अली, सपा जिला उपाध्यक्ष विनोद सिंह, सीपीआई (एम) जिला सचिव मनोज कुमार वर्मा, जिलाध्यक्ष विधिमंच अपना दल (एस) राम प्रसाद वर्मा एडवोकेट सहित उप जिला निर्वाचन अधिकारी व अन्य अफसर मौजूद रहे।

# 14 डिग्री अधिकतम तापमान, शीतलहर से जनजीवन प्रभावित

### अयोध्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़, अलाव की पर्याप्त व्यवस्था न होने से ठंड से कांप रहे लोग | कोहरे में कांपते हुए स्कूल जा रहे बच्चे

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** रामनगरी में शीत लहर और घने कोहरे का प्रकोप जारी है। इससे जनजीवन प्रभावित हो गया है। जिले में शुक्रवार को अधिकतम तापमान महज 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अलाव की पर्याप्त व्यवस्था न होने से लोग ठंड से कांपते नजर आ रहे थे। कई श्रद्धालु सड़कों और मंदिर परिसर में अलाव की तलाश में भटकते दिखे, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर अभी तक पर्याप्त इंतजाम नहीं हो सके हैं।

जिले में सुबह से ही घना कोहरा छाया रहने से दृश्यता बेहद कम हो गई। जिसका असर सड़क, रेल और हवाई यातायात पर पड़ रहा। वहीं, अभी तक स्कूलों में ठंड की छुट्टी घोषित नहीं की गई है, जिससे बच्चे कोहरे और कड़ाके की ठंड में कांपते हुए स्कूल जा रहे हैं। हालांकि स्कूलों के समय में परिवर्तन जरूर किया गया है लेकिन यह नाकाफी साबित हो रहा है। सरकारी व निजी कर्मी भी समय से कार्यालय नहीं पहुंच पा रहे हैं।



रामपथ पर छाया घना कोहरा।



राम मंदिर के पास ठंड से ठिठुर कर जाते श्रद्धालु। अमृत विचार

### अधिकतम व न्यूनतम तापमान में मात्र चार डिग्री का अंतर

जिले में शुक्रवार को अधिकतम व न्यूनतम तापमान में मात्र चार डिग्री का ही अंतर रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से 8.5 डिग्री कम 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जबकि न्यूनतम सामान्य से दो डिग्री ज्यादा 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आचार्य नरेंद्र देव कृषि व प्रौद्योगिकी विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरनाथ मिश्र के अनुसार आगामी सप्ताह में पूर्वी उत्तर प्रदेश में आंशिक बादल एवं घना कोहरा छाए रहने के साथ-साथ शीतलहर का प्रकोप जारी रहने की संभावना है। औसत तापमान सामान्य से कम रहने एवं हवा सामान्य गति से मुख्यत: पश्चिमी चलने की संभावना है।

### यातायात व्यवस्था पूरी तरह अस्त-व्यस्त

कोहरे के कारण हाईवे पर वाहन बेहद धीमी गति से चल रहे हैं, जिससे जाम की स्थिति बन रही है। बसें घंटों देरी से पहुंच रही हैं, जबकि ट्रेनों की देरी से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। फरक्का एक्सप्रेस शुक्रवार को नौ घंटे लेट रही। गंगा सतलुज, लखनऊ-वाराणसी स्पेशल, सद्भावना एक्सप्रेस, साबरमती एक्सप्रेस, कैफियात, अमृत भारत, सरयू यमुना जैसी लंबी दूरी की ट्रेनें दो से तीन घंटे तक लेट रही। भीषण ठंड के बाद भी अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर बनाए गए यात्री आश्रय केंद्र को अभी तक नहीं खोला गया है। वहीं, रोडवेज ने कोहरे के चलते रात्रिकालीन करीब 10 बसों का संचालन स्थगित कर दिया है, शुक्रवार को दिन की बसें 10 बजे के बाद दृश्यता बढ़ने पर ही डिपो से निकली।



कूड़ा जलाकर ठंड से बचने का प्रयास करते सफाईकर्मी।

### खराब मौसम के कारण दो फ्लाइट कैंसिल, बाकी लेट

**अयोध्या।** खराब मौसम के कारण अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शुक्रवार को दो उड़ानें निरस्त रहीं, जबकि बाकी की फ्लाइट्स देरी से पहुंची और उड़ान भरी। डायरेक्टर धीरेंद्र सिंह ने बताया कि हिसार से अयोध्या व अयोध्या से हिसार के लिए अलायंस एयर की फ्लाइट खराब मौसम के कारण उड़ान नहीं भर सकीं। वह निरस्त रही। उन्होंने बताया कि स्पाइस जेट की अहमदाबाद - अयोध्या-मुंबई की फ्लाइट करीब दो घंटे, एयर इंडिया की दिल्ली की फ्लाइट करीब सवा घंटे और इंडिगो की दोनों फ्लाइट को खराब मौसम का दंश झेलना पड़ा। स्पाइसजेट की अयोध्या मुंबई के बीच उड़ान भरने वाली फ्लाइट दो घंटे, हैदराबाद अयोध्या की फ्लाइट लगभग तीन घंटे और स्पाइसजेट की ही मुंबई -अयोध्या -मुंबई की फ्लाइट करीब 45 मिनट की देरी से उड़ान भर सकीं।



उदया चौराहा बैरियर पर खुद लकड़ी की व्यवस्था कर आग से अपना बचाव करते पुलिसकर्मी।

### सरकारी व्यवस्था फेल, पुलिस बैरियरों पर अपने स्तर से की ठंड से बचने को अलाव की व्यवस्था

भीषण ठंड से सुरक्षाकर्मी भी प्रभावित हो रहे हैं। अयोध्या में पुलिस बैरियरों और चौकियों पर अलाव की कोई सरकारी व्यवस्था नहीं की गई है। उदया चौराहे, बूथ नंबर चार, विद्याकुंड, निषाद राज चौराहा, हनुमान गुफा समेत अन्य बैरियरों पर ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मी खुद अपने स्तर पर लकड़ी जुटाकर अलाव जला ठंड से बचाव कर रहे हैं। कई जगहों पर पुलिसकर्मी रात भर ड्यूटी करते हुए ठिठुरन से जूझते नजर आए। श्रद्धालुओं की सुरक्षा में लगे जवान खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। नाम न छापने की शर्त पर एक बैरियर पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि वह पास में टूटे पेड़ की लकड़ी लाकर जला रहे हैं। कहा कि प्रशासन को बैरियरों पर अलाव के लकड़ी के इंतजाम करने चाहिए।

### आराध्य के प्रति आस्था ठंड पर भारी पड़ी

अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं में अपने आराध्य के प्रति आस्था ठंड पर भारी पड़ रही है। शुक्रवार सुबह दृश्यता कम होने के कारण सुबह श्रद्धालुओं की संख्या कम रही लेकिन जैसे-जैसे मौसम से राहत मिलती गई, इस तरह श्रद्धालुओं की संख्या भी बढ़ गई। श्रद्धालु रामलला के आस्था में लीन होकर भजन कीर्तन करते हुए मंदिरों में दर्शन करते दिखे। जलालपुर से आई शालिनी पांडे ने बताया कि हम लोग देर शाम अयोध्या पहुंचे थे, सुबह रामलला के दर्शन किये। ठंड तो बहुत पड़ रही है, लेकिन प्रभु के दर्शन होते ही एक ऊर्जा का एहसास हुआ। आदित्य सोनी ने बताया कि हमारे साथ छोटे-छोटे बच्चे भी हैं। सुबह सरयू स्नान कर हनुमानगढ़ी व रामलला के दर्शन किये। कहा कि आस्था के आगे ठंड का पता भी नहीं चला। डॉ. जनार्दन उपाध्याय ने कहा कि आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या और भी बढ़ जाएगी। ऐसे में यहां पर अलाव, रैन बसेरे की और व्यवस्था की आवश्यकता है।

### पार्षदों का आरोप, कागज तक सीमित है अलाव व्यवस्था

**अयोध्या, अमृत विचार।** नगर निगम के पार्षदों ने आरोप लगाया कि 60 वार्डों में सिर्फ 45 जगह पर ही अलाव की व्यवस्था की गई है। इसमें अयोध्या के प्रमुख स्थलों तक को शामिल नहीं किया गया है। मणिराम दास छावनी वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि रिशु पांडेय ने बताया मेरे वार्ड के 15 जगह में एक भी अलाव जलने के लिए चिन्हित नहीं हुई, जबकि महापौर आवास और राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास का स्थान भी इसी क्षेत्र में आता है। हनुमान कुंड वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अभय श्रीवास्तव ने आरोप लगाया कि अलाव जलाने की व्यवस्था में पूरी तरह कागजी कोरम पूरा किया जा रहा है। हमारे वार्ड के 16 स्थानों में से एक भी स्थान पर अलाव नहीं जल रहा है। बताया कि नगर निगम द्वारा अलाव जलाने के लिए टेंडर ही नहीं किया गया है, अधिकारी के विशेषाधिकार पर कुछ स्थानों पर लकड़ी की व्यवस्था कराई गई है। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडे ने बताया कि नगर में 45 जगह पर अलाव की व्यवस्था कर दी गई है। जनप्रतिनिधियों व स्थानीय लोगों की जरूरत के मुताबिक भी अलाव की व्यवस्था की जा रही है।

## रेजीडेंट मजिस्ट्रेट की न्यायालय में पुलिस कस्टडी के बीच आरोपी को पीटा

अयोध्या कार्यालय।

- मारपीट के मामले में पुलिस ने किया था चालान, चार नामजद पर केस

**अमृत विचार :** कचहरी परिसर स्थित रेजिडेंट मजिस्ट्रेट न्यायालय में पुलिस की मौजूदगी में दो पक्षों में जमकर कहासुनी हुई। एक पक्ष का आरोप है कि उसे पुलिस कस्टडी से खींचकर कर मारा पीटा गया। मामले में कोतवाली नगर पुलिस ने चार नामजद व अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

अयोध्या कोतवाली पुलिस ने मारपीट के एक मामले में आरोपी एहसास गुर्जर निवासी लाल कोठी गोलाघाट चौराहा अयोध्या का शांति भंग की आशंका में चालान किया था। पुलिस गुरुवार दोपहर करीब 2:45 बजे उसे लेकर कचहरी परिसर स्थित रेजिडेंट मजिस्ट्रेट के न्यायालय में हाजिर कराने पहुंची। इस दौरान आरोपी के पीछे-पीछे उसके समर्थक करीब 15-20 लड़के भी पहुंचे। तभी वहां पर दूसरे पक्ष के भी दर्जनों युवक आ गए। इसे दौरान पुलिस अभिरक्षा में एहसास गुर्जर व दूसरे पक्ष के लोग में खूब कहासुनी हुई। पुलिस को दी तहरीर में एहसान ने आरोप लगाया कि शुभम मिश्रा, अर्जित मिश्रा निवासी गोलाघाट, विपिन सिंह निवासी बेगमपुरा व आनन्द सिंह निवासी अश्विनीपुरम अयोध्या व उसके साथ चार-पांच अज्ञात लोगों ने उसे कस्टडी से खींचकर मारा पीटा। इस दौरान वहां अदालत में मौजूद उसके मित्र पदमधर दूबे निवासी शास्त्री नगर ने विरोध किया तो उसे भी पीटा। अदालत के कर्मियों ने किसी तरह उनकी जान बचाई। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। बताया जाता है कि दोनों पक्षों में मनबढ़ युवक हैं, जिनकी आपस में अदावत चल रही है। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर चार नामजद व अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## साइबर ठगों ने बैंक खाते से उड़ाए 5.30 लाख रुपये

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार:** थाना पटरंगा क्षेत्र में साइबर ठगी का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां अज्ञात साइबर अपराधियों ने एक व्यक्ति के बैंक खाते से 5.30 रुपये की धनराशि धोखाधड़ी से निकाल ली। थाना पटरंगा क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर निवासी प्रमोद कुमार का कहना है कि उनका केनरा बैंक की कम्पनीबाग शाखा, बाराबंकी में खाता संख्या 110244834189 संचालित है। अज्ञात व्यक्ति ने 5 दिसंबर को उनके खाते से क्रमशः 5 लाख 20 हजार रुपये, 10 हजार रुपये तथा 900 रुपये, कुल 5 लाख 30 हजार 900 रुपये की धनराशि धोखाधड़ी के माध्यम से निकाल ली।जानकारी होने पर उसने तत्काल इसकी सूचना साइबर अपराध पोर्टल पर दी। इसके बाद थाना पटरंगा प्रभारी निरीक्षक को तहरीर देकर विधिक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पटरंगा थाना प्रभारी शशिकांत यादव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। साइबर सेल की मदद से आरोपियों की तलाश की जाएगी।

## अंगद टीला पर की जाएगी 10 हजार श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था

अयोध्या कार्यालय।

- प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव : 31 को मुख्यमंत्री व रक्षामंत्री करेंगे रामलला का अभिषेक

**अमृत विचार:** भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर 29 दिसंबर से शुरू होने जा रहे समारोह को लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट व जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 31 दिसंबर को प्रतिष्ठा मुहूर्त पर रामलला का अभिषेक करेंगे। रामलला को प्रतिष्ठा द्वादशी के प्रथम दिन पीतांबरी पहनाई जाएगी। आयोजन आम श्रद्धालुओं से भी जुड़े इसके लिए अधिकतर कार्यक्रमों को राम मंदिर के निकास द्वार अंगद टीला पर किया जाएगा। जहां 10,000 से अधिक श्रद्धालुओं के बैठने की भी व्यवस्था की जा रही है।



श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के अनुसार कई वीआईपी भी इसमें शामिल होंगे। अंगद टीला स्थल पर भी एक जर्मन हैंगर टेंट लगाया जाएगा। जहां पर श्री राम कथा, भजन संध्या का भी कार्यक्रम किया जाएगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा, ट्रस्ट ने आम लोगों को आमंत्रित करने का फैसला किया है। जो पिछले साल अभिषेक समारोह में शामिल नहीं हो सके थे। उन्हें अंगद टीला में पांच दिनों के कार्यक्रमों में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी।

## राजा मानसिंह का ऑफिस और भवन किया गया कुर्क



सरियावां गांव स्थित राजा मानसिंह के ऑफिस को कुर्क करने के दौरान मौजूद थाना पूराकलंदर प्रभारी मनोज कुमार शर्मा व अन्य।

**अयोध्या, अमृत विचार।** थाना पूराकलंदर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के आरोपी सपा नेता व जिला पंचायत सदस्य राजा मानसिंह व उसकी पत्नी नीतू सिंह द्वारा आपराधिक कृत्यों से अर्जित की गई अवैध संपत्ति को कुर्क करने का सिलसिला जारी है। थाना प्रभारी मनोज कुमार शर्मा, थाना प्रभारी राम जन्मभूमि अभिमन्यु शुक्ला व राजस्व टीम की मौजूदगी में शुक्रवार को सरियावां गांव में गाटा संख्या-103 पर स्थित उसका ऑफिस व भवन को कुर्क किया गया। इसकी अनुमानित कीमत करीब दो करोड़ रुपये है। पूराकलंदर थाना प्रभारी ने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय के आदेश पर यह कार्रवाई की गई।

## राममंदिर सामूहिक संकल्प, त्याग व दीर्घकालीन संघर्ष का परिणाम

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन की राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक का पहला दिन शुक्रवार सामाजिक चेतना को लेकर अहम रहा। सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और वैचारिक रूप से सशक्त बनाने को लेकर तो चर्चा की ही गई लेकिन 11 सूत्री सामाजिक चेतना कार्यक्रम खास रहा। विवाह आयोजनों में प्री-वेडिंग शूट पर रोक, शाकाहार को बढ़ावा देने, लिफाफा प्रथा समाप्त करने और भोजन की बर्बादी रोकने के लिए सामूहिक संकल्प जैसे विषयों पर विचार समाजाक दृष्टि से खास महत्व का रहा।



अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय को सम्मानित करते पदाधिकारी।

मानस भवन में आयोजित राष्ट्रीय कार्यसमिति के मुख्य अतिथि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यसमिति का अयोध्या में आयोजन होना अपने आप में महत्वपूर्ण है। क्योंकि यह भूमि भारतीय आस्था, संस्कृति और मूल्यों का प्रतीक है। कहा कि प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर आज देशवासियों के सामूहिक संकल्प, त्याग और दीर्घकालीन संघर्ष का परिणाम है। यह मंदिर केवल एक धार्मिक संरचना नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय आत्मसम्मान का प्रतीक है।

लखनऊ उत्तर के विधायक एवं अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष नीरज बोरा ने कहा कि अयोध्या की भूमि भारतीय संस्कृति और आस्था का केंद्र रही है। उन्होंने राम मंदिर निर्माण से जुड़े ऐतिहासिक संघर्ष का उल्लेख किया। कहा कि मंदिर और शिखर पर धर्मध्वजा स्थापित होना पूर्वजों के संकल्प की पूर्ति है। क्षेत्रीय अध्यक्ष अमल गुप्ता ने बताया कि बैठक के दौरान अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन व्यापारी दिवस और भामाशाह पुरस्कार आयोजित किए जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। संगठन के पदाधिकारियों ने इसे समाज के प्रति योगदान को सम्मानित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। अध्यक्षता अशोक अग्रवाल ने की। कार्यक्रम में श्याम जाजू, जगदीश मित्तल, सुरेंद्र गुप्ता, बिपिन राम अग्रवाल, राजीव परम डेरी, मिथिलेष अग्रवाल, ध्रुवदास अग्रवाल, मानवती अग्रवाल, मीना गुप्ता, अजय गुप्ता और लेखराज महेश्वरी मौजूद रहे।

- अयोध्या की भूमि भारतीय संस्कृति और आस्था का केंद्र: नीरज
- आईवीएफ की राष्ट्रीय कार्यसमिति में समाज के अहम् बिंदुओं पर चर्चा

यादें

### अब नहीं दिखते साइकिल पर फेरी लगाकर ऊन बेचने वाले, बाजारों से गायब हो गई सलाइयां

## लुप्त हो रही स्वेटर बुनने की कला, रेडीमेड स्वेटर व जैकेट की बहार

विशाल तिवारी, अयोध्या।

**अमृत विचार :** सर्दियों का मौसम आते ही महिलाएं धूप में बैठकर सलाइयों से ऊन बुनतीं, बच्चों और परिवार के लिए रंग-बिरंगे स्वेटर तैयार करतीं। यह न केवल ठंड से बचाव का साधन था, बल्कि एक पारिवारिक परंपरा और रचनात्मकता का प्रतीक भी। आज बदलते समय के साथ यह कला धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही है। रेडीमेड स्वेटर और जैकेट की बाढ़ ने बाजार को पूरी तरह बदल दिया है।



पुराने समय में सर्दी की शुरुआत में साइकिल पर ऊन बेचने वाले फेरीवालों की आवाज गलियों में गूंजती थी। पुकार सुनकर महिलाएं घरों से निकलतीं और मनपसंद रंगों की ऊन खरीदतीं। बाजारों में सलाइयां (निटिंग नीडल्स) और ऊन की दुकानें सजी रहती थीं। महिलाएं बताती हैं कि ठंड के मौसम में छत या आंगन में धूप सेंकते हुए स्वेटर बुनने का मजा ही अलग था। एक-एक फंदा जोड़ते हुए डिजाइन बनाना, परिवार के लिए प्यार से कुछ रचनात्मक करना, यह सब एक भावनात्मक जुड़ाव था। दादी-नानी से सीखी यह कला पीढ़ी दर पीढ़ी चलती आ रही थी। अब तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। रेडीमेड गारमेंट्स की आसानी और विविधता ने हाथ से बुनाई को पीछे छोड़ दिया है। बाजारों में सस्ते और फैशनेबल स्वेटर, जैकेट आसानी से मिल जाते हैं। ऑनलाइन शॉपिंग ने तो इसे और आसान बना दिया। अयोध्या जिले में ऊन की बिक्री में 80 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की गई है।

अयोध्या के दुकानदार राधेश्याम गुप्त बताते हैं कि पहले सर्दी आते ही ऊन की बोरियां खाली हो जाती थीं, लेकिन अब बिक्री न के बराबर है। करीब 10 साल पहले हम दुकान पर सुबह नौ से 11 बजे तक ऊन की सेल लगाते थे, खूब भीड़ होती थी। अच्छी बिक्री भी होती थी लेकिन अब ऊन मिल ही नहीं रही हैं। वहीं, सलाइयां बेचने वाली दुकानें भी गायब हो रही हैं। फेरीवाले अब प्लास्टिक या अन्य सामान बेचते नजर आते हैं। पूर्व प्रधानाचार्य वीर बहादुर सिंह कहते हैं कि यह बदलाव आधुनिकता की देन है, लेकिन एक सांस्कृतिक विरासत का नुकसान भी है। यदि हम चाहें तो इस कला को बचाया जा सकता है, स्कूलों में सिखाकर, वर्कशॉप आयोजित करके या परिवार में इसे आगे बढ़ाकर। इसके लिए लोगों को आगे आना होगा तभी स्वेटर बुनने की पुरानी खुशी लौट पाएगी।



नैना

जाना बाजार निवासी नैना ने कहा कि धूप में बैठकर बुनाई करने का मजा ही अलग था। बातें होतीं, हंसी-मजाक चलता, और शाम तक स्वेटर का एक हिस्सा तैयार हो जाता। हाथ से बुना स्वेटर ज्यादा गर्म और टिकाऊ होता था। व्यस्त जीवनशैली में युवा पीढ़ी को यह कला सीखने का अवसर ही नहीं मिलता।



मिथिलेश सिंह

अयोध्या निवासी मिथिलेश सिंह बोलीं कि पहले हम घर के बाहर धूप में बैठकर स्वेटर बीनते थे। इस दौरान बातों ही बातों में पूरे मोहल्ले का हाल चाल मिल जाता था। अब ऊन व सलाइयां मिलती ही नहीं। मशीन से बने रेडीमेड स्वेटर सस्ते और ट्रेंडी डिजाइन वाले जरूर होते हैं, लेकिन वह हाथ से बुनाई की मेहनत को मात नहीं दे सकते।



कुसुम

अयोध्या निवासी कुसुम कहती हैं कि शादी से पहले जब तक स्वेटर का एक पल्ला बीन न लें तब तक मां खाना नहीं देती थी। विभिन्न डिजाइन वाले बुने स्वेटर, टोपी, मोजे उस समय फैशन माना जाता था। मैं तो आज भी इसे सहेज कर रखी हूं। अब तो यह अतीत की बात हो गई है। इस कला को लुप्त होने से बचाने का प्रयास करना चाहिए।

## जमीन खरीद फरोख्त के नाम पर सात लाख ठगे

**अयोध्या।** जमीन खरीद फरोख्त के नाम पर सात लाख रुपये ठगी करने के आरोप में कोतवाली अयोध्या पुलिस ने एक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़ित छोटू दूबे निवासी कूढा केशवपुर उपरहार दर्शन नगर ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि उसने सुनील कुमार गुप्ता निवासी रानोपाली से कूढाकेशवपुर में स्थित एक जमीन का सौदा नौ लाख रुपये में तय किया। इसके लिए उसने सात लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से व दो लाख कैश दिए। इसके बाद भी सुनील उक्त भूमि किसी और बेच दिया। अब वह मेरा पैसा वापस नहीं कर रहा है, मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। अयोध्या कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### खराब पड़े इंडिया मार्का हैंडपंप



रुदौली के एथर प्राथमिक विद्यालय में खराब पड़ा इंडिया मार्का हैंडपंप।

**शुजागंज, अयोध्या। अमृत विचार :** रुदौली तहसील क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय ऐथर सहित विभिन्न स्थानों पर लगे सरकारी हैंडपंप शोपीस बनकर रह गए हैं। जिससे बच्चों को शुद्ध पेयजल तक नसीब नहीं हो पा रहा। हैरत की बात यह है कि सरकारी अभिलेखों में मई माह में हैंडपंपों की मरम्मत के नाम पर करीब एक लाख 49 हजार रुपये खर्च दिखाए गए हैं, जबकि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्षों से इन हैंडपंपों की कोई मरम्मत नहीं कराई गई, फिर भी कागजों में धनराशि निकाल ली गई। खंड विकास अधिकारी अमित त्रिपाठी ने बताया मामले की जांच कराई जाएगी। दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### जलजीवन मिशन के कार्यों की सीडीओ ने की समीक्षा

**अयोध्या, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जलजीवन मिशन की बैठक की। इसमें पाइप लाइन लिंकेज, मरम्मत कार्य, सोलर लाइट, क्लोरीनेशन चेम्बर आदि से महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। सीडीओ ने कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्ध पूर्णता और प्रत्येक ग्राम पंचायत में हर घर नल से जल उपलब्ध कराने के लक्ष्य को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने का निर्देश दिया। लंबित कार्यों में तेजी लाने और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने का सख्त निर्देश दिया। फील्ड स्तर पर लगातार निगरानी के लिए कहा। अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देश दिया कि जहां भूमि उपलब्धता की समस्या है। संबंधित विभाग से मिलकर निराकरण कराएं। बैठक में अधिशासी अभियंता जल निगम अरविंद कुमार यादव, संबंधित विभागों के अधिकारी, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि और जल जीवन मिशन से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे।

### मंडी में अलाव की व्यवस्था नहीं

**गोशाईगंज।** पछुआ हवाएं चल रही हैं। सूरज के दर्शन नहीं हुए। ठंड का प्रकोप बढ़ रहा है, लेकिन मंडी में अलाव की व्यवस्था नहीं की गई। मंडी के व्यापारी चांद बाबू, सूर्य नारायण विश्वकर्मा, राजू सिंह सहित स्थानीय लोगों ने मांग की है कि मानवीय आधार पर अलाव और कंबल वितरण की व्यवस्था की जाए।

### समारोह के बीच मनाई जाएगी भारत रत्न अटल बिहारी की जयंती

**अयोध्या।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजेपयी की जयंती समारोह के बीच मनाई जाएगी। बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलो में से कक्षा आठ के विद्यार्थियों के बीच अटलजी एवं सुशासन विषय पर निबन्ध लेखन प्रतियोगिता एक हजार शब्दों में होगी। आयोजन सभी विद्यालयों में किया जाएगा। इसके साथ अन्य कार्यक्रम भी होंगे।

### स्थान्तरित पुलिस कर्मियों को दी विदाई

**शुजागंज। अयोध्या, अमृत विचार :** गैर जनपद स्थानांतरित हुए पुलिस कर्मियों को शुक्रवार को रुदौली कोतवाली परिसर में भावपूर्ण विदाई दी गई। स्थानान्तरित उपनिरीक्षक दीपशिखा सिंह, हेड कांस्टेबल अशोक यादव, हेड कांस्टेबल मनोज चौधरी एवं हेड कांस्टेबल अनुज यादव के कार्यकाल की सराहना की गई। विदाई समारोह में प्रभारी निरीक्षक सहित सर्किल के सभी चौकी प्रभारी व पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# जसिता केरकेट्टा समेत तीन माटी रतन सम्मान से गए नवाजे

## शहीद अशफाक उल्ला खां के प्रपौत्र शादाब उल्ला खां रहे मुख्य अतिथि, कहा शहीदों के सपनों का बने देश

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अशफ़ाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान द्वारा वर्ष 2025 का प्रतिष्ठित माटी रतन सम्मान से जसिता केरकेट्टा, शिवमूर्ति व फरहान हनीफ को सम्मानित किया गया। काकोरी एक्शन शताब्दी वर्ष पर आयोजित शहादत दिवस समारोह में प्रेस क्लब में यह सम्मान दिया गया। मुख्य अतिथि अमर शहीद अशफ़ाक उल्ला खा के प्रपौत्र शादाब उल्ला खां ने शहीद के विचारों से अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि शहीदों की लड़ाई देश को खुशहाल, सुशिक्षित, संगठित, और रोजगारपरक बनाने की थी।



माटी रतन सम्मान समारोह में जसिता केरकेट्टा, शिवमूर्ति व फरहान हनीफ को सम्मानित करते निदेशक सूर्यकांत पांडेय। अमृत विचार

वह देश को एकजुट संगठित होकर समाजवादी समाज बनाना चाहते थे। उनके सपनों को ध्वस्त कर दिया गया। उन्होंने शहीदों के सपनों का देश बनाने पर जोर दिया। संस्थान के निदेशक सूर्यकांत पांडेय ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि क्रांतिकारी आन्दोलन में मुखबिरी करने वालों की सम्पत्ति जप्त करके शहीदों के परिवारों में बांटी जाए।

समारोह में गीता देवी पाण्डेय स्मृति निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पाने वाले अभिषेक त्रिपाठी, रितेश कुमार, कशफ फातिमा तथा सांत्वना पुरस्कार दिव्याशी मिश्र को दिया गया। डॉ. शैलेश पाण्डेय स्मृति सामान्य ज्ञान में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले आदित्य, अछय प्रताप कनौजिया, आरोही मिश्र को तथा अवनी पाण्डेय को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। समारोह में पूर्व मंत्री पवन पाण्डेय, स्वप्निल श्रीवास्तव, रघुवंश मणि, कृष्ण प्रताप सिंह, दान बहादुर सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।



अमर शहीद अशफाक उल्ला खां के बलिदान दिवस पर मार्च निकालते लोग।

### याद करो कुर्बानी मार्च निकला

**अयोध्या, अमृत विचार :** शहीद भगतसिंह स्मृति ट्रस्ट द्वारा काकोरी एक्शन की शताब्दी अवसर पर काकोरी एक्शन के महानायक अमर शहीद अशफाक उल्ला खां के शहादत दिवस पर पुष्पराज चौराहे से जेल तक याद करो कुर्बानी मार्च निकाला गया। कारागार स्थित शहीद अशफाक उल्लाह खान की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। शहीद भगतसिंह स्मृति ट्रस्ट के चेयरमैन सत्यभान सिंह जनवादी ने कहा संगठित मार्च का उद्देश्य काकोरी कांड के अमर शहीदों के बलिदान को याद करना है। कवि डॉ. विशाल श्रीवास्तव, आर डी आनंद, संपादक डॉ. सुमन गुप्ता ने क्रांतिकारियों के योगदान को भारत की आजादी का सबसे अहम हिस्सा बताया। इस मौके पर शायर मुजम्मिल फ़िदा, बाबूराम गौड़, रामदास सरल, पूजा श्रीवास्तव, बीएसएनएल यूनियन से तिलकराज तिवारी, सामाजिक क्रांति मोर्चा के अध्यक्ष रामकुमार यादव, समाजवादी महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष अपर्णा जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# शारदा नहर का पौसरा रजबहा सूखा, सिचाईं का संकट

**गोशाईगंज, अमृत विचार:** मयाबाजार ब्लॉक अंतर्गत शारदा सहायक नहर से निकले पौसरा रजबहा में पानी न आने से क्षेत्र के किसान संकट में हैं। सिंचाई के अभाव में गेहूं, मटर, सरसों और आलू जैसी रबी की फसलें प्रभावित हो रही हैं। रमनपट्टी, टंडौली, बैहारी, कस्बा पौसरा, लालपुर और महबूबगंज गांवों के किसान वीरेंद्र दुबे, शैलेंद्र तिवारी, बांकेलाल चौरसिया, श्याम सुंदर मिश्रा, मंगल मौर्य और अनूप मौर्य ने कहा कि समय से सिंचाई नहीं हुई तो रबी फसलों की उपज चौथाई रह जाने का खतरा है। इससे भारी आर्थिक नुकसान होगा। नहर विभाग के जेई आरके गौतम ने बताया कि शारदा सहायक नहर पर पुल निर्माण कार्य चल रहा है। कार्य को रोककर जल्द ही हेडिंग से पानी छोड़ा जाएगा।



मया बाजार विकासखंड अंतर्गत सूखी पड़ी शारदा सहायक नहर।

# मेडिकल एसोसिएशन का पलटवार, विरोध में बंद रखी दुकानें

अयोध्या कार्यालय।

- मेडिकल कॉलेज में कथित अनाधिकृत से विवाद और पिटाई का मामला
- दूसरे पक्ष ने भी दिया प्राचार्य को प्रार्थना पत्र

**अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में गुरुवार को एक कथित अनाधिकृत व्यक्ति बताकर हुए विवाद और पिटाई के मामले में शुक्रवार को राजर्षि दशरथ मेडिकल एसोसिएशन ने भी पलटवार किया है। एसोसिएशन ने गुरुवार की घटना को सोची समझी साजिश बताते हुए कॉलेज के आसपास मेडिकल स्टोर बंद रख प्रदर्शन कर विरोध जताया। वहीं इस मामले में गुरुवार को शिकायती पत्र देने वाले दूसरे पक्ष के नरसिंह द्वारा प्राचार्य को पुनः पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने डॉ. संतोष पर 7200 रुपये की दवा मंगाने का आरोप लगा जांच की मांग की।



दवा की दुकानें बंद रख प्रदर्शन करते संगठन के सदस्य। अमृत विचार

मेडिकल कॉलेज में गुरुवार को दूसरे पक्ष ने एक डॉक्टर पर आरोप लगाते हुए एक युवक को दलाल बता कर पीट दिया था। पुलिस चौकी और कोतवाली में मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर भी दी गई थी। इसके विरोध में शुक्रवार को राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज एसोसिएशन द्वारा अयोध्या कोतवाली में प्रार्थना देकर घटना के आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई है। एसोसिएशन ने आरोप लगाया है कि नरसिंह निवासी कुमारगंज द्वारा एक अज्ञात व्यक्ति के साथ शशांक मिश्रा को पीटा गया और दबाव डालकर गलत वीडियो के जरिए जबरन बयान लिया गया। जिसे मीडिया में वायरल किया गया। एसोसिएशन ने इसकी कड़ी निंदा करते हुए आरोप लगाया है कि 50 हजार की मांग की गई और धमकी दी गई। एसोसिएशन ने बताया कि इसी के विरोध में शुक्रवार को मेडिकल स्टोर पूरी तरह बंद रखे गए। मांग है कि दूसरा पक्ष सीओ और एसओ के समक्ष आकर माफी मांगे। वहीं दूसरे पक्ष नरसिंह ने प्राचार्य को दिए गए शिकायती पत्र में एक चिकित्सक और अनाधिकृत के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है। प्राचार्य को दिए पत्र में कहा गया है कि अनाधिकृत लोगों और मेडिकल कॉलेज में पनपे रैकेट पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। प्रदर्शन के दौरान मेडिकल एसोसिएशन के संरक्षक विनय तिवारी, विशाल यादव, अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह बाबा, उपाध्यक्ष रोहित बिजलानी व अन्य मौजूद थे।

> डॉ. संतोष पर तो कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए डीएनबी के मानकों का भी अध्ययन किया जा रहा है। विभागाध्यक्ष के साथ सोमवार को डॉ. संतोष को तलब किया है। अब ओटी में किसी भी तरह के सामान के खत्म होने की जिम्मेदारी स्टोर इंचार्ज की होगी। दलाली किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं। मुझे अभी शिकायती पत्र प्राप्त नहीं हुआ है।
> **-डॉ. सत्यजीत वर्मा, प्राचार्य।**

# नीलकंठ मैरिज लॉन में श्री अवधधाम महोत्सव का श्रीगणेश

## पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने किया उद्घाटन, 15 दिन तक रहेगी सांस्कृतिक उत्सवों की धूम

अयोध्या कार्यालय।

**अयोध्या :** अयोध्या में सांस्कृतिक विरासत को जीवंत करने वाले श्री अवधधाम महोत्सव का भव्य शुभारंभ शुक्रवार को नाका क्षेत्र स्थित नीलकंठ मैरिज लॉन में हुआ। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने फीता काटकर महोत्सव का उद्घाटन किया।

पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि अवध महोत्सव की चमक देश के कोने-कोने में बिखरेगी। मोहित महाराज व आयोजन मंडल के सदस्यों को इस बड़े कार्यक्रम को लेकर बधाई देता हूं। ऐसे महोत्सव न केवल स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि रामनगरी की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होते हैं। पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा व आकाशमणि त्रिपाठी ने भी आयोजन समिति को बधाई दी। महोत्सव के अध्यक्ष मोहित महाराज ने कहा कि कार्यक्रम के प्रेरणा स्रोत अशोक तांडव रहे, जिनके मार्गदर्शन और अथक प्रयासों से इस महोत्सव को भव्य स्वरूप प्रदान किया गया है। कहा कि 15 दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में प्रतिदिन विविध सांस्कृतिक और मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें भजन संध्या, कवि सम्मेलन, नृत्य प्रतियोगिताएं, गायन कार्यक्रम, फैशन शो, भोजपुरी नाइट, अवधी नाइट जैसी विशेष रात्रियां शामिल हैं। इसके अलावा सांस्कृतिक एवं साहित्यिक कार्यक्रमों का आयोजन भी होगा। उद्घाटन समारोह में आयोजन समिति के उपाध्यक्ष किशन प्रजापति, शुभांकर वर्मा, वैभव शुक्ला, पारुल शर्मा, चंचल मोदनवाल, अनुष्का गुप्ता, मंतसारी जावान, अमन यादव, सौरव वर्मा, ओम रमानी सहित कई अन्य सहयोगी साथी शामिल रहे।





महोत्सव को संबोधित करते पूर्व सांसद लल्लू सिंह व साथ में मोहित महाराज व अन्य। पहले दिन युवाओं को सम्मानित किया गया।

### युवाओं में चढ़ा सेल्फी फीवर

महोत्सव में पहले दिन बड़ी संख्या में पहुंचे कभी दोस्तों के साथ तो कभी मंच के निकट पूर्व सांसद के पास पहुंचकर सेल्फी लेते रहे। इस दौरान प्रतियोगिताओं के मेधावी युवाओं को सम्मानित भी किया गया।

# संदिग्ध हालात में फंदे से लटका मिला युवती का शव, लगाया हत्या का आरोप

शाहगंज अयोध्या।

- बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के सराय भनौली पूरे नियाई गांव की घटना

**अमृत विचार :** कोतवाली बीकापुर के ग्राम पंचायत सराय भनौली नियाई गांव में युवती का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फंदे से लटका मिला। मृतका की मां ने पड़ोसियों पर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया।

मृतका की मां बताया कि उनकी दो बेटियां हैं। पति दिल्ली में राजगीर का काम करते हैं, जबकि वह दोनों बेटियों के साथ गांव में रहकर गुजर-बसर करती हैं। वह गुरुवार को वह अपनी छोटी बेटी के साथ गन्ना छीलने गई थीं, जबकि बड़ी बेटी शिवानी( 18 ) घर का काम करने के लिए रुक गई थी। शाम करीब सात बजे जब वह वापस लौटीं तो देखा की कमरे में की छत पर रस्सी के फंदे के सहारे शिवानी का शव लटक रहा है। कोतवाली बीकापुर के प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र बहादुर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। मृतका की मां ने अपने पड़ोसी पर बेटी की हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि इनसे काफी समय से जमीन विवाद चल रहा था, जिसकी जानकारी पूर्व में पुलिस को भी दी जा चुकी है। मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी बीकापुर पीयूष पाल ने परिजनों को आश्वस्त किया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## निर्माण के 11 दिन बाद टूट गई सड़क, लोगों में आक्रोश

**पूराबाजार, अमृत विचार:** चांदपुर रजबहा माइनर की पटरी पर मरम्मत होने वाला मार्ग 11 दिन बाद ही उखड़ने लगा। इसके चलते स्थानीय लोगों में नाराजगी है। अयोध्या-प्रयागराज मार्ग से नैपुरा, दोस्तपुर, मिर्जापुर निमोली, चांदपुर सहित 25 गांव के लोगों का आवागमन इसी मार्ग से है। नैपुरा के पूर्व प्रधान राम भरत पांडे, सुशील मौर्य, सुकईराम, पिंटू पांडे आदि ने बताया कि मार्ग के मरम्मत का कार्य चार दिसंबर से से शुरू हुआ था। अब जगह-जगह सड़क टूट गई, गिट्टियां सड़क पर बिखर गई है। इतने कम दिन में यदि सड़क टूट गई तो मरम्मत का क्या मतलब है? कहा कि यदि सड़क का कार्य दोबारा नहीं कराया गया तो हम लोग विभागीय अधिकारियों का घेराव करेंगे। अवर अभियंता सिंचाई विभाग अजय पाल ने बताया मरम्मत का कार्य मौसम ठंडा होने के चलते अभी बंद कर दिया गया है, धूप खुलने पर पुनः कार्य प्रारंभ होगा। जहां भी सड़क टूटी हैं उसे दोबारा बनाया जाएगा।

# एसआईआर में मतदाताओं की मैपिंग में छूट रहा पसीना

अयोध्या कार्यालय।

- मतदाता बनने को गणनाप्रपत्र के नाम 2003 की सूची से मिलान जरूरी

**अमृत विचार:** विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण में मतदाताओं की मैपिंग में अधिकारियों-कर्मचारियों को पसीने छूट रहे हैं। आम लोगों से सहयोग की अपेक्षा खरी नहीं उतर रही है। 2003 की सूची से मतदाता का नाम मिला पाना मुश्किल का सबब बन गया है। खासतौर से स्थान बदल कर दूसरे जिले या दूसरे स्थान पर रहने वालों का नाम मिलाना टेढ़ी खीर हो गया है। हाल पूरे जिले का एक जैसा है। हालांकि निर्धारित समय में काम पूरा किए जाने का दावा है।



### क्या है व्यवस्था

व्यवस्था यह है कि एसआईआर में गणना प्रपत्र भरने वालों का नाम नई सूची में शामिल करने के लिए साल 2003 की सूची से मिलाया जाए। पुरानी सूची का डिटेल देना होगा। ऐसा न होने पर आलेख्य प्रकाशन में मतदाता का नाम शामिल नहीं हो सकता। नाम शामिल न होने की की स्थिति में वह मतदाता नहीं बन सकता है।

### क्या है विकल्प

सूची में नाम न मिलने पर आयोग ने 13 विकल्प दिए हैं। इनमें हाईस्कूल की अंकतालिका, साल 1987 से पहले का राशनकार्ड में नाम, साल 1987 के पहले की बैंक पासबुक, इसी दौरान का जन्म प्रणाम पत्र आदि कागज देने होंगे। खास बात यह है कि पुरानी सूची के लिए लोगों के लिए आधार कार्ड इसके लिए मान्य नहीं है।

### झेलनी पड़ रही कई तरह की दुश्वारियां

गणना प्रपत्र भर दिया। 2003 का डिटेल नहीं है। मिलान के लिए बीएलओ को कई घरों से अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है। नाम न लिखने बीएलओ व्यथा बताते हैं, पहले उनसे पूछताछ होती है। कहां से, कौन हो। परिचय पत्र दिखाओ। 2003 में निवास भी नहीं बता पाते। स्थिति यह है। बहुत से लोग नए स्थान पर बसे हैं। साल 2025 की मतदाता सूची में मतदाता हैं लेकिन वह 2003 में रहने का स्थान भी नहीं बता पा रहे हैं। मैपिंग के लिए दूसरे जिलों की सूची से नाम तक खोजे जा रहे हैं।

### दलों का सहयोग केवल कहने भर को

राजनीतिक दलों का सहयोग न के बराबर है। दिखावे के लिए बैठकें हो रही हैं। एक अफसर ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि क्या कहें, केवल शिकायत आती है। जमीन पर सूची साझा होने के बाद भी सहयोग नहीं मिल पा रहा है। सरकारी काम माना जा रहा है। सच्चाई यह भी है कि फिलहाल कोई चुनाव अभी नहीं है इसलिए भी शिथिलता है। आज सूची कोई दुरुस्त कराए, टिकट किसी ओर के हत्थे लग जाए। चर्चा यह भी है।



एफपीएस में छात्रों को एनडीए व भारतीय सेना के लिए उत्साहवर्धन करते लेफ्टिनेन्ट प्रतीक गुप्ता

### लेफ्टिनेंट प्रतीक का हुआ अभिनन्दन

**अयोध्या, अमृत विचार :** भारतीय थल सेना में लेफ्टिनेन्ट प्रतीक गुप्ता का शुक्रवार को फैजाबाद पब्लिक स्कूल में अभिनन्दन किया गया। प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार मिश्र ने लेफ्टिनेंट प्रतीक को बुके भेंट कर स्वागत किया। नगर के लालबाग निवासी पंकज गुप्ता के पुत्र प्रतीक ने वर्ष 2020 में एनडीए परीक्षा में सफलता हासिल की और आइएमए से उत्तीर्ण हो राजस्थान में भारतीय सेना में बतौर लेफ्टिनेन्ट तैनात हुए। उन्होंने एफपीएस के छात्र-छात्राओं को एनडीए परीक्षा और एसएसबी के तीन चरणों ग्रुप टेस्टिंग, ऑफ़िसर, मनोवैज्ञानिक व साक्षात्कार के पहलुओं के बारे में जानकारी दी। विद्यालय अध्यक्ष जरीना ख़ान, प्रबंधक उमर मुस्तफ़ा ख़ान, संयोजिका सदफ इक़बाल आदि मौजूद रहे।

हालात | केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए बीएसए का अजब-गजब आदेश

# शिक्षकों के लिए एक आदेश बना जी का जंजाल

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद का एक आदेश गुरुवार से पूरे विभाग न केवल चर्चा का विषय बना हुआ है बल्कि खूब वायरल भी हो रहा है। फरवरी में आयोजित केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर दिए गए इस आदेश को लेकर शिक्षकों के सामने अजब-गजब हालात बन गए हैं। इस आदेश में परीक्षा के लिए विशेष अवकाश स्वीकृत न करने की बात कहीं गई है तो वहीं स्कूल संचालन प्रभावित होने पर अनुमति आदेश निरस्त होने की बात कही गई है।

आदेश को लेकर केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा के अर्ह अभ्यर्थी शिक्षक अब परेशान हैं कि आठ फरवरी को आयोजित परीक्षा देने कैसे जाएं, गैर जिलों में सेंटर है गए तो शिक्षण कार्य बाधित होगा तब प्रतिबंध के साथ दिया गया अवकाश भी निरस्त कर दिया जाएगा। ऐसे में विभाग द्वारा कोई भी कार्रवाई की जा सकती है। शिक्षक मनोज मिश्रा ने बताया कि उनका परीक्षा केंद्र प्रयागराज में हैं। सुबह नौ बजे से परीक्षा है, वापस लौटना भी मुमकिन नहीं है। ऐसे में क्या करें समझ नहीं आ रहा है। इसी तरह अन्य शिक्षक भी परेशान है। शिक्षक अशोक कुमार ने बताया कि इसे लेकर शिक्षकों ने बीएसए के यहां फिर प्रत्यावेदन प्रस्तुत किया है।



**कैसे देने जाएं आठ फरवरी को होने वाली परीक्षा**

> बेसिक शिक्षा अधिकारी का आदेश और भाषा भ्रमित कर रही है। सीधे विशेष अवकाश न देने के साथ स्कूल शिक्षण कार्य व्यवस्था कर परीक्षा की अनुमति दी जानी चाहिए थी। इसे दिखवाया जा रहा है। **-कौस्तुभ सिंह, एडी बेसिक।**

### जानिए क्या है आदेश

कार्यालय आदेश, जनपद के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक/ शिक्षिकाओं द्वारा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा 2025 में प्रतिभाग करने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है। अस्तु सम्बन्धित शिक्षक/ शिक्षिकाओं को उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति इस प्रतिबन्ध के साथ प्रदान की जाती है कि केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा 2025 में प्रतिभाग करने हेतु कोई विशेष अवकाश प्रदान नहीं किया जायेगा एवं विद्यालय के शिक्षण कार्य में किसी प्रकार व्यवधान उत्पन्न होने पर अनुमति स्वत: निरस्त मानी जायेगी।
**- जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अयोध्या।**

> बेसिक शिक्षा अधिकारी का आदेश उचित नहीं है। केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा आवश्यक है। परीक्षा के लिए सीधी अनुमति दी जानी चाहिए।
> **-अवधेश कुमार सिंह, अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ।**

## परिवारीजनों ने कार्रवाई में देर पर जताया आक्रोश

**अयोध्या, अमृत विचार :** साकेतपुरी स्थित निर्मला हॉस्पिटल व मैटरनिटी सेंटर में इंजेक्शन के ओवरडोज से सरोज कौशल की मौत के बाद से परिवारीजनों में खासा उबाल है। उन्होंने शुक्रवार को सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बनियान से मुलाकात कर कार्रवाई में हो रहे विलंब को लेकर आक्रोश व्यक्त किया। पुत्र सुशील कौशल ने कार्रवाई तेज करने की मांग करते हुए कहा कि हमें सिर्फ इंसाफ चाहिए। डॉ. बनियान ने उन्हें उचित कार्रवाई का भरोसा दिया।

# खाटू श्याम प्रभु के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

अयोध्या कार्यालय।

- 58वें श्री श्याम महोत्सव का समापन, बाबा का सजाया भव्य दरबार

**अमृत विचार :** वजीरगंज स्थित मारवाड़ी भवन ट्रस्ट परिसर में श्री श्याम सेवा मण्डल के तत्वावधान में 58वें श्री श्याम महोत्सव और भजन संध्या का समापन गुरुवार हुआ। देर रात तक खाटू श्याम प्रभु के भजनों पर श्रद्धालु झूमते रहे। इस दौरान बाबा खाटू श्याम का भव्य दरबार व श्री रानी सती दादी व श्री सालासर जी महाराज की भव्य झांकी सजाई गई।

भक्तों ने छप्पन भोग लगाकर और अखंड ज्योति प्रज्वलित कर बाबा की आरती की। अहमदाबाद से आए नंद किशोर शर्मा (नंदू भैया), जयपुर से आए संजय पारिक और श्री श्याम सेवा मण्डल अयोध्या के पप्पू सांवरिया, श्याम अग्रवाल, वंदन मिश्रा आदि कलाकारों ने श्री खाटू नरेश प्रभु की महिमा, भक्ति और आस्था से जुड़े भजनों की सशक्त प्रस्तुतियां दीं। संरक्षक श्रीनिवास अग्रवाल, महामंत्री रवि डालामिया, उपाध्यक्ष नीरज सिंघल, सौरभ अग्रवाल, मंत्री विपिन सिंघल, प्रसन्न खंडेवाल व कार्यक्रम संयोजक अमित गोयल ने कलाकारों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का आयोजन श्री श्याम सेवा मण्डल के अध्यक्ष बृज किशोर गोयल के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान रितेश गोयल, संजय मित्तल, अतुल पचेरीवाला, राजेश बंसल, अनिल मित्तल समेत भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।



मारवाणी सदन में सजा बाबा खाटू श्याम का भव्य दरबार।

# राजभवन के टारगेट पर आया अवध विश्वविद्यालय

## नैक मूल्यांकन को लेकर बड़ी कमियां उजागर, राजभवन की निगरानी में होगी तैयारी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय नेशनल असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन काउंसिल नैक मूल्यांकन की तैयारी को लेकर अब राजभवन के निशाने पर आ गया है। कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की सख्ती के बीच राजभवन द्वारा की गई मैराथन समीक्षा बैठक में विश्वविद्यालय की कई गंभीर कमियां सामने आई हैं। इन कमियों के खुलासे के बाद राजभवन ने साफ कर दिया है कि अब उसके अधिकारी विश्वविद्यालय में कैंप करेंगे और नैक मूल्यांकन की पूरी तैयारी कराएंगे। साथ ही, कमियां पाए गए आठ विभागों को नोटिस जारी करने का फैसला लिया गया है।



कुलाधिपति राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा गुरुवार को विश्वविद्यालय का दौरा किया गया और कौटिल्य प्रशासनिक भवन में लंबी समीक्षा बैठक की। इस दौरान नैक के सातों क्राइटेरिया पर विश्वविद्यालय की तैयारियों की गहन पड़ताल हुई। टीम ने पाया कि कई विभागों में दस्तावेजीकरण अपूर्ण है, रिसर्च एक्टिविटी कमजोर है, इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार की जरूरत है और शिक्षण व्यवस्था में शक्ति का केंद्रीकरण जैसी समस्याएं हैं। विशेष रूप से आठ विभागों में गंभीर अनियमितताएं मिलीं, जिनमें संसाधनों का उचित उपयोग न होना, प्रमाणित दस्तावेजों की कमी और अंतरराष्ट्रीय स्तर की गतिविधियों का अभाव प्रमुख हैं।

> कुलाधिपति की बैठक के बाद तैयारी दुरुस्त की जा रही है। कोई लापरवाही नहीं है कुछ कमियों को इंगित किया गया है। राजभवन के अधिकारी विश्वविद्यालय में निरंतर आते रहते हैं और समीक्षा कर रहे हैं।
> –विनय कुमार सिंह, कुलसचिव।

राजभवन के विशेष कार्याधिकारी की अगुवाई वाली टीम ने कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह सहित सभी विभागाध्यक्षों से विस्तृत चर्चा की। राज्यपाल के दिशा-निर्देशन में यह कवायद उच्च शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में की जा रही है। टीम ने निर्देश दिए हैं कि छह-सात मापदंडों पर तुरंत सुधार किया जाए, अन्यथा सख्त कार्रवाई होगी। अब राजभवन के अधिकारी विश्वविद्यालय में लंबे समय तक रहकर तैयारी की निगरानी करेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसे गंभीरता से लेते हुए सभी संयोजकों को समयबद्ध तैयारी पूरी करने के आदेश दिए हैं। कुलपति डॉ बिजेन्द्र सिंह ने निर्देश दिए हैं कि नैक में उत्कृष्ट ग्रेड हासिल करना प्राथमिकता है। इससे पहले राजभवन ने विश्वविद्यालय से पिछले पांच वर्षों (2020-2025) का पूरा रिकॉर्ड भी तलब किया था। प्रदेश में नैक मान्यता को बढ़ावा देने के अभियान के तहत यह कार्रवाई अहम मानी जा रही है।

## छात्राओं को नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए किया जागरूक

**जिला संवाददता, अंबेडकरनगर।** मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद के लगभग सभी माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं को नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए जागरूक किया गया। प्रमुख रूप से राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अकबरपुर, राजकीय बालिका हाईस्कूल फरीदपुर कुतुब, टांडा राजकीय हाईस्कूल बड़ेपुर, राजकीय इंटर कॉलेज नगर पालिका परिषद टांडा, राजकीय हाईस्कूल कहर सलेमपुर, राजकीय हाईस्कूल लखनपुर, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जलालपुर, सावित्रीबाई फुले राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कुर्की बाजार, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज नगर पालिका परिषद टांडा आदि में कार्यक्रम कराया गया। जिसके अंतर्गत छात्राओं में नेतृत्व क्षमता का विकास कैसे हो इसके बारे में विस्तार से चर्चा की गई।

# राष्ट्रीय विद्यालयी खो-खो प्रतियोगिता की ट्रॉफी का अनावरण



राष्ट्रीय विद्यालयीय खो-खो प्रतियोगिता की ट्रॉफी व शुभांकर शेरा का अनावरण करते मंडलायुक्त राजेश कुमार व अन्य।

अयोध्या कार्यालय

- देश भर से 68 बालक-बालिका टीमें कर रही हैं प्रतिभाग

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश की देखरेख में शनिवार से होने वाली राष्ट्रीय विद्यालयी खो-खो अंडर-17 बालक-बालिका प्रतियोगिता की ट्रॉफी का अनावरण समारोह शुक्रवार को मंडलायुक्त सभागार में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मंडलायुक्त राजेश कुमार ने प्रतियोगिता की चमचमाती विजेता व उपविजेता ट्रॉफी सहित प्रतियोगिता का शुभांकर शेरा का अनावरण किया।

मुख्य अतिथि मंडलायुक्त राजेश कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय विद्यालयीय खो-खो प्रतियोगिता आयोजन का अवसर अयोध्या के लिए गौरव की बात है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक देश के विभिन्न प्रांतों की 68 बालक व बालिका टीमों के खिलाड़ियों का विभिन्न भाषा व संस्कृति का एक मैदान पर यहां एकजुट होना और देश की एकता व अखंडता की अनूठी मिसाल है। आयोजन सचिव संयुक्त शिक्षा निदेशक योगेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि शनिवार से आयोजित पांच दिवसीय प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह दोपहर साढ़े 11 बजे जीआईसी मैदान में होगा।

प्रतियोगिता के मैच जीआईसी व मकबरा स्टेडियम में खेले जाएंगे। उद्घाटन समारोह में खो-खो खेल में अर्जुन अवार्ड से सम्मानित अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सारिका फूले विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगी। 24 दिसम्बर को प्रतियोगिता का समारोहपूर्वक समापन होगा। डीआइओएस डॉ. पवन कुमार तिवारी ने कहा कि प्रतिभागी 830 खिलाड़ी व 320 प्रशिक्षकों के आवास की व्यवस्था नगर के विभिन्न होटलों में की गई। जहां से बस द्वारा प्रतियोगिता स्थल तक आवगमन की व्यवस्था होगी। मंडलीय विद्यालयीय क्रीड़ा समिति के सचिव धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए एसजीएफआई के तकनीकी निर्णायक, शिक्षा विभाग के टूर्नामेंट डायरेक्टर सहित खो-खो फेडरेशन उत्तर प्रदेश के निर्णायकों की देखरेख में प्रतियोगिता आयोजित होगी। इस अवसर पर आयोजन समिति के शिक्षक मौजूद रहे।

## कुलाधिपति की ओर से निराश्रितों के लिए भेंट की गई सामग्री वितरित



राजकीय महिला शरणालय भीखापुर में निराश्रितों को कुलाधिपति द्वारा प्रदत्त सामाग्री देते कुलसचिव विनय कुमार सिंह।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय द्वारा राजकीय महिला शरणालय, भीखापुर में रह रहे संकटग्रस्त, निराश्रित, एवं घरेलू हिंसा या नैतिक संकट से पीड़ित महिलाओं को कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की तरफ़ से गर्म कपड़े, रजाई, एवं रूम हीटर का वितरण विश्वविद्यालय के अधिकारियों द्वारा किया गया। कुलसचिव विनय कुमार सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय परिवार नैतिक दायित्वों के तहत महिला शरणालय में रह रही महिलाओं व अनाथ बच्चों को यह सहयोग भविष्य में भी करता रहेगा। इस अवसर पर वित्त अधिकारी पूर्णेंदु शुक्ला, उप-कुलसचिव अजय कुमार गौतम, डॉ. रीमा श्रीवास्तव, डॉ. दिनेश कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

# सड़क किनारे गिराया जा कूड़ा प्रदूषण से बस्ती के लोग परेशान

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** नवसृजित नगर पंचायत खिरौनी से निकलने वाला कूड़ी कचरा निस्तारण की व्यवस्था नहीं है। इसे सड़क किनारे फेंका जा रहा है। प्रदूषण बढ़ रहा है। राहगीर परेशान हैं।

> मामला नगर पंचायत खिरौनी सुचित्तागंज का

नगर पंचायत क्षेत्र से निकलने वाला कूड़ी कचरा पहले सुचित्तागंज-नउवा कुंआ मार्ग पर मां ज्वाला से पांच सौ मीटर आगे गिराया जा रहा था। इससे आने जाने वाले लोग नाक पर रूमाल रखकर निकलते थे। इसे फूंका गया। इसके बाद कचरा यहां फेंका जाना बंद हो गया। इसका बड़ा कारण बताया गया कि ब्लॉक और नगर पंचायत कार्यालय को यही मार्ग जाता है। आते-जाते अफसर से नेता तक इसे देखते थे सो बचाव किया गया। अब इसे सुचित्तागंज-मसौधा मार्ग पर नहर पुल से लगभग पांच सौ मीटर दूर सड़क किनारे गिराया जा रहा है। पड़ोस में बस्ती है। दुर्गंध से लोग परेशान हैं। आसपास के रहने वाले किशोरी प्रसाद, राम कुमार, जय किशन आदि ने कहा कि कचरे से प्रदूषण बढ़ रहा है। इसके निस्तारण की व्यवस्था की जाना चाहिए। इस बावत नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी से संपर्क करने की कोशिश की गई तो बताया गया कि वह छुट्टी पर है।



सुचित्तागंज–मसौधा मार्ग पर नहर के पास गिराया गया कूड़ा।



हादसों को दावत दे रही टूटी पुलिया। अमृत विचार

## हाईवे पर टूटी पुलिया दे रही हादसों को दावत

**सोहावल, अमृत विचार :** रौनाही पंप कैनाल से निकली नहर पर अयोध्या- लखनऊ हाईवे से बनाई गई पुलिया अयोध्या–लखनऊ मार्ग पर किसी बड़े हादसे को दावत दे रही है। इस पुलिया का पूर्वी सिरा बीते पखवाड़े किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से टूट गया है, लेकिन अब तक इसकी मरम्मत नहीं कराई जा सकी है। पुलिया पहले से ही सड़क की चौड़ाई के अनुपात में बेहद संकरी है, जिसके चलते यहां अब तक कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। जान भी जा चुकी है। स्थानीय लोगों के अनुसार वर्तमान में घने कोहरे और अधिक यातायात के चलते किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। उन्होंने प्रशासन से पुलिया की मरम्मत कराने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। एनएचएआई/मेंटेनेंस विभाग के अधिकारी विनोद मिश्रा का कहना है कि शीघ्र मरम्मत कार्य कराया जाएगा।

# घर के सामने थूकने को लेकर हुए विवाद में युवक की हत्या

- सम्मनपुर थाना क्षेत्र के आस्ताबाद गांव में दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट में नौ लोग घायल

जिला संवाददता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** घर के सामने थूकने को लेकर विवाद में दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष में एक युवक की धारदार हथियार से वार कर निर्मम हत्या कर दी गई। घटना में दोनों पक्षों से नौ लोग घायल हुए हैं। क्षेत्राधिकारी और एडिशनल एसपी ने घटना स्थल का निरीक्षण कर मौजूद लोगों से जानकारी ली है। पुलिस ने हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज कर आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।



युवक की हत्या के बाद रोते–बिलखते परिजन और मौके पर मौजूद ग्रामीण।

बता दें कि सम्मनपुर थाना क्षेत्र के अस्ताबाद गांव के महेंद्र और सीताराम का परिवार आपस में पाटीदार है। गुरुवार रात में सीताराम की पत्नी शोभावती ने महेंद्र के घर के सामने थूक दिया। जिसका महेंद्र की पत्नी निशा ने विरोध किया। इसके बाद दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। लोगों के समझाने-बुझाने के बाद मामला शांत हो गया था। लेकिन कुछ देर बाद गाली-गलौज दोबारा शुरू हुआ और देखते ही देखते मामला खूनी संघर्ष में बदल गया। आरोप है कि सीताराम पक्ष से राजबली, सुभाष, गुलाब, शोभावती ने धारदार हंसिया और कुल्हाड़ी से महेंद्र पक्ष के ऊपर हमला बोल दिया। दोनों पक्षों के विवाद में बीच-बचाव करने पहुंचे पड़ोस के शैलेश को बी धारदार हथियार से वार कर मरणासन्न कर दिया गया। जिसे चिकित्सकों ने जिला अस्पताल में मृत घोषित कर दिया। विवाद में दोनों पक्षों से नौ लोग घायल हुए हैं। बीती रात में हुए खूनी संघर्ष में गांव में तनाव का माहौल है। महेंद्र पक्ष से कुंदन, विपिन, विजय बहादुर, मोनी तथा सीताराम पक्ष से शोभावती, सुभाष, राजबली, गुलाब घायल हुए हैं। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि वारदात में शामिल सभी आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## बालिका से छेड़छाड़ और मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** जनपद के थाना मालीपुर क्षेत्र में खेल रही 8 वर्षीय बालिका के साथ छेड़छाड़ तथा मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। घटना बीते गुरुवार की बताई जा रही है। पीड़िता के पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री एक व्यक्ति के घर के बगल खेल रही थी। इसी दौरान विपक्षी अजय शुक्ला पुत्र स्व. श्रीपति निवासी कैथी नसीरपुर थाना मालीपुर ने बच्ची को अकेला पाकर जबरन खींचकर एक कमरे में ले गया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। बच्ची के चिल्लाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बालिका को बचाया।

# वीडीओ भर्ती परीक्षा में धांधली के आरोपी को किया गया गिरफ्तार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** ग्राम विकास अधिकारी वीडीओ भर्ती परीक्षा-2018 में हुई गड़बड़ियों के मामले में एक बड़ी कार्रवाई सामने आई है। एसआईटी लखनऊ की टीम ने मामले में नामजद आरोपी अंकुर वर्मा को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक के विरुद्ध एसआईटी थाना लखनऊ में पहले से ही मुकदमा दर्ज था।

बता दें कि गिरफ्तार अभियुक्त अंकुर वर्मा जनपद के इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र के बलरामपुर गांव का निवासी है। जांच एजेंसियों के अनुसार अंकुर वर्मा की भूमिका वर्ष 2018 में आयोजित ग्राम विकास अधिकारी भर्ती परीक्षा में गंभीर अनियमितताओं से जुड़ी पाई गई है। इन्हीं गड़बडियों के चलते उस समय पूरी परीक्षा को निरस्त कर दिया गया था, जिससे हजारों अभ्यर्थियों का भविष्य अधर में लटक गया था। इस गिरफ्तारी से लंबे समय से न्याय की प्रतीक्षा कर रहे अभ्यर्थियों में एक बार फिर उम्मीद जगी है। एसआईटी और आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन ईओडब्ल्यू की टीम अब इस पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है। यह गिरफ्तारी आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन के इंस्पेक्टर संतोष सिंह विसेन एवं विश्वनाथ यादव के नेतृत्व में टीम द्वारा की गई। टीम ने आवश्यक कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया और आगे की पूछताछ शुरू कर दी है।

## लेखपाल के निलंबन के विरोध में धरना शुरू

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** नाम संशोधन किए जाने के बदले लेखपाल द्वारा तीन हजार रुपए मांगे जाने की लिखित शिकायत को संज्ञान लिए जाने पर उपजिलाधिकारी राहुल कुमार गुप्ता द्वारा निलंबित किए जाने से नाराज जलालपुर लेखपाल संघ ने जलालपुर तहसील परिसर में निलंबन वापस लिए जाने तक अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। बता दें कि ग्राम ताहापुर निवासी अनुराग पुत्र अनिल कुमार बीते 15 दिसम्बर को एसडीएम राहुल कुमार गुप्ता को लिखित शिकायती पत्र देकर बताया कि मेरे पिता की मृत्यु हो जाने के बाद वरासत कराने को लेकर लेखपाल ने 3 हजार रुपए की मांग की थी। मामले के लिखित शिकायत के बाद उपजिलाधिकारी ने हल्का लेखपाल को निलंबित कर दिया था।

# पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हुए हादसे में मां-बेटी की मौत

जलालपुर, अंबेडकरनगर

- एक्सप्रेसवे पर ऑटो से गिरने पर मां-बेटी को ट्रक ने कुचला

**अमृत विचार।** मां के त्रयोदशी संस्कार के बाद स्नान और पूजा-पाठ के लिए निकला एक परिवार पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक हादसे का शिकार हो गया। सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है।

मालीपुर थाना क्षेत्र के रुदौली माफी गांव निवासी परिवार दुर्वासा ऋषि दर्शन के लिए ऑटो से जा रहा था। आस्था और श्रद्धा से भरी यह यात्रा पल भर में मातम में बदल गई। घटना पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 187 और 188 के बीच की है। अचानक चलती ऑटो का गेट खुल गया, जिससे सोनी की तीन वर्षीय मासूम बेटी सोनाक्षी सडक़ की ओर गिरने लगी। अपनी बच्ची को बचाने के लिए मां सोनी 28 वर्ष पुत्री राम सलोनी ने बिना किसी हिचक के उसे थामने का प्रयास किया, लेकिन संतुलन बिगडऩे से मां और बेटी दोनों सडक़ पर जा गिरीं। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने दोनों को कुचल दिया। हादसा इतना भयावह था कि मां-बेटी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। आंखों के सामने यह मंजर देख ऑटो में सवार परिजनों में चीख-पुकार मच गई, वहीं राहगीर सन्न रह गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की खबर जैसे ही रुदौली माफी गांव पहुंची, वहां कोहराम मच गया। घर में पहले मां की त्रयोदशी और अब बेटी व नातिन की मौत से परिवार पूरी तरह टूट गया। मासूम सोनाक्षी की किलकारियां और मां सोनी की ममता हमेशा के लिए खामोश हो गईं। गांव में शोक की लहर है और हर आंख नम है।

## एक माह तक चलने वाला गोविंद साहब मेला शबाब पर

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।** जनपद की आलापुर तहसील में आयोजित पूर्वांचल का विख्यात बाबा गोविंद साहब मेला इन दिनों पूरे शबाब पर है। एक माह तक चलने वाले इस मेले में दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। मेले में प्रतिदिन हजारों की संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु बाबा गोविंद साहब स्रके दर्शन-पूजन कर मत्था टेक रहे हैं और अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने की कामना कर रहे हैं। यहां परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना की जा रही है, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। मेले परिसर में हर ओर भजन-कीर्तन और जयकारों की गूंज सुनाई दे रही है। यह मेला क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के साथ-साथ सामाजिक समरसता का भी प्रतीक बनकर उभर रहा है। स्थानीय प्रशासन द्वारा मेले के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ यातायात व्यवस्था को ठीक रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं।

# आजमगढ़ महोत्सव के लोगो, पोस्टर व थीम सॉन्ग किया गया जारी

संवाददाता, आजमगढ़

- पूरी पारदर्शी तरीके से कार्यक्रमों का कराया जायेगा आयोजन : जिलाधिकारी

**अमृत विचार।** आगामी 24 से 28 दिसंबर तक राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज आजमगढ़ के मैदान में आजमगढ़ महोत्सव-2025 का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को जिलाधिकारी रविंद्र कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में आजमगढ़ महोत्सव-2025 के लोगो, पोस्टर तथा थीम सॉन्ग को लॉन्च किया गया।



आजमगढ़ महोत्सव 2025 का पोस्टर जारी करते जिलाधिकारी रविंद्र कुमार। अमृत विचार

जिलाधिकारी ने बताया कि राजकीय पॉलिटेक्निक ग्राउंड में पांच दिवसीय आजमगढ़ महोत्सव-2025 का आयोजन किया जा रहा है। आजमगढ़ महोत्सव के दौरान मनोरंजन के साथ-साथ व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मनोरंजन कार्यक्रम में बाहर के कलाकारों के साथ-साथ लोकल कलाकारों को भी मंच उपलब्ध कराया जा रहा है। मेला ग्राउंड में फूड कोर्ट, झूले तथा ओडीओपी के प्रोडक्ट्स तथा स्थानीय बिजनेसमैन को भी प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया गया है, ताकि वे बेचने वाली सामग्री का स्टॉल लगाएं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि आजमगढ़ महोत्सव-2025 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। वहीं मुख्य कोषाधिकारी अनुराग कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बताया कि आजमगढ़ महोत्सव 2025 में 24 दिसंबर को 4:00 बजे से 7:00 तक स्कूली बच्चों के कार्यक्रम तथा स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुति की जाएगी तथा शाम 7:00 बजे से 9:00 तक अंजुम रहबर व अन्य द्वारा गजल संध्या की प्रस्तुति की जाएगी।

**सख्ती** | पीएम अजय योजना के अंतर्गत आदर्श ग्राम घटक की समीक्षा बैठक में ग्राम प्रधानों और सचिवों को जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

# गांवों में चयनित कार्यों को समय से करें पूर्ण : जिलाधिकारी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री अजय योजना के अंतर्गत आदर्श ग्राम घटक की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संबंधित ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने योजना अंतर्गत चयनित अवशेष ग्रामों की कार्ययोजना को शीघ्र पूर्ण कराने पर विशेष बल दिया। उन्होंने ग्राम प्रधानों को कार्ययोजना में सम्मिलित किए जाने वाले कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए निर्देशित किया कि सभी चयनित कार्यों की कार्ययोजना निर्धारित समयावधि में पूर्ण कर जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास को तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री अजय योजना गांवों के समग्र विकास की एक महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्रामों की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप कार्ययोजनाएं तैयार की जाएं, जिससे गांवों में रोजगार के अवसर विकसित हों तथा युवाओं को रोजगार के लिए बाहर पलायन न करना पड़े। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, परियोजना अधिकारी डीआरडीए अनिल कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित संबंधित ग्रामों के ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे।



प्रधानमंत्री अजय योजना की समीक्षा करते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और साथ में सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला। अमृत विचार

## ठंड के चलते 12वीं तक के स्कूल 20 तक रहेंगे बंद

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** जनपद में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे ने जन जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। सुबह के समय दृश्यता शून्य हो गई, जिसके कारण सडक़ों पर वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई। कई जगहों पर वाहन रेंगते हुए नजर आए। कोहरे और ठंड के कारण सडक़ों पर सन्नाटा पसरा रहा। जनपद में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेलिसयस और न्यूनतम तामपमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जिला प्रशासन ने शुक्रवार को शीतलहर के चलते जनपद में संचालित कक्षा 1 से 12 तक के सभी सरकारी और गैर-सरकारी विद्यालयों को 20 दिसंबर तक बंद रखने का आदेश जारी किया है। यह आदेश सभी बोर्डों के विद्यालयों पर समान रूप से लागू होगा। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने बताया कि पिछले तीन दिनों से जनपद में ठंड लगातार बढ़ रही है। सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने से दृश्यता काफी कम हो जाती है, जिससे स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि मौसम की गंभीरता को देखते हुए पहले विद्यालयों के समय में परिवर्तन किया गया था। हालांकि स्थिति में सुधार न होने के कारण अब एक दिन के लिए पूर्ण अवकाश घोषित करने का निर्णय लिया गया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सभी विद्यालयों को इस आदेश का कड़ाई से पालन करना होगा। आदेश की अवहेलना करने वाले किसी भी विद्यालय के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम के आश्वासन के बाद अनशन समाप्त

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के आश्वासन के बाद आमरण अनशनकारी कमलेश मिश्रा और राहुल उपाध्याय ने अपना अनशन स्थगित कर दिया है। यह निर्णय जांच रिपोर्ट आने तक के लिए लिया गया है। अधीक्षण अभियंता विद्युत अकबरपुर रजनीश श्रीवास्तव, जिला पंचायत राज अधिकारी सर्वेश कुमार पाण्डेय और तहसीलदार आलापुर पद्मेश श्रीवास्तव ने अनशन स्थल पर पहुंचकर उन्हें समझाया। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने इस मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। इस समिति में अधीक्षण अभियंता अकबरपुर रजनीश श्रीवास्तव को अध्यक्ष, जबकि अधिशासी अभियंता आलापुर अवधेश यादव और तहसीलदार आलापुर पद्मेश श्रीवास्तव को सदस्य नामित किया है।

# चोरों ने घर से लाखों रुपए के जेवरात और नकदी किए पार

कटेहरी, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** जनपद के अहिरौली थाना क्षेत्र अंतर्गत बाहर रह रहे ग्रामीण के घर खजावां गांव में चोरों ने सातिराना अंदाज में लाखों रुपए का सोना-चांदी का सामान और नकदी पार कर दी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पीड़ित अजीत वर्मा जो की गन्ना बिभाग मे कार्यरत हैं और वह पूरे परिवार सहित लखनऊ में रहते हैं, लेकिन गांव आना-जाना लगा रहता है। जब वह अपने गांव खजावां आए तो घटना देख हत प्रभ हो गए। उन्होंने बताया किचोर इतने सातिर थे कि वहचोरी करने से पहले घर पर लगे सीसीटीबी कैमरे को बन्द कर दिया और घर में लगे मुख्य गेट का ताला तोडकर अन्दर घुसे और घर के कमरों में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नकदी को पार कर दिया। अहिरौली थाना अध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी ने पहुंचकर जांच कर कार्रवाई की बात कही है।



चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान।

न्यूज ब्रीफ

### काकोरी कांड के शहीदों को किया याद

सुलतानपुर, अमृत विचार : शुक्रवार को स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया व भारत की जनवादी नौजवान सभा ने काकोरी के शहीदों को याद करते हुए पंडित राम नरेश त्रिपाठी सभागार परिसर में उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। इसके बाद शिक्षा व रोजगार की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन को सौंपा। वक्ताओं ने सरकारी विद्यालय बंद करने, संविदा भर्ती, बेरोजगारी और शिक्षा के निजीकरण का विरोध करते हुए खाली पद भरने व रोजगार की गारंटी की मांग की।

### गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम संपन्न

सुलतानपुर, अमृत विचार : भारत विकास परिषद शाखा कुशभवनपुर द्वारा पीएम श्री केश कुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में गुरु वंदन–छात्र अभिनंदन' कार्यक्रम एवं महिला टीम के सहयोग से निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छात्राओं की एनीमिया व कैल्शियम जांच हुई। कार्यक्रम में मेधावी छात्रों व शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। परिषद पदाधिकारियों व चिकित्सकों की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

### आग से जला आवासीय छप्पर

करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचार : थाना करौंदीकला क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बांगर खुर्द में शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे आग लग गई। आग की चपेट में आने से ''नरेंद्र गौतम'' का आवासीय छप्पर पूरी तरह जल गया। गृहस्थी का पूरा सामान जलकर राख हो गया।

# पूर्व चेयरमैन समेत 5 पर गिरफ्तारी वारंट

## धोखाधड़ी का मामला: चार की निगरानी याचिका पहले ही हो चुकी निरस्त



विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** धोखाधड़ी कर व्यापारी नेता का मकान दूसरे के नाम दर्ज कराने के मामले में अमेठी की पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रमा देवी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। कोर्ट मजिस्ट्रेट एसीजेएम चतुर्थ मुक्ता त्यागी ने चंद्रमा देवी समेत पांच आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करते हुए सुनवाई के लिए 23 जनवरी की तारीख नियत की है। इससे पहले इस केस में चार सह आरोपितोंकृलल्लू प्रसाद सोनी, लालजी सोनी, पुजारी लाल सोनी व संगम लाल सोनीकृकी निगरानी याचिका एडीजे चतुर्थ जलाल मोहम्मद अकबर ने निरस्त कर दी थी। एडीजे ने मजिस्ट्रेट कोर्ट के तलबी आदेश की पुष्टि करते हुए पत्रावली वापस भेजने का आदेश दिया था। अधिवक्ता अनिल दुबे के अनुसार अमेठी उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष घनश्याम सोनी ने आरोप लगाया है कि नगर पंचायत अध्यक्ष रहते हुए चंद्रमा देवी ने धोखाधड़ी कर उनका मकान अन्य लोगों के नाम दर्ज करा दिया था। इसी प्रकरण में आठ फरवरी 2024 को आरोपियों को तलब किया गया था। वहीं, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रमा देवी की निगरानी याचिका पर सत्र न्यायालय में सुनवाई तीन जनवरी 2026 को होनी है।

### पूर्व विधायक संतोष पांडेय के केस में बहस 5 को

● आदर्श चुनाव आचार संहिता से जुड़ा मामला

संवाददाता, सुलतानपुर : लंभुआ के पूर्व विधायक संतोष पांडेय सहित अन्य के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में एमपी/ एमएलए मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की विशेष अदालत में शुक्रवार को सुनवाई कोर्ट मजिस्ट्रेट के अवकाश पर होने से बहस नही हो सकी। विधायक के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट ने बहस के लिए 5 जनवरी की तारीख नियत की है। लंभुआ के पूर्व सपा विधायक सन्तोष पांडेय व सह आरोपितों पर फरवरी 2022 में दो एफआईआर लम्भुआ व कोतवाली देहात थाने में लिखाई गई थी। विधानसभा चुनाव के दौरान उड़नदस्ता प्रभारी रहे बीडीओ संदीप सिंह ने आरोप लगाया है कि विधानसभा चुनाव के दौरान पूर्व विधायक ने समर्थकों के साथ विधानसभा क्षेत्र में कई स्थानों पर बिना प्रशासन की अनुमति के जनसभा की। जिससे आदर्श चुनाव आचार संहिता और कोरोना महामारी के नियमों का उल्लंघन हुआ।

### पूर्व विधायक अनूप संडा के केस में सुनवाई 6 को

● केएनआईटी कस्बे में बिना अनुमति जनसभा करने से जुड़ा मामला

संवाददाता, सुलतानपुर : एनआईटी कस्बे में बिना अनुमति जनसभा करने के मामले में आरोपी पूर्व विधायक अनूप संडा पर दर्ज केस में एमपी–एमएलए की विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में शुक्रवार को कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा के अवकाश पर होने से सुनवाई 6 जनवरी तक टल गई। 20 फरवरी 2022 की घटना में दरोगा मुकेश कुमार ने केएनआईटी के पास प्रशासन की बिना अनुमति के जनसभा करने के आरोप में पूर्व विधायक अनूप संडा के खिलाफ चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का केस दर्ज कराया था।

### अधिशाषी अभियंता हत्याकांड में सुनवाई 3 को

जल निगम के अधिशाषी अभियंता संतोष कुमार की हत्या के बहुचर्चित मामले में शुक्रवार को एडीजे द्वितीय विशेष एससी-एसटी न्यायालय न्यायाधीश राकेश पांडेय की अदालत में अभियोजन गवाह संतोष द्विवेदी गवाही देने हाजिर नहीं हुए। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट ने उन्हे तलब कर सुनवाई के लिए 3 जनवरी की तारीख नियत की है। 17 अगस्त 2024 को अधिशाषी अभियंता संतोष कुमार की उनके घर में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में मृतक के भाई संजय कुमार ने सहायक अभियंता समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने सहायक अभियंता अमित कुमार शाह व आरोपी प्रदीप राम को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

### साक्ष्य के अभाव में दुष्कर्म का आरोपी बरी

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के एक गांव में 9 साल पूर्व महिला के साथ दुष्कर्म करने के मामले में शुक्रवार को फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश राकेश ने आरोपी श्रीराम को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता सुरेश सरोज के मुताबिक कोतवाली देहात थाने के एक गांव की महिला ने दो अगस्त 2016 को गांव के श्रीराम के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कराया था। आरोप था कि दो जुलाई 2016 को खेत से आरोपी चार पहिया वाहन से अगवाकर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया था। पीड़िता ने जबरन शराब पिलाने व सिगरेट से जलाने के भी आरोप लगाए थे। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने छह गवाहों को कोर्ट में पेश किया लेकिन आरोप साबित नहीं हो पाया।

### अधिवक्ता हत्याकांड में डॉक्टर तलब

चर्चित अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड में शुक्रवार को फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश राकेश की अदालत ने डॉक्टर वैभव को तलब कर सुनवाई के लिए 3 जनवरी की तारीख नियत की है। एडीजीसी दान बहादुर वर्मा के मुताबिक छह अगस्त 2023 को भुलकी चौराहे पर अधिवक्ता आजाद अहमद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस दिल दहला देने वाली घटना के बाद मृतक के पिता मो. सलीम की तहरीर पर सिराज अहमद समेत कई लोगों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसे फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई हेतु प्रस्तुत किया गया है।

### पानी की टंकी से लाखों के उपकरण चोरी

भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार : देहात कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जादीपुर ग्राम पंचायत में जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी की टंकी से चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। गुरुवार की रात अज्ञात चोर टंकी परिसर में घुस गए और वहां लगे इन्वर्टर, बैटरी तथा सोलर पैनल से जुड़े उपकरणों को काटकर उठा ले गए। चोरी गए उपकरणों की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। हैरानी की बात यह है कि पानी की टंकी की सुरक्षा के लिए दो कर्मियों की तैनाती पहले से है, इसके बावजूद चोर बेखौफ होकर चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। शुक्रवार सुबह जब कर्मचारी टंकी पर पहुंचे तो चोरी की जानकारी हुई, जिसके बाद जल निगम विभाग में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही अवर अभियंता उदय यादव ने देहात कोतवाली में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## दहेज प्रताड़ना से महिला का गर्भपात, मायके से 3 लाख मांगे

● पति सहित ससुरालीजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**गोसाईंगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार:** दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने का गंभीर मामला सामने आया है, जहां ससुरालियों की लगातार प्रताड़ना के चलते गर्भवती महिला का गर्भपात हो गया। इतना ही नहीं, आरोप है कि ससुराल पक्ष ने विवाहिता को मारपीट कर घर से भगा दिया और मायके से तीन लाख रुपये लाने का दबाव बनाया।

पीड़िता केश कुमारी पत्नी महेश कुमार निवासी प्रतापपुर थाना कुड़वार (वर्तमान निवास चांदपुर सैदो पट्टी थाना गोसाईंगंज) ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 30 नवंबर 2020 को हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शादी में सोने की सिकड़ी, अंगूठियां, नकद धनराशि, मोटरसाइकिल व घरेलू सामान दिया गया, इसके बावजूद ससुराल पक्ष संतुष्ट नहीं था। आरोप है कि पति महेश कुमार, ससुर इन्द्रपाल, सास सुषमा देवी, जेठानी सुनीता, रिया सहित अन्य ससुरालीजन आए दिन मारपीट व मानसिक प्रताड़ना करते थे। गर्भावस्था के दौरान अधिक उत्पीड़न के कारण पीड़िता का गर्भ गिर गया। इसके बाद उसे घर से निकाल दिया गया और रुपये न लाने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बभनगंवा माइनर से 20 बीघा फसल डूबी

● चाचपारा में गेहूं, आलू और सरसों को भारी नुकसान जेई ने बंद कराया पानी

भदैंया, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** विकासखंड भदैंया क्षेत्र से होकर गुजरने वाली रामगंज रजबहा से निकली बभनगंवा माइनर के टेल प्वाइंट पर गुरुवार को अचानक पानी का दबाव बढ़ गया। दबाव अधिक होने से माइनर ऊपर से उफनाने लगी, जिससे आसपास के खेतों में पानी भर गया। इस दौरान जगदीशपुर और चाचपारा गांवों में करीब 20 बीघा गेहूं, आलू और सरसों की फसल पानी में डूब गई, जिससे दर्जनों किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ा।

उफनाई माइनर से सबसे अधिक नुकसान चाचपारा गांव के किसानों को हुआ है। प्रभावित किसानों में बभनगंवा नहर समिति के सचिव जयप्रकाश भी शामिल हैं, जिनकी लगभग दो बीघा गेहूं की फसल पूरी तरह डूब गई। इसके अलावा चाचपारा गांव के बुधिराम, रामसागर, हरीराम, राममिलन, जगन्नाथ, रामआसरे,



नहर का पानी उफनाने से जलमग्न फसल। ● अमृत विचार

रामदीन, अजय कुमार, रामदुलार, जयप्रकाश, माताशरन, केदारनाथ और मातादीन सहित कई किसानों की फसलें जलभराव की चपेट में आ गईं। ग्रामीणों ने माइनर उफनाने की सूचना रात में ही जूनियर इंजीनियर (जेई) और सब-डिविजनल ऑफिसर (एसडीओ) को दी। सूचना मिलते ही विभाग हरकत में आया और बभनगंवा माइनर का पानी बंद करा दिया गया, जिससे आगे होने वाले नुकसान को रोका जा सका।

## एपीडा के सहयोग से निर्यात उन्मुख प्रशिक्षण हुआ कार्यक्रम

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : कृषि विज्ञान केन्द्र (केवीके) परिसर में कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार तथा उद्यान विभाग के संयुक्त सहयोग से निर्यात उन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य औद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े कृषकों और उद्यमियों को निर्यात की संभावनाओं, प्रक्रियाओं और आवश्यक मानकों की जानकारी देना रहा। प्रशिक्षण में सब्जी, फल, पुष्प, मसाला, शहद आदि उत्पादों का उत्पादन करने वाले कृषकों के साथ पीएम एफएमई योजना के अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां संचालित करने वाले उद्यमियों ने भाग लिया। एपीडा प्रतिनिधियों ने बताया कि जनपद में उत्पादित सब्जी, फल, शहद, गुड़ और बेकरी उत्पादों का निर्यात यूएई, सऊदी अरब, यूरोपीय देशों और अमेरिका तक किया जा रहा है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो रही है। कार्यक्रम में निर्यात पंजीकरण, गुणवत्ता मानक, विपणन, निर्यातकों से टाई–अप और सरकारी सहयोग योजनाओं की जानकारी दी गई। मानव कल्याण कृषि प्रोड्यूसर कम्पनी, जयज्ञान एग्री जंक्शन, किसानंजलि एफपीओ सहित कई कृषक व उद्यमी मौजूद रहे। उद्यान विभाग, केवीके वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने प्रशिक्षण को किसानों के लिए नई संभावनाओं का द्वार बताया।

# सभी वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाने का निर्देश

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** उप संभागीय परिवहन कार्यालय का निरीक्षण उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र) अयोध्या राजकुमार सिंह तथा सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) अयोध्या विश्वजीत प्रताप सिंह द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम कार्यालय की पंजिका पुस्तिकाओं की जांच की गई, जिसमें सभी कर्मचारी उपस्थित पाए गए।

निरीक्षण के दौरान उप परिवहन आयुक्त ने कोहरे को दृष्टिगत रखते हुए दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने गन्ना ढोने वाले वाहनों (चीनी मिल), मंडी समिति परिसर में खड़े वाहनों एवं मार्ग पर चल रहे प्रत्येक वाहन पर रिफ्लेक्टिव टेप अनिवार्य रूप से लगवाने का आदेश दिया, जिससे कोहरे में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं से बचाव किया जा सके।



स्कूली बस में रिफ्लेक्टर लगाते अधिकारी।

● अधिकारियों ने आरटीओ कार्यालय का निरीक्षण कर दिए दिशा निर्देश

प्रवर्तन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जनपद के प्रवर्तन अधिकारियों को थानों में निरुद्ध बकाया कर से संबंधित वाहनों का सत्यापन कर उनकी नीलामी से संबंधित पत्रावली एक सप्ताह के भीतर अनुमोदन हेतु मुख्यालय प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। यूनिवर्सल मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को तत्काल दूर कराने के निर्देश दिए गए तथा इसकी आख्या एक सप्ताह के भीतर सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) से मांगी गई। कार्यालय के सभी पटलों का भी निरीक्षण किया गया, जिसमें पाई गई कमियों को तत्काल ठीक कराने हेतु सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) अलका शुक्ला को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में फिटनेस कराने आए वाहनों पर अधिकारियों द्वारा स्वयं रिफ्लेक्टर लगाकर अभियान की शुरुआत की गई। निरीक्षण के दौरान सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) अलका शुक्ला, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) भूपेश गुप्ता, यात्री/मालकर अधिकारी शैलेन्द्र तिवारी, संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) पंकज व संतोष पाल आदि उपस्थित रहे।

### परीक्षा केंद्र बनने पर शिक्षकों में खुशी

सुलतानपुर, अमृत विचार : जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र स्थित श्री आद्या शंकर मिश्र मेमोरियल राजू पब्लिक इंटर कॉलेज, गदनपुर धूंधूं को पहली बार परीक्षा केंद्र बनाए जाने पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। इस उपलब्धि पर शुक्रवार को कॉलेज परिसर में हर्षोल्लास के साथ मिष्ठान वितरण किया गया। कॉलेज के प्रबंधक नवनीत मिश्र के साथ प्रधानाचार्य विभूति दूबे एवं शिक्षकों ने खुशी जताई। प्रबंधक नवनीत मिश्र ने इसे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि परीक्षा केंद्र बनाए जाने से विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और विश्वसनीयता को नई पहचान मिली है।

अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैंने अपना नाम AJAMAT JAHAN से बदल कर AZMAT JAHAN रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। W/O:SHAHID AKHTAR R/O:99, ADIL NAGAR RING ROAD TEDI PULIA VIKAS NAGAR LUCKNOW UTTAR PRADESH 226022

**सूचना**

मेरा 2018 का इंटरमीडिएट का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 1398917 वास्तव में खो गया है। **नाम सुमित कुमार पुत्र नृपत ग्राम पुराजहांन, पोस्ट चिल्ली, जिला हमीरपुर (उ.प्र.)**

**सूचना**

मेरे सारे अभिलेख में मेरा नाम चिंगन पुत्र सीताराम दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सुरेश कुमार पुत्र सीताराम है मुझे चिंगन के नाम से ही जाना जाए। **चिंगन पुत्र सीताराम निवासी मुंडेरवा सरहदी झाली धाम थाना विशेश्वरगंज जिला बहराइच**

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम MOHAMMAD ALEEM था से बदलकर MOHAMMAD ALEEM AHMAD रख लिया है। अब मुझे MOHAMMAD ALEEM AHMAD के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-QAMRUDDIN AHMAD ADD-292/98, TULSI DAS MARG, CHOWK DIST-LUCKNOW-226003 (U.P.)

**सूचना**

मैने अपना नाम SULEMAN HAIDER से बदलकर SALMAN HAIDER रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-AHMED HUSAIN ADD-C-3030, SAPNA COLONY C BLOCK RAJAJIPURAM DIST-LUCKNOW-226017(U.P.)

**सूचना**

मैं NITESH AGGARWAL अपना नाम बदलकर NITESH AGARWAL रख रहा हू अत: मुझे भविष्य मैं इसी नाम से जाना व पहचाना जाये । 422 VIJAY LAXMI NAGAR, SITAPUR, Sitapur, 261001, Uttar Pradesh, INDIA

**सूचना**

मैं SUDHIR RASTOGI मैने अपना नाम बदलकर SUDHIR KUMAR RASTOGI रख रहा हूँ। अत: मुझे भविष्य मैं इसी नाम से जाना और पहचाना जाये । 16/01, SAROJNI NAIDU MARG, HUSAINGANJ, LUCKNOW, 226001, UTTAR PRADESH

**सूचना**

मै **प्रमोद कुमार चतुर्वेदी पुत्र श्री गोविन्द माधव चतुर्वेदी निवासी– गढ़ी नवाब न्यामत खा पूर्व (आजाद नगर) नगर व जनपद–फर्रूखाबाद** (उ0प्र0) मेरे (ड्राइविंग लाइसेंस) संख्या– UP7620150015682 में मेरे पिता का नाम (अंग्रेजी में)– GOVIND CHATURVEDI अंकित है जो कि अधूरा नाम है पिता का पूर्ण नाम– गोविन्द माधव चर्तुवेदी (GOVIND MADHAV CHATURVEDI) है। तथा मेरे आधार कार्ड व अन्य प्रपत्रों में मेरे पिता का नाम गोविन्द माधव चर्तुवेदी (GOVIND MADHAV CHATURVEDI) अंकित है जोकि शुद्ध एवं सही है। अत: मेरे (ड्राइविंग लाइसेंस) संख्या UP7620150015682 में पिता का सही नाम अंकित किया जाय।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं हाशमी तबस्सुम आजम हुसेन, पत्नी हाशमी आजम हुसेन, निवासी ग्राम पश्चिमपुरवा रेतवागाडा, जनपद गोण्डा (उ0प्र0) हूँ। त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम "तबाससुम (Tabassum) पत्नी आजम हुसैन (Azam Husain) अंकित हो गया था, जो कि गलत है। मेरा सही एवं पूर्ण नाम "हाशमी तबस्सुम आजम हुसेन (Hashmi Tabassum Azam Husen), पत्नी हाशमी आजम हुसेन (Hashmi Azam Husen) है। भविष्य में सभी अभिलेखों एवं दस्तावेज़ों में यही नाम मान्य समझा जाए एवं अभिलेखित किया जाए।

**सूचना**

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि मैं **रत्नेश त्रिपाठी निवासी 186 नियर जलालपुर फाटक लक्ष्मण विहार कालोनी राजाजीपुरम लखनऊ** अपनी पुत्री दिव्या त्रिपाठी जिसका जन्म 27 दिसंबर 2007 को हुआ था उसका हाई स्कूल प्रमाण पत्र यूनिक आईडी 8206065 में 27 दिसंबर 2007 दर्ज है जो की सही है जबकि उसके आधार कार्ड संख्या 593273162763 में 24 अगस्त 2009 दर्ज है जो की गलत है अत: सही जन्मतिथि 27 दिसंबर 2007 ही जानी वह मानी जाए मोबाइल नंबर 8303795044

**सूचना**

मेरे पुत्र चन्दन शाक्य का चाल चलन अच्छा नहीं है आये दिन मुझसे झगडा फसाद करता रहता है। इस कारण मैं व मेरी पत्नी अपने सभी तरह के रिश्ते मुक्त कर चन्दन शाक्य से समाप्त कर लिए है तथा अपनी समस्त चल अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है इसके द्वारा किये गये किसी कार्य के प्रति हम लोगों की कोई जबाबदेही नहीं होगी। **सुरेशचंद्र पुत्र बाबूराम निवासी कमालपुर पोस्ट बहबलपुर तहसील छिबरामऊ जनपद कन्नौज**

## मायंग बाजार में पशुपालन गोष्ठी का आयोजन

बल्दीराय, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** शुक्रवार को बल्दीराय तहसील के मायंग बाजार में पशुपालकों के लिए पशुपालन गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहयोग फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं समाजसेवी विनय त्रिपाठी ने पशुपालकों को संबोधित करते हुए कहा कि पशुपालक देश की रीढ़ हैं। उन्होंने बाजार में उपलब्ध ''यूरिया युक्त पशु आहार'' के प्रति पशुपालकों को सतर्क रहने की अपील की।

गोष्ठी में डॉ. रामदौर सिंह और निलय उपाध्याय द्वारा पशुपालकों को निशुल्क कोरल पोषक गौ पंचामृत का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री श्याम शक्ति गौशाला के अध्यक्ष प्रवीण दुबे ने बताया कि यह गौ पंचामृत 100 प्रतिशत प्राकृतिक है, जिसमें किसी भी प्रकार का हानिकारक तत्व नहीं मिलाया गया है। इसके नियमित उपयोग से पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार होगा और दूध उत्पादन में वृद्धि होगी। कार्यक्रम में दिनेश जायसवाल, प्रेमचंद जायसवाल, बाबा गोरखनाथ, मनीष सिंह, आशुतोष जायसवाल, आशीष पांडेय, अंगद कोरी, चंदन मिश्र समेत अन्य मौजूद रहे।



पशुपालन गोष्ठी में किसानों व पशुपालकों को दी गई जानकारी। ● अमृत विचार

● पशु आहार की गुणवत्ता और दूध उत्पादन बढ़ाने पर दिया गया जोर

### मुख्य आरक्षी से उपनिरीक्षक बने, दी बधाई

लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार : लंभुआ महिला रिपोर्टिंग चौकी पर तैनात मुख्य आरक्षी शिवानंद राय तथा लंभुआ कोतवाली में हेड मुहर्रिर रहे विजय प्रताप का हाल ही में मुख्य आरक्षी से उपनिरीक्षक (एसआई) पद पर पदोन्नति हुई है। पदोन्नति के उपरांत लंभुआ कोतवाली परिसर में आयोजित एक सादे समारोह में अधिकारियों द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लंभुआ ऋतिक कपूर एवं लंभुआ कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार राय ने दोनों नव प्रोन्नत उपनिरीक्षकों के कंधे पर डबल स्टार लगाकर उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। अधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों अधिकारी नई जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ करेंगे। पदोन्नति की खुशी में सहकर्मियों ने भी उन्हें बधाई दी है।

## व्यक्ति के चरित्र निर्माण का प्रथम सोपान शिक्षा: डॉ. रत्नेश

● पं. राधेश्याम त्रिपाठी छात्रवृत्ति परीक्षा-2026 का शुभारंभ

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : शिक्षा व्यक्ति के चरित्र निर्माण एवं सर्वांगीण विकास का प्रथम सोपान है। यह विचार डॉ. रत्नेश तिवारी ने शुक्रवार को नगर पंचायत सभागार में आयोजित पं. राधेश्याम त्रिपाठी छात्रवृत्ति परीक्षा–2026 के शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि स्व. पं. राधेश्याम त्रिपाठी का जीवन अनुशासन, सेवा और सामाजिक सरोकारों के प्रति पूर्णत: समर्पित रहा। डॉ. तिवारी ने बताया कि छात्रवृत्ति परीक्षा में निर्धारित पात्रता मानकों के अनुसार विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। परीक्षा के लिए 19 दिसंबर 2025 से 9 मार्च 2026 तक आवेदन पत्र स्वीकार किए जाएंगे। परीक्षा अप्रैल 2026 में तहसील क्षेत्र के चार विकास खंडों में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी, जबकि परिणाम एक मई को घोषित किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता पं. राम मिलन तिवारी ने कहा कि स्व. पं. राधेश्याम त्रिपाठी ने अपना संपूर्ण जीवन समाज के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल ने छात्रवृत्ति परीक्षा को मेधावी छात्रों के लिए आगे बढ़ने का सशक्त माध्यम बताया। कार्यक्रम का संचालन राम विनय सिंह ने किया।

आयोजन

काकोरी कांड के शहीदों की स्मृति में शहीद स्मारक सेवा समिति का 41वां वार्षिक समारोह

# जरूरतमंदों को वितरित किया कंबल तो छात्रों को साइकिल

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** शुक्रवार को पं राम नरेश त्रिपाठी सभागार में काकोरी कांड के शहीदों की स्मृति में शहीद स्मारक सेवा समिति का 41वां वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यकम में 275 लोगो को समिति की ओर से जन सहयोग से एकत्रित कंबल वितरित किए गए। वहीं 24 गरीब छात्र छात्राओं को साइकिल, सात महिलाओ को सिलाई मशीन तो पांच लोगों को ठेला दिया गया।

वार्षिकोत्सव समारोह में पं राम नरेश त्रिपाठी सभागार के प्रांगण में स्थापित शहीद राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, शहीद राजेंद्र नाथ लाहिड़ी, शहीद रोशन सिंह की प्रतिमा का माल्यार्पण कर कार्यक्रम कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बताते चलें कि शहीदों की प्रतिमाओं की स्थापना में विशेष रूप से डा ए के सिंह, आप राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, डा आर ए वर्मा, डी पी गुप्ता, नीतीश तिवारी, आजाद सेठ सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा।

वक्ताओं ने समिति के अध्यक्ष करतार केशव यादव के कार्यों की सराहना करते कहा कि जैसे सेना बिना समय व जाति देखे देश की सेवा में लगी रहती है, वैसे ही करतार केशव यादव भी सेवा के लिए सदैव उपलब्ध रहते हैं। इस मौके पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आर ए वर्मा, जगजीत सिंह छंगू, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन अग्रवाल, पूर्व विधायक अनूप संडा सरदार बलदेव सिंह, डा डीएस मिश्रा वरिष्ठ पत्रकार राज खन्ना ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में जन सहयोग से एकत्रित किए गए कम्बल, साइकिल, सिलाई मशीन, व ठेला जरूरतमंद लोगों को दिया गया। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र श्रीवास्तव ने किया।

इस मौके पर माबूद अहमद, अशोक सिंह, शकील अहमद सहित अन्य गणमान्य लोगों के साथ पात्र लोग मौजूद रहे। समिति के अध्यक्ष करतार केशव यादव ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। आए हुए लोगों को जलपान भी कराया गया।



छात्रा को साइकिल प्रदान करते समाजसेवी। ● अमृत विचार

### टड़रसा गांव में बिजली बिल माफी अभियान का लगा शिविर

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार : बल्दीराय उपखंड क्षेत्र के ऐंजर अंतर्गत टड़रसा गांव में बिजली बिल राहत योजना के तहत विशेष कैंप लगाया गया। कैंप में 30 उपभोक्ताओं का पंजीकरण किया गया, जबकि लगभग एक लाख रुपये का एकमुश्त बिल जमा हुआ। विद्युत उपखंड अधिकारी मार्तण्ड प्रताप सिंह समेत विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे। निरीक्षण को पहुंचे अधिशासी अभियंता अरुण कुमार ने व्यवस्थाएं देखीं और बड़े बकायेदारों से संपर्क बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने योजना को उपभोक्ताओं के लिए लाभकारी बताते हुए अधिक से अधिक लोगों को लाभ लेने की अपील की।

## न्यूज ब्रीफ

### रेलवे ट्रैक के पास मिला युवक का शव

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार** : बंदरहा रेलवे क्रासिंग से 200 मीटर पश्चिम मनकापुर–अयोध्या रेलवे ट्रैक के पास शुक्रवार सुबह 35 वर्षीय अज्ञात युवक का क्षत–विक्षत शव मिला। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव का पंचनामा भर कर जिला मुख्यालय के मोर्चरी हाउस मे रखवा दिया है। जीआरपी चौकी प्रभारी राम समुझ सरोज ने बताया कि प्वाइंट मैन धीरज कुमार यादव ने शव मिलने की सूचना दी थी।मृतक युवक नीले रंग की जींस, ग्रे–शर्ट व सफेद रंग का स्वेटर पहन रखा है। युवक की पहचान नही हो पाई है। प्रथमदृष्टया मृतक सरजू एक्सप्रेस से यात्रा करते समय ट्रेन से गिर कर मौत हुई है।

### जमीन विवाद को लेकर मारपीट, महिला घायल

**तरबगंज, गोंडा।** भैरमपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर मारपीट हो गई जिसमें एक महिला घायल हो गई जिसकी शिकायत थाने पर की गई है। पीड़ित महिला बिन्दू ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर विपक्षीगण शुक्रवार को दिन में 11बजे के करीब एकत्रित होकर गाली–गलौज करने लगे जिसे सुनकर जब घर से बाहर निकली तो लाठी डन्डा व लोहे की छड़ से मारने लगे जिससे सर व हाथ में गम्भीर चोटे आई है। हल्ला गोहार होने पर गांव के लोग दौड़े तो जानमाल की धमकी देते हुए चले गए। उसके घर पर कोई भी पुरूष मौजूद नहीं था। केवल महिलाएं ही थीं जिसका फायदा उठाकर मारपीट किए है। यही नहीं गांव के प्रधान मोहर्रम अली पूरी साजिश कर रहे है। थानाध्यक्ष कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि शिकायत मिली है जांच करवाई जा रही है।

### आर्यनगर में हार्डवेयर की दुकान में चोरी

**रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार** : गुरुवार की रात कौड़िया के कस्बा आर्यनगर में एक हार्डवेयर की दुकान में टिन की छत काटकर चोर सामान सहित नकदी उठा ले गये। दुकान के स्वामी लवकुश ने पुलिस को तहरीर देकर अवगत कराया कि टिल्लू पम्प, नल, लोहे को मिलाकर लाखों रुपये के सामान तथा 50 हजार रुपये नकद चोरी हुए हैं। आर्यनगर के चौकी प्रभारी अरुण द्विवेदी ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है। जांच की जा रही है। मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी।

### आज से 25 दिसंबर तक उत्सव की धूम

**गोंडा** : ठंड अपने चरम पर है और विंटर वेकेशन से पहले सभी स्कूलों वार्षिकोत्सव की धूम मची है। 25 दिसंबर को क्रिसमस डे पर भी गिरजाघरों को सजाया संवारा जा रहा है। स्थानीय सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 20 दिसंबर को विद्यालय का वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ–साथ जनपद स्तरीय नृत्य व गायन के फाइनल में पहुंचे हुए 32 छात्राओं का प्रदर्शन भी होगा। वार्षिक उत्सव के साथ–साथ जनपद के 16 विभूतियों को विद्यालय सम्मानित करेगा। 21 दिसंबर को इंदिरा पब्लिक स्कूल में भी वार्षिकोत्सव होगा। इसमें भी बच्चों द्वारा सांस्कृतिक, शैक्षणिक कार्यक्रम होंगे। 21 दिसंबर को ही फातिमा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में क्रिसमस फेट का आयोजन होगा। इसमें बच्चों द्वारा स्टाल लगाए जाएंगे। क्रिसमस ट्री को सजाया जाएगा। खेलकूद का भी उत्सव होगा। 24 दिसंबर को बच्चों द्वारा कार्यक्रम होगा और 25 दिसंबर को गेट टू गेदर होगा। वार्षिकोत्सव को लेकर छात्र उत्साहित हैं।

### इनामी गो-तस्कर को किया गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचार** : करनैलगंज पुलिस ने गो–तस्करी के मामले में वांछित 15 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाल नरेन्द्र प्रताप राय ने बताया कि गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम में वांछित अभियुक्त तालिब अंसारी पुत्र इजहार (22) निवासी ग्राम पटैला, थाना खुटहन, जनपद जौनपुर की गिरफ्तारी के लिए 15 हजार रुपये का इनाम घोषित था। उपनिरीक्षक अवनीश शुक्ला पुलिस टीम के साथ क्षेत्र भ्रमण पर थे, इसी दौरान सूचना पर सरयू पुल के पास से अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। उपनिरीक्षक अवनीश ने बताया कि बीती रात वाहन चेकिंग के दौरान जहाँगिरवा क्रॉसिंग के पास एक ट्रक तेज गति से आता दिखाई दिया। चेकिंग से बचने के प्रयास में ट्रक पलट गया, जिसमें गोवंश लदे पाए गए। अंधेरे का फायदा उठाकर चालक फरार हो गया था। बरामदगी के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना में ट्रक स्वामी की गिरफ्तारी हो चुकी थी, जबकि तालिब अंसारी फरार चल रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ विभिन्न जनपदों में गोवध निवारण, पशु क्रूरता, गैंगस्टर एक्ट सहित कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारकर्ता टीम में उपनिरीक्षक अवनीश शुक्ला, कांस्टेबल सत्येन्द्र कुमार व कांस्टेबल विवेक सिंह शामिल रहे।

# पछुआ हवा ने बढ़ाई गलन, ठंड ने किया जनजीवन बेहाल

## कड़ाके की ठंड के चलते घरों में दुबके लोग, हीटर व अलाव बने सहारा

संवाददाता, गोंडा


ठंड और कोहरे के बीच गुजरते वाहन। अमृत विचार

**अमृत विचारः** शुक्रवार को बर्फीली पछुआ हवा के चलते मौसम में जबरदस्त गलन बढ़ गई। हालांकि कोहरा अधिक नहीं पड़ा, लेकिन तेज ठंडी हवा और धूप के अभाव ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। पूरे दिन आसमान में धुंध छाई रही, जिससे ठंड का असर और तीखा महसूस हुआ। ठंड से बचाव के लिए लोगों को अलाव और हीटर का सहारा लेना पड़ा। जिले में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान करीब 7 डिग्री सेल्सियस जबकि अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया।

एक सप्ताह से जारी कड़ाके की ठंड शुक्रवार को भी बरकरार रही। गुरुवार को जहां दिन में धूप निकल आई थी, वहीं शुक्रवार को मौसम ने अचानक करवट बदली और सुबह से ही तेज पछुआ हवा के साथ गलन बढ़ती चली गई। तेज हवा के कारण मजदूरी करने वाले श्रमिकों और नौकरीपेशा लोगों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ी। सुबह की गलन में काम पर निकलना दूभर हो गया। ठंड से बचने के लिए अधिकांश लोग घरों में दुबके रहे, जबकि बाहर निकले लोग अलाव के आसपास सिमटे नजर आए। सरकारी कार्यालयों में भी कर्मचारियों और आगंतुकों ने अलाव व हीटर के सहारे कामकाज निपटाया। पछुआ हवा और शीतलहर बच्चों व बुजुर्गों के लिए मुसीबत बन गई है।

भीषण ठंड के चलते बुजुर्गों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है और अस्पतालों में सांस से संबंधित मरीजों की संख्या बढ़ रही है। धूप न निकलने और धुंध छाए रहने का असर पर्यावरण पर भी दिखा, जिससे प्रदूषण का स्तर खराब रहा। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में ठंडक और बढ़ सकती है। बारिश की भी संभावना जताई गई है। ऐसे में फिलहाल ठंड और बर्फीली हवाओं से राहत मिलने के आसार कम नजर आ रहे हैं।

### ठंड के कारण बंद किए गए कक्षा 1 से 8 तक के स्कूल

जिले में लगातार बढ़ती ठंड, शीतलहर और गलन को देखते हुए डीएम प्रियंका निरंजन ने एहतियातन बड़ा फैसला लिया है। बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जनपद में कक्षा एक से आठ तक संचालित सभी परिषदीय, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त तथा निजी विद्यालयों को दो दिन के लिए बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। डीएम के आदेश के अनुसार अत्यधिक ठंड और सुबह के समय बढ़ती गलन से छोटे बच्चों के बीमार पड़ने की आशंका को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। हालांकि कक्षा नौ से ऊपर की कक्षाएं पूर्व निर्धारित समय के अनुसार संचालित होंगी। जिला प्रशासन ने विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया है कि आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी विद्यालय द्वारा आदेश का उल्लंघन किए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। वहीं अभिभावकों ने जिला प्रशासन के इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे बच्चों के हित में बताया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ने की संभावना है, ऐसे में प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, एक गंभीर

संवाददाता, कटरा बाजार, गोंडा

- गड़रियन पुरवा के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर


महेश कुमार (फाइल फोटो)

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र कटरा बाजार के गड़रियन पुरवा के पास बृहस्पतिवार रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई व एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

थाना क्षेत्र के बरांव निवासी महेश कुमार वर्मा अपने साथी रामगनेश के साथ बाइक से जा रहे थे जिनको अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसमें महेश कुमार की मौत हो गई और रामगनेश गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्राम प्रधान पप्पू मिश्रा के ने बताया कि दोनों सेमरा चौराहे से बाइक से लौट रहे थे। रात करीब नौ बजे अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में महेश की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि रामगनेश को प्राथमिक उपचार के बाद गोंडा रेफर किया गया,जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# कार की टक्कर से स्कूटी सवार 3 भाई-बहन घायल

## उपचार के दौरान बड़ी बहन की मौत


रोशनी (फाइल फोटो)

**करनैलगंज, अमृत विचार** : करनैलगंज-शाहपुर मार्ग पर गुरुवार शाम उस समय दर्दनाक हादसा हो गया जब एक तेज रफ्तार आर्टिगा कार ने तीन सगे भाई-बहनों को टक्कर मार दी। हादसे में एक किशोरी की मौत हो गई, जबकि दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

ग्राम कंजेमऊ निवासी छोटेलाल की पुत्रियां रोशनी (17) और वोसमी (14) तथा पुत्र चंदन गुरुवार शाम करनैलगंज से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वे प्राथमिक विद्यालय सकरौरा ग्रामीण के पास पहुंचे, पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति देखते हुए तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान रोशनी की मौत हो गई, जबकि दोनों भाई-बहनों की हालत नाजुक बनी हुई है। प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि हादसे में एक लड़की की मौत हुई है। कार व चालक को कब्जे में लेकर कोतवाली लाया गया है। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### रोशनी की मुस्कान अब सिर्फ यादों में

**करनैलगंज, अमृत विचार** : छोटेलाल यादव की बेटी रोशनी, जिसे परिवार प्यार से मल्लुह कहकर बुलाता था, हमेशा अपने घर और परिवार की जिम्मेदारियों में सबसे आगे रहती थी। वह अपनी छोटी बहन वोसमी के साथ अपने भतीजे हर्षित की देखभाल करने में कोई कसर नहीं छोड़ती थी। गुरुवार की शाम, जब रोशनी अपने भतीजे की दवा लेने स्कूटी पर बैठी, तो किसी ने सोचा भी नहीं था कि यह यात्रा उसकी आखिरी होगी। गांव के लोग कहते हैं कि रोशनी हमेशा दूसरों की मदद के लिए तैयार रहती थी। चाहे स्कूल में बच्चों की पढ़ाई में सहायता करना हो या घर में छोटों का ध्यान रखना, उसकी मुस्कान हर किसी का दिल जीत लेती थी। आज वही मुस्कान सिर्फ यादों में बची है। हादसे के बाद उसका परिवार सदमे में है। मां जय कला बार–बार रोशनी का नाम पुकार रही हैं, भाई पप्पू और परिवार के अन्य सदस्य शोक में डूबे हुए हैं। हर कोई यही सोच रहा है कि इतनी मासूमियत और जिम्मेदारी का इतना बड़ा नुकसान कैसे सहा जा सकता है। गांव के लोग भी इस घटना से स्तब्ध हैं। पड़ोसी और मित्र अपने–अपने घरों में रोशनी की याद में दीप जला रहे हैं और उसके परिवार के साथ अपनी संवेदनाएं व्यक्त कर रहे हैं।

### श्री श्याम महोत्सव में गूंजे संकीर्तिन के सुर

**मनकापुर, गोंडा।** श्री श्याम महोत्सव में विशाल भंडारे व संकीर्तन का आयोजन किया गया। कस्बा के बाला जी पंचायती मंदिर परिसर में बृहस्पतिवार को श्री श्याम खाटू महोत्सव के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी भक्तों ने पांति में बैठ कर प्रसाद ग्रहण किया। भजन प्रवाहक पंकज निगम, आशीष चित्रवंशी प्रभात निगम सोनल शुक्ला अनुष्का के भजन व भक्तिमय गीतों को सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। इस मौके पर चेयरमैन दुर्गेश सोनी, वैभव सिंह, शिवम्, नितीश, शंशाक, रवि, प्रिस, राजा बाबू, अंकित, श्याम नरायन जायसवाल, राजेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# 49 ग्राम पंचायतों में स्थापित होगा ओपन जिम

- इंडियन ऑयल करेगी स्थापना गांवों में बढ़ेगी जागरूकता



**गोंडा, अमृत विचार** : गांव में स्वास्थ्य जागरूकता व फिटनेस सुविधाओं को लेकर सरकार की ओर से बड़े कदम उठाए जा रहे हैं। जिले के 49 ग्राम पंचायतों में अत्याधुनिक ओपन जिम स्थापित किए जाने हैं। यह जिम कैसरगंज संसदीय क्षेत्र के जनपद के तहत छह विकास खंडों के चयनित गांवों में लगाए जाएंगे।

इंडियन ऑयल कंपनी द्वारा अपने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व, सीएसआर मद से इस महत्वाकांक्षी योजना को संचालित किया जाएगा। कंपनी ने ओपन जिम स्थापना के संबंध में जिलाधिकारी और सीडीओ को औपचारिक पत्र भेजकर प्रशासनिक सहयोग की मांग की है। सीडीओ ने पंचायती राज विभाग को पत्र भेजकर इन ब्लॉकों में जमीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। जानकारी के मुताबिक इंडियन ऑयल की ओर से स्थापित किए जाने वाले इन ओपन जिमों में आधुनिक फिटनेस उपकरण लगाए जाएंगे। जिनमें ट्रेडमिल, एयर वॉकर, रोअर, मल्टी जिम स्टेशन, साइकिलिंग मशीन सहित कई अत्याधुनिक मशीनें शामिल होंगी। जिम पूरी तरह सार्वजनिक होंगे और ग्रामीणों के लिए निशुल्क उपलब्ध रहेंगे। इससे न सिर्फ युवा, बल्कि महिलाएं और बुजुर्ग भी सुबह-शाम नियमित व्यायाम कर सकेंगे। कैसरगंज संसदीय क्षेत्र के छह ब्लॉकों नवाबगंज, वजीरगंज, तरबगंज, बेलसर, परसपुर, हलधरमऊ, कटरा बाजार, रूपईडीह और करनैलगंज क्षेत्र के गांवों में ओपन जिम स्थापित किए जाएंगे। ओपन जिम स्थापित किए जाने से ग्रामीणों के लिए नई ऊर्जा लेकर आएगी। सार्वजनिक स्थल पर जिम उपलब्ध होने से गांवों में फिटनेस के प्रति नई जागरूकता पैदा होगी। क्योंकि विभिन्न वर्गों के लोग एक साथ व्यायाम कर सकेंगे। बताया जाता हैं कि ग्रामीण स्तर पर फिट इंडिया अभियान को गति देगी।

> पंचायतीराज विभाग की ओर से ओपन जिम स्थापित किए जाने को लेकर संबंधित ब्लॉक के बीडीओ और एडीओ पंचायत ग्राम प्रधानों और ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देश दिया गया है कि वे जल्द से जल्द उपयुक्त सार्वजनिक भूमि चिह्नित कर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं, जिससे परियोजना के कार्य प्रारंभ करने में विलंब न हो। जिला पंचायत अधिकारी की ओर से छह विकास खंडों को को पत्र भेजा गया।
>
> **-लालजी दुबे,** डीपीआरओ, गोंडा

# मंदिर परिसर में मिला खजाना हड़पने को बन गया एसटीएफ का अधिकारी

- पुलिस ने दबोचा, चांदी के सिक्के से भरे घड़े को किया बरामद

**बालपुर, अमृत विचारः** कोतवाली देहात क्षेत्र के ठकुरापुर गांव स्थित सत्य भोला बाबा कुटी मंदिर के निर्माण के दौरान चांदी के सिक्के को हड़पने की नीयत से एक जालसाज को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जालसाज व्यक्ति एसटीएफ का अधिकारी बन पुलिस व मंदिर के पुजारी को छकाने का काम कर रहा था।

गुरुवार को मंदिर के नींव के खोदाई का काम जेसीबी से किया जा रहा था, तभी खोदाई के दौरान एक मिट्टी का घड़ा दिखाई दिया। लोगों के द्वारा खोला गया तो उसमें करीब 500 चांदी के सिक्के थे। आसपास के लोग मंदिर की तरफ दौड़े और खजाने को देखने व पाने की होड़ लग गई। इसकी सूचना मंदिर के पुजारी संजय दास ने देहात कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही एक जालसाज पहुंच गया और पुजारी को यूपी एसटीएफ का अधिकारी बताकर थाने चलने को कहा। लेकिन वह थाने जाने के बजाए खजाने को हड़पने की ताक में लग गया। इसी बीच पुलिस भी पहुंच गई और संदिग्ध व्यक्ति व खजाने से भरे घड़े को थाने ले आई। इस दौरान जालसाज ने पुलिस को भी छकाने की कोशिश की। संदेह होने पर पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने सिक्के से भरे घड़े को अपने कब्जे मे ले लिया, उसके बाद पुजारी को घर भेज दिया। मंदिर के पुजारी ने बताया कि सिक्के से भरे घड़े को पुलिस ने ले लिया है। देहात कोतवाल समशेर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जांच की जा रही है। जल्दी पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

# फर्जी हस्ताक्षर कर निकाली धनराशि, कैशियर गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचार :** कोतवाली नगर पुलिस ने जालसाजी के एक पुराने मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा बड़गांव के तत्कालीन कैशियर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर आनंद कुमार राय के नेतृत्व में कोतवाली नगर पुलिस टीम ने वांछित आरोपी अनिल कुमार पाण्डेय को उनके आवास विष्णुपुरी कॉलोनी, सिविल लाइन से गिरफ्तार किया। वादी राम भोग पुत्र अशर्फीलाल निवासी ग्राम मोताजोत मलारी ने 15 नवंबर 2024 को कोतवाली नगर में तहरीर दी थी। उन्होंने बताया था कि वह वर्ष 2004 के एक आपराधिक मुकदमे में 21 अप्रैल 2004 से 28 जून 2022 तक जिला कारागार गोंडा में निरुद्ध रहे। इस दौरान उनका सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा बड़गांव में बचत खाता संचालित था। आरोप है कि 18 नवंबर 2014 को किसी अज्ञात व्यक्ति ने फर्जी हस्ताक्षर बनाकर तथा बैंक के तत्कालीन शाखा प्रबंधक व कैशियर की मिलीभगत से खाते से 47 हजार रुपये निकाल लिए। तहरीर के आधार पर कोतवाली नगर में मुकदमा तहत दर्ज किया गया था।

# बदमाशों की नींद उड़ी, आमजन को मिली सुरक्षा

- एसपी विनीत जायसवाल ने जारी किया अपने दो वर्ष के कार्यकाल का उपलब्धि पत्र

**गोंडा, अमृत विचार** : पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने जिले में अपने दो वर्ष का कार्यकाल पूरा कर लिया है। इस अवसर पर उन्होंने बीते दो वर्षों का लेखा-जोखा सार्वजनिक करते हुए दावा किया कि अपराध नियंत्रण के साथ-साथ गोंडा पुलिस आमजन को सुरक्षित और भरोसेमंद वातावरण उपलब्ध कराने में सफल रही है।

एसपी के अनुसार उनके कार्यकाल में लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024, पंचायती उपचुनाव तथा होली, दशहरा, दिवाली, ईद, मोहर्रम सहित सभी प्रमुख पर्व, सांस्कृतिक कार्यक्रम और जुलूस पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए गए। दो वर्षों में 25 पुलिस मुठभेड़ों में 54 आरोपी गिरफ्तार किए गए, जिनमें 26 बदमाश घायल हुए और एक लाख का इनामिया बदमाश ढेर हुआ। साइबर अपराध के खिलाफ 91 अपराधियों को जेल भेजते हुए पीड़ितों के 94.78 लाख रुपये वापस कराए गए और 2.41 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि फ्रीज कराई गई। ऑपरेशन साइबर कवच के माध्यम से सैकड़ों जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर हजारों साइबर वॉलंटियर तैयार किए गए। पुलिस कर्मियों के कल्याण के लिए पुलिस लाइन में आधुनिक बैरक, बहुउद्देशीय हॉल, जिम, खेल मैदान, लाइब्रेरी, मेस और आवासीय सुविधाओं का विकास कराया गया।


आरक्षियों के प्रशिक्षण के दौरान निशाना साधते एसपी विनीत जायसवाल (फाइल फोटो)।

**1406 मामलों की पैरवी कर 3039 को दिलाई सजा :** ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते हत्या, लूट, नकबजनी सहित 1406 मामलों में 3039 अभियुक्तों को सजा दिलाई गई। इनमें 73 को आजीवन कारावास, 130 को 10 वर्ष से अधिक तथा 1653 अभियुक्तों को 10 वर्ष से कम की सजा सुनाई गई। महिला अपराधों के मामलों में भी सख्ती दिखी और 106 अभियोगों में 136 अभियुक्तों को दंडित कराया गया। नवाबगंज की एक घटना में शामिल अभियुक्त को कोर्ट ने मृत्युदंड की सजा सुनाई। महज 6 माह के भीतर अभियुक्त को सजा दिलाना बड़ी उपलब्धि रही।

### 221 के खिलाफ गैंगस्टर 422 पर गुंडा एक्ट

एसपी का दावा है कि पुलिस ने कड़ा रुख अपनाते हुए गैंगस्टर एक्ट के तहत 51 अभियोगों में 221 अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की,जबकि आठ मामलों में अपराध से अर्जित 2.05 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध संपत्ति जब्त की गई। 136 नए अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई। 422 अपराधियों पर गुण्डा एक्ट और 25 आपराधिक गिरोहों पर गैंग पंजीकरण की कार्रवाई की गई।

**सहुलियत** | समाधान दिवस में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने अफसरों को दिए थे निर्देश

# ट्राई साइकिल मिली तो खिल उठा घिसई का चेहरा

संवाददाता, मनकापुर, गोंडा


दिव्यांग घिसई चौहान को ट्राईसाइकिल देतीं डीएम प्रियंका निरंजन, साथ में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी रजनीश किरन। अमृत विचार

**अमृत विचारः** तहसील मनकापुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस एक दिव्यांग के लिए सिर्फ औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि नई जिंदगी की शुरुआत बन गया। ग्राम पंचायत मनकापुर निवासी दिव्यांग घिसई चौहान जब अपनी पीड़ा और उम्मीदों को लेकर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के सामने पहुंचे, तो शायद उन्हें भी यह अंदाजा नहीं था कि उनकी फरियाद इतनी जल्दी रंग लाएगी।

समाधान दिवस के दौरान घिसई चौहान ने अन्त्योदय राशन कार्ड, बैटरी चालित ट्राई साइकिल और मुख्यमंत्री आवास सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाए जाने के लिए प्रार्थना पत्र डीएम को सौंपा था। जिलाधिकारी ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल मामले का संज्ञान लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के स्पष्ट निर्देश दिए। इन निर्देशों का असर दो ही दिन में नजर आया।

गुरुवार को जब घिसई चौहान को बैटरी संचालित ट्राई साइकिल और अन्त्योदय राशन कार्ड सौंपा गया, तो उनका चेहरा खुशी से खिल उठा। ट्राई साइकिल ने उन्हें आत्मनिर्भर बनने की नई राह दिखाई, वहीं राशन कार्ड ने भोजन की चिंता से राहत दी। जिलाधिकारी की इस संवेदनशीलता ने यह साफ कर दिया कि सरकार की योजनाएं जब संवेदना और तत्परता के साथ जमीन पर उतरती हैं तो घिसई जैसे जरूरतमंदों की आंखों में चमक और चेहरे पर मुस्कान साफ दिखाई देती है। यही सुशासन की सच्ची तस्वीर है। खण्ड विकास अधिकारी मनकापुर गौरीशा श्रीवास्तव वे बताया कि घिसई चौहान को दिव्यांगजन पेंशन का लाभ पहले से मिल रहा है तथा वर्ष 2009–10 में उन्हें इंदिरा आवास योजना के तहत आवास भी उपलब्ध कराया जा चुका है। इस मानवीय पहल में जिला पूर्ति अधिकारी कुंवर दिनेश प्रताप सिंह, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी रजनीश किरण व सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) धीरेन्द्र प्रताप सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# किसानों की समस्याओं पर लापरवाही क्षम्य नहीं : डीएम

**गोंडा, अमृत विचारः** कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में किसानों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित किसानों से एक-एक कर उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनीं। किसानों द्वारा कृषि, विद्युत, सिंचाई, चकबंदी, बैंक ऋण, खाद-बीज की उपलब्धता, फसल बीमा, नहरों की सफाई एवं अन्य स्थानीय समस्याओं से संबंधित विषयों को रखा गया। जिलाधिकारी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें ताकि किसानों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। बैठक में उपनिदेशक कृषि प्रेम ठाकुर, लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर विनोद त्रिपाठी, चकबंदी अधिकारी बन्दोबस्त, अधिशासी अभियंता विद्युत राधेश्याम भाष्कर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

## परियोजना में तेजी लाने के लिए रेल मंत्री से मिले पूर्व सांसद


केंद्रीय रेल मंत्री से मुलाकात करते पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा। अमृत विचार

**बलरामपुर।** बहराइच–खलीलाबाद नई रेल लाइन परियोजना में तेजी लाने को लेकर शुक्रवार को पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। उन्होंने रेल मंत्री को पत्र सौंपकर परियोजना की धीमी प्रगति से अवगत कराया। पत्र में कहा गया कि श्रावस्ती और बलरामपुर की उतरौला तहसील आज भी रेल सुविधा से वंचित हैं। वर्ष 2018 में केंद्र सरकार ने बहराइच–खलीलाबाद वाया भिंगा, श्रावस्ती, बलरामपुर, उतरौला, डुमरियागंज रेल लाइन को 4090 करोड़ रुपये की लागत से मंजूरी दी थी। इसका शिलान्यास 2 मार्च 2019 को तत्कालीन रेल मंत्री पीयूष गोयल ने किया था। कार्य शुरू होने के बावजूद प्रगति अत्यंत धीमी है, जिससे क्षेत्रवासियों में निराशा है। इस बीच 'श्रावस्ती को रेल से जोड़ो संघर्ष समिति' ने परियोजना में तेजी की मांग करते हुए 24 दिसंबर को दिल्ली के जंतर–मंतर पर धरना प्रस्तावित किया है। पूर्व सांसद ने रेल मंत्री से संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने का अनुरोध किया।

## ट्रस्टी भूमि पर फर्जी बैनामा व कब्जे का आरोप

**गोंडा :** मुख्तारखास धर्म कार्य निधि ट्रस्ट की कीमती भूमि पर फर्जी बैनामा कर अवैध कब्जा करने की कोशिश का मामला सामने आया है। ट्रस्ट से जुड़े विकास सिंह ने आरोप लगाया है कि मृत ट्रस्टियों के नाम का दुरुपयोग कर बिना अधिकार क्षेत्र के बैनामा कराया गया और विवादित भूमि एक भू–माफिया के नाम कर दी गई। आरोप है कि भूमि से जुड़े मुकदमे विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन होने के बावजूद तथ्य छिपाकर नामांतरण करा लिया गया। अब गोण्डा–उतरौला मार्ग स्थित इस बहुमूल्य भूमि पर निर्माण की तैयारी की जा रही है। विरोध करने पर अवैध असलहा दिखाकर धमकी देने का भी आरोप है। पीड़ित ने जिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर प्रकरण में एफआईआर दर्ज कर अवैध कब्जा व निर्माण रोकने तथा जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## साइड देने के दौरान जेसीबी पलटी

**पचपेड़वा, बलरामपुर।** कुकुरभुकवा गांव के दक्षिण दिशा में सड़क किनारे बने अर्धनिर्मित पुल के पास बीती रात करीब 11 बजे एक जेसीबी मशीन पलट गई। बताया गया कि सामने से आ रहे वाहन को साइड देने के दौरान मशीन का संतुलन बिगड़ गया और कमजोर पटरी के कारण जेसीबी सड़क किनारे पलट गई। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और चालक सुरक्षित बाहर निकल आया। चालक को हल्की चोटें आईं, जिनका मौके पर ही प्राथमिक उपचार कराया गया। सूचना पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और चालक की मदद की। हादसे से कुछ समय के लिए आवागमन बाधित रहा, जिसे बाद में सुचारु कराया गया। ग्रामीणों ने पुल के पास सड़क चौड़ीकरण और मजबूत पटरी बनाए जाने की मांग की है।

## शिक्षक को बृजभूषण सिंह ने दी सांत्वना


शोक संतप्त अध्यापक दिनेश मिश्रा को सांत्वना देते पूर्व सांसद। अमृत विचार

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** सड़क हादसे में विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार मिश्रा के पुत्र अखिलेश मिश्रा उर्फ मिथुन की असामयिक मौत से गांव में अभी शोक व्याप्त है। शुक्रवार को पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ग्राम पंचायत धमसड़ा स्थित उनके पैतृक आवास पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की। पूर्व सांसद ने प्रधानाचार्य दिनेश मिश्रा को ढाढ़स बंधाते हुए कहा कि पुत्र वियोग का दु:ख असहनीय है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को इस दु:ख को सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की। गौरतलब है कि अखिलेश मिश्रा की हाल ही में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। बृजभूषण सिंह के आगमन पर केदारनाथ पाण्डेय, हरीत मिश्रा, पिंटू सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, शिक्षक और शुभचिंतक मौजूद रहे।

# बलरामपुर में अखिल भारतीय प्राइज मनी हॉकी टूर्नामेंट का भव्य आगाज

संवाददाता, बलरामपुर

- बलरामपुर रियासत के महाराजा ने मशाल जलाकर किया टूर्नामेंट का उद्घाटन

**अमृत विचार।** हॉकी प्रेमियों के लिए बलरामपुर इन दिनों किसी उत्सव से कम नहीं है। शहर के ऐतिहासिक एमएलके पीजी कॉलेज मैदान पर शुक्रवार को महाराजा सर भगवती प्रसाद सिंह अखिल भारतीय प्राइज मनी हॉकी टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। 23 दिसंबर तक चलने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में देश के विभिन्न राज्यों से आई 14 नामचीन टीमें खिताब के लिए दमखम दिखा रही हैं।

इस ऐतिहासिक हॉकी प्रतियोगिता की शुरुआत वर्ष 1938 में बलरामपुर रियासत के राजपरिवार द्वारा की गई थी। लंबी यात्रा तय करते हुए यह टूर्नामेंट आज राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना चुका है और इसे हॉकी इंडिया से बी-ग्रेड मान्यता प्राप्त है। घास के मैदान के लिए भी यह टूर्नामेंट पूरे देश में प्रसिद्ध है। मैदान पर केनरा बैंक बेंगलुरु, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया हैदराबाद, एसएजी हॉकी अकादमी गुजरात, भुसावल रेलवे सहित कई दिग्गज टीमें अपने शानदार खेल से दर्शकों को रोमांचित कर रही हैं।

उद्घाटन समारोह में बलरामपुर रियासत के महाराजा जयेंद्र प्रताप सिंह ने मशाल प्रज्ज्वलित कर टूर्नामेंट का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर एमएलके पीजी कॉलेज, पायनियर पब्लिक स्कूल, ऋषभ संगीत विद्यालय और डिवाइन पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वैदिक मंत्रोच्चार, स्वस्तिवाचन और पारंपरिक अनुष्ठानों के बीच प्रतियोगिता की सफलता की कामना की गई।


मशाल जलाकर हॉकी टूर्नामेंट का उद्घाटन करते महाराजा जयेन्द्र प्रताप सिंह।


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते स्कूली बच्चे। अमृत विचार

मुकाबले की शुरुआत से ही टीमों के खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। मैच के शुरुआती मिनटों में किए गए तेज हमलों और शानदार पासिंग ने दर्शकों को रोमांच से भर दिया। खचाखच भरे स्टेडियम में हर मूव पर तालियों और नारों की गूंज सुनाई देती रही।

आयोजन समिति के अनुसार टूर्नामेंट के विजेता और उपविजेता टीमों को आकर्षक नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, जिससे सभी मुकाबले और अधिक प्रतिस्पर्धात्मक और रोमांचक होंगे। उद्घाटन अवसर पर टूर्नामेंट के सचिव सचिव महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जेपी पांडेय, आयोजन सचिव प्रोफेसर राजीव रंजन श्रीवास्तव, डॉक्टर आलोक शुक्ल, प्रोफेसर रेखा विश्वकर्मा, डा. एमपी तिवारी, मीडिया प्रभारी लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ.देवेंद्र चौहान सहित तमाम पदाधिकारी, खेल प्रेमी और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# नपा बलरामपुर में नामांतरण शुल्क में भारी छूट, जनता को बड़ी राहत

## अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू के निर्देश पर लिया गया जनहितकारी निर्णय

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** आदर्श नगर पालिका परिषद बलरामपुर में आम नागरिकों को बड़ी राहत देते हुए नामांतरण शुल्क में भारी कटौती की गई है। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ.धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने जनहित को सर्वोपरि रखते हुए नामांतरण शुल्क में व्यापक छूट प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। इस निर्णय से नगर पालिका क्षेत्र के हजारों संपत्ति धारकों को सीधा लाभ मिलेगा।

नगर पालिका अध्यक्ष डॉ.धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने कहा कि नामांतरण की प्रक्रिया आमजन के लिए सरल, सुलभ और किफायती होनी चाहिए। इसी उद्देश्य से शुल्क में युक्तिसंगत कमी की गई है, ताकि नागरिक बिना किसी आर्थिक बोझ के समय पर नामांतरण करा सकें।


डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू। अमृत विचार

**पूर्व में लागू नामांतरण शुल्क (मूल्य के आधार पर) :** 0 से 10 लाख तक 2100, 10 लाख से 25 लाख तक 2600, 25 लाख से 50 लाख तक 4100, 50 लाख से 1 करोड़ तक 10,600

**1 करोड़ से अधिक 30,600**

वर्तमान में लागू संशोधित नामांतरण शुल्क (मूल्य के आधार पर) : 0 से 5 लाख तक 1000, 5 लाख से 10 लाख तक 2000, 10 लाख से 15 लाख तक 3000, 15 लाख से 50 लाख तक 5000, 50 लाख से अधिक 10,000

**क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) के आधार पर नामांतरण शुल्क :** 1000 वर्ग मीटर तक 500, 1001 से 2000 वर्ग मीटर 1000, 2001 से 3000 वर्ग मीटर 1500, 3000 वर्ग मीटर से अधिक 2500

नगर पालिका प्रशासन के अनुसार, यह नई व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। इससे नामांतरण प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी और नागरिकों को अनावश्यक परेशानियों से राहत मिलेगी।

नगर पालिका अध्यक्ष डॉ.धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने नगरवासियों से अपील की है कि वे इस छूट का लाभ उठाते हुए अपने संपत्ति संबंधी नामांतरण कार्य समय से पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद भविष्य में भी जनहित में इसी प्रकार के निर्णय लेती रहेगी।

महाराजा सर भगवती प्रसाद सिंह अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट

# केनरा बैंक और रेलवे भुसावल की टीमें मैच जीत कर अगले दौर में

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** महाराजा सर भगवती प्रसाद सिंह अखिल भारतीय प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट के पहले दिन केनरा बैंक बंगलुरु तथा रेलवे भुसावल ने अपना-अपना मैच जीत कर अगले दौर में प्रवेश कर लिया है। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच केनरा बैंक बेंगलुरु तथा भारत एकेडमी ऑफ इंडिया हैदराबाद के बीच खेला गया यह मैच पूरी तरह एकतरफा था शुरू से ही केनरा बैंक की टीम ने बढत बनाते हुए हैदराबाद की टीम को 6 -0 गोल से हरा दिया।

दूसरा मैच रेलवे भुसावल और एसएजी हॉकी अकादमी गुजरात के बीच खेला गया यह मैच कड़े मुकाबले में भुसावल की टीम में 2-0 गोल से जीत लिया। कल प्रतियोगिता के प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू।

## अब 10 बजे से खुलेंगे विद्यालय

**बलरामपुर।** शीतलहर और बढ़ती ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन ने विद्यार्थियों के हित में बड़ा फैसला लिया है। प्री–प्राइमरी से कक्षा आठ तक संचालित सभी परिषदीय और मान्यता प्राप्त विद्यालयों के समय में बदलाव कर दिया गया है। अब जिले के सभी ऐसे स्कूल प्रात: 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक संचालित होंगे। जिलाधिकारी के निर्देश पर यह निर्णय लिया गया है, ताकि छोटे बच्चों को सुबह की ठंड से राहत मिल सके। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ल ने कहा है कि बदली हुई समय–सारिणी की जानकारी तत्काल विद्यालयों, शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों तक पहुंचाई जाए। विद्यालय स्तर पर नोटिस बोर्ड, कक्षा शिक्षकों और अभिभावक समूहों के माध्यम से समय परिवर्तन की सूचना स्पष्ट रूप से साझा की जाए।

## रात्रि गश्त में पुलिस ने सीज किए बालू लदे दो ट्रक

**नवाबगंज (गोंडा), अमृत विचार।** अवैध खनन और बालू के गैरकानूनी परिवहन के खिलाफ नवाबगंज पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए रात्रि गश्त के दौरान बालू लदे दो ट्रकों को पकड़कर सीज कर दिया। बिना नंबर प्लेट और वैध कागजात के चल रहे इन ट्रकों को मौके पर ही कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की गई।

यह कार्रवाई गुरुवार–शुक्रवार की रात करीब एक बजे कस्बे के कटी तिराहे पर सोती पुल के पास की गई। पुलिस को अयोध्या की ओर से बालू लादकर गोंडा की तरफ जा रहे दो संदिग्ध ट्रक दिखाई दिए, जिन्हें रोककर जांच की गई। थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि कस्बा चौकी प्रभारी पंकज यादव अपनी टीम के साथ रात्रि गश्त पर थे। जांच के दौरान पाया गया कि दोनों ट्रकों की नंबर प्लेट छुपाई गई थी। जब चालकों से वाहन व खनन से संबंधित दस्तावेज मांगे गए तो वे कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस ने तत्काल दोनों ट्रकों को सीज कर दिया तथा पूरे मामले की रिपोर्ट आरटीओ विभाग को भेज दी गई है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि प्रकरण में आगे की विधिक कार्रवाई नियमानुसार की जा रही है।

## अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

**पचपेड़वा, बलरामपुर।** नगर पंचायत पचपेड़वा में शुक्रवार दोपहर 12 बजे अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए एनएच–730 मंडी समिति से जुड़ी कुइयां चौराहा होते हुए बढ़नी रोड नगर सीमा तक सड़क के दोनों पटरियों और नालों के ऊपर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटवाया। यह कार्रवाई अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार सिंह की मौजूदगी में जेसीबी मशीन से की गई। अभियान से पूर्व नगर पंचायत द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी किए गए थे। कई लोगों ने स्वयं अपने घरों के सामने लगे टीन शेड और अन्य अस्थायी ढांचे हटा लिए, जबकि चेतावनी के बावजूद अतिक्रमण न हटाने वालों पर जेसीबी चलवाई गई। कार्रवाई के दौरान टीन शेड, दीवारें, दुकानों के बोर्ड, ठेले और अस्थायी दुकानें हटाई गईं।

## सरयू तट पर शराब निर्माण का भंडाफोड़

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** अवैध कच्ची शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के सरयू घाट चौकी अंतर्गत सरयू नदी के तट पर संचालित अवैध शराब निर्माण के ठिकाने का भंडाफोड़ किया। छापेमारी के दौरान शराब बनाने वाले आरोपी मौके से फरार हो गए, जबकि टीम ने भारी मात्रा में लहन नष्ट कर तैयार कच्ची शराब बरामद की।

आबकारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली थी कि पुराने सरयू पुल के पास दुर्गागंज माझा गांव के कछार क्षेत्र में अवैध रूप से कच्ची शराब बनाई जा रही है। सूचना की पुष्टि के बाद आबकारी टीम ने मौके पर दबिश दी। वहां भट्ठी पर शराब तैयार की जा रही थी, लेकिन टीम को देखते ही शराब निर्माता फरार हो गए। कार्रवाई के दौरान मौके से करीब सात कुंतल लहन, एक अवैध भट्टी तथा शराब निर्माण में प्रयुक्त अन्य उपकरणों को नष्ट कर दिया गया। इसके साथ ही 15 लीटर अवैध कच्ची शराब को जब्त किया गया। इस संबंध में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है। आबकारी निरीक्षक ने स्पष्ट किया कि अवैध शराब के कारोबार को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे ठिकानों पर आगे भी लगातार छापेमारी की जाएगी। उधर स्थानीय पुलिस ने भी जैतपुर माझा क्षेत्र में अलग से कार्रवाई करते हुए शराब की भट्टी और लहन को नष्ट किया।


छापेमारी करती पुलिस व आबकारी की टीम। अमृत विचार

## दुष्कर्म के दोषी को 14 वर्ष का कारावास

**बलरामपुर, अमृत विचार।** मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) एवं ऑपरेशन कनविक्शन के तहत प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप दुष्कर्म के एक अभियुक्त को न्यायालय ने कड़ी सजा सुनाई है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में चिन्हित मामलों में सफलता मिली है।

मामला थाना ललिया क्षेत्र का है, जहां 12 मई 2022 को पीड़िता द्वारा दर्ज कराई गई तहरीर के आधार पर अभियुक्त प्रिन्स पुत्र रामजी, निवासी ग्राम हड़हा मशमूले गोड़वा, थाना ललिया के विरुद्ध धारा 376 भादवि में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। विवेचना निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी द्वारा कर आरोप पत्र न्यायालय भेजा गया।

विचारण के दौरान मॉनीटरिंग सेल के नोडल प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के नेतृत्व में विशेष लोक अभियोजक कुलदीप सिंह, मॉनीटरिंग सेल प्रभारी बृजानन्द सिंह एवं थाना ललिया पुलिस की प्रभावी पैरवी के आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट-6 बलरामपुर ने अभियुक्त को 14 वर्ष के कठोर कारावास एवं 30,000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

## करियर चयन में सही जानकारी जरूरी : डीएम

**बलरामपुर, अमृत विचार।** विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को दिशा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को एमपीपी इंटर कॉलेज में कैरियर मेला एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन एवं मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता ने छात्र–छात्राओं से सीधा संवाद कर उनके कैरियर से जुड़े सवालों के सहज, व्यावहारिक और प्रेरणादायक उत्तर दिए। संवाद के दौरान विद्यार्थियों ने मेडिकल, उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाएं, तकनीकी शिक्षा, स्वरोजगार और विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों से संबंधित प्रश्न पूछे। जिलाधिकारी ने कहा कि जिस भी क्षेत्र में कैरियर बनाने की इच्छा हो, उससे जुड़ी अद्यतन और प्रमाणिक जानकारी इंटरनेट व अन्य विश्वसनीय माध्यमों से अवश्य प्राप्त करें। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता ने भी छात्रों को योजनाओं, अवसरों और कौशल विकास पर ध्यान देने की सलाह दी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत रनियापुर विकास खण्ड गैसड़ी जनपद बलरामपुर**

अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत रनियापुर में मनरेगा योजनान्तर्गत होने वाले कार्य पीडब्ल्यूडी रोड से चिनके के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य में प्रयोग होने वाले सामग्री सीमेंट ईट, बालू, मोरंग, ईट गिट्टी आदि की आपूर्ति हेतु इच्छुक निविदा दाताओं से निविदा कोटेशन पंजीकृत टैक्स प्रदाता फर्म से आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 20/12/2025 से 23/12/2025 समय 2:00 बजे तक निविदा पत्र प्राप्त एवं जमा की जाएगी निविदा/कोटेशन दिनांक 23/12/2025 को शाम 3:00 बजे ग्राम पंचायत रनियापुर कार्यालय में प्रधान, सचिव व निर्माण कार्य समिति के उपस्थिति में खोली जाएगी निविदा कोटेशन स्वीकृति / अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगी। क्रय की जाने वाली सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक होगी निविदा कोटेशन वित्तीय वर्ष 2025 – 26 में कराए जाने वाले विकास कार्यों के लिए प्रभावी होगी।

शिवकली, ग्राम प्रधान — अमित कुमार वर्मा, ग्राम पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत रनियापुर विकास खण्ड गैसड़ी जनपद बलरामपुर

## आज मिथिला नगरिया निहाल सखियां...


रामकथा सुनतीं महिलाएं। अमृत विचार

**खरगूपुर, अमृत विचार:** कस्बे के श्री गांधी आदर्श इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित संगीतमय श्री राम कथा में बृहस्पतिवार को प्रावचक प्रेममूर्ति संत सर्वेश महाराज ने मारीच वध, अहिल्या उद्धार, यज्ञ रक्षा, माता सीता का विवाह आदि कथा का रसपान कराया।

गोस्वामी तुलसीदास महाराज ने रामचरितमानस में लिखा है कि 'गाधि तनय मन चिंता व्यापी, हरि बिनु मरही न निश्चिर पापी'। जब प्रभु राम, लक्ष्मण को लेने गुरु विश्वामित्र आए तो राजा दशरथ ने पूछा 'केहि कारण आगमन तुम्हारा कहउ सो करत न लाओ बारा'। जनकपुर की महिलाओं ने गीत गाया कि 'आज मिथिला नगरिया निहाल सखिया, चारों दूल्हा में बड़का कमाल सखियां'। राजा जनक के पुरोहित सदानंद ने भगवान राम का विवाह माता सीता के भरत का मांडवी के लक्ष्मण का उर्मिला के व शत्रुघ्न का विवाह श्रुतिकीर्ति के साथ हुआ।

## कल्याणपुर में 47 बच्चों को मिले गर्म स्वेटर



स्वेटर के साथ बच्चे। अमृत विचार

**नवाबगंज (गोंडा), अमृत विचार :** लगातार बढ रही हांड कंपाने वाली ठंड को देखते हुए क्षेत्र के कल्याणपुर गांव स्थित बृजमोहन लाल एकेडमी में शुक्रवार को बच्चों को ठंड से बचाने के लिए एक सराहनीय पहल की गई। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के तहत अनिल श्रीवास्तव मेमोरियल फाउंडेशन की ओर से अध्ययनरत विद्यार्थियों को गर्म स्वेटर वितरित किए गए। कार्यक्रम में फाउंडेशन की ओर से पहुंचे शिशिर श्रीवास्तव एवं अनुभा श्रीवास्तव ने स्वयं बच्चों को स्वेटर पहनाकर उनका उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर विद्यालय अध्यक्ष ज्ञानेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि शीतलहर के कारण छोटे बच्चों को विद्यालय आने-जाने में काफी दिक्कतें हो रही थीं। उन्होंने जानकारी दी कि विद्यालय में पढ़ने वाले 47 विद्यार्थियों को स्वेटर उपलब्ध कराए गए हैं।

**कार्यालय : जलकल विभाग नगर निगम, अयोध्या**

पत्रांक:– 889/ज0क0वि0न0नि0अयो0/ ई–निविदा/2025–26 — दिनांक:–19.12.2025

**ई–निविदा सूचना पत्र**

**नगर निगम अयोध्या के अन्तर्गत अशोक सिंघल नगर वार्ड संख्या–51 के लवकुश नगर क्षेत्र में 01 नग 5 एच0पी0 समरसेबुल बोरिंग मय अधिष्ठापन एवं उसके विद्युत संयोजन का कार्य कराने हेतु**

**ई–निविदा आमंत्रण :–**

नगर निगम अयोध्या के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य की समस्त नियम/शर्ते व निविदा प्रपत्र के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ई–प्रक्योरमेन्ट की वेबसाइट www.//etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है। ई–निविदा के साथ संलग्न की जाने वाली जमानत धनराशि मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी नगर निगम अयोध्या के https:// emdnagarnigamayodhya.in/loginWithotp के माध्यम से सम्बन्धित फर्म के खाते से जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा प्राप्त निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा। नगर आयुक्त नगर निगम अयोध्या को बिना कोई कारण बताये निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित होगा।

| | |
|---|---|
| वेबसाइट पर निविदा अपलोड होने की तिथि | 22/12/2025 को अपरान्ह 03:00 बजे |
| निविदा की अन्तिम तिथि | 30/12/2025 सायंकाल 05:00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 31/12/2025 को 12:00 बजे तक |

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | निविदा आमंत्रण | जमानत धनराशि रूपया | निविदा मूल्य + 18% G.S.T सहित | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | नगर निगम अयोध्या के अन्तर्गत अशोक सिंघल नगर वार्ड संख्या–51 के लवकुश नगर क्षेत्र में 01 नग 5 एच0पी0 समरसेबुल बोरिंग मय अधिष्ठापन एवं उसके विद्युत संयोजन का कार्य | प्रथम ई–निविदा | 39,100.00 | 470.00 | 30 दिवस |

**अधिशाषी अभियन्ता (जल)**
**नगर निगम अयोध्या**

**महाप्रबन्धक (जल)**
**नगर निगम अयोध्या**

## न्यूज ब्रीफ

### खेत में बकरी जाने पर दबंगों ने महिला को पीटा

**नवाबगंज, बहराइच, अमृत विचार :** खेत में बकरी चली जाने पर दबंगों ने महिला की पिटाई कर दी। पुलिस ने दबंगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। चौगोई विलासपुर के मजरा सबुना निवासी मीरा देवी की बकरी चरते हुए दबंगों के खेत में चली गयी। इस पर पंकज आदि चार लोगों ने उनसे गाली गलौज की। विरोध पर लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिया।

### जुआरी पर 300 रुपये का जुर्माना

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** मल्हीपुर पुलिस ने दो वर्ष पूर्व सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हरदत्त नगर गिरंट के माटन देवार निवासी अजमत पुत्र इंसान अली को गिरफ्तार किया थ। इस मामले में गुरुवार को फैसला सुनाते हुए सीजेएम ने सार्वजनिक स्थल पर जुआ खेलने के दोषी अजमत को न्यायालय उठने तक के अवधि का कारावास व 300 रुपये के जुर्माने से दंडित किया है।

### मारपीट के दोषियों पर लगा जुर्माना

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** मल्हीपुर पुलिस ने आठ वर्ष पूर्व डांडेकुइयां के मजरा हरिहरपुर निवासी इस्माइल को महिला के साथ गाली-गलौज व मारपीट के आरोप में गिरफ्तार किया था। गुरुवार को सीजेएम ने दोषी को न्यायालय उठने तक की अवधि की कैद व 500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। वहीं एक अन्य मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट ने चार वर्ष पूर्व हुए मारपीट के मामले में सिरसिया थाना क्षेत्र के परसा देवतहा निवासी सुशील कुमार व राजेंद्र प्रसाद व माखनलाल को न्यायालय उठने तक की अवधि का कारावास तथा प्रत्येक को 1000 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है।

### बाइक की टक्कर से छात्र घायल

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम सौरूपुर कासिम बनकटी निवासी चन्द्र प्रकाश (17) पुत्र ईश्वर दीन इकौना के जगतजीत इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट का छात्र है। शुक्रवार को वह साइकिल से घर लौट रहा था। अढ़ुवापुर के पास बाइक ने साइकिल को टक्कर मार दी। इसमें चन्द्र प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से उसे सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया।

### पुलिस व एसएसबी ने की सीमा पर गश्त

**सिरसिया, श्रावस्ती, अमृत विचार :** भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र की सुरक्षा के लिए गुरुवार शाम पुलिस व एसएसबी ने संयुक्त गश्त अभियान चलाया। थानाध्यक्ष सिरसिया शैलकांत उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने इंडो-नेपाल सीमा के भैसाही नाका पर पैदल गश्त की।

# डीजीपी ने एसपी से मांगा स्पष्टीकरण

## कथावाचक को सलामी देने का मामला, अखिलेश यादव के ट्वीट के बाद बढ़ी मुश्किल

संवाददाता, बहराइच

- भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर रावण ने भी उठाया था सवाल

**अमृत विचार :** लगभग एक माह पूर्व पुलिस परेड ग्राउंड पर कथा वाचक को सलामी देने का मामला धीरे-धीरे तूल पकड़ता जा रहा है। पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा को लेकर पुलिस अधीक्षक की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह से स्पष्टीकरण तलब किया है।

पुलिस महानिदेशक की यह कार्रवाई सपा प्रमुख आखिलेश यादव व भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर रावण की ओर से किये गये ट्वीट के बाद मानी जा रही है।

बीते माह 8 से 14 नवम्बर तक पुलिस परेड ग्राउंड पर श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया था। वृंदावन से आए कथा वाचक पुंडरीक महाराज ने भागवत कथा सुनाई थी।

बीते दिन समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने फेसबुक अकाउंट से एक वीडियो क्लिप जारी की। इसमें कथावाचक पुंडरीक महराज और पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह परेड की सलामी ले रहे हैं। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने इस वीडियो क्लिप को जारी करते हुए पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाये हैं। इस वीडियो के वायरल होने पर भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर रावण ने इसे लोकतंत्र को समाप्त करने की बात कहते हुए शासन-प्रशासन की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाये हैं।

इन घटनाओं के बाद यूपी पुलिस के ट्विटर हैंडल से 18 दिसंबर को एक मैसेज दिया गया कि जनपद बहराइच में आयोजित एक कार्यक्रम में पुलिस परेड ग्राउंड के अनधिकृत उपयोग का पुलिस महानिदेशक द्वारा संज्ञान लिया गया है। पुलिस परेड ग्राउंड का उपयोग केवल पुलिस प्रशिक्षण, अनुशासन एवं आधिकारिक समारोहों के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार किया जाना अनिवार्य है। निर्धारित मानकों के उल्लंघन के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक से स्पष्टीकरण तलब किया गया है।

इस मामले में जब एसपी रामनयन सिंह से उनका पक्ष जानने की कोशिश की गयी तो वह आफिस या आवास में उपलब्ध नहीं मिले। उनका मोबाइल भी नाट रीचेबल बताता रहा।

## सुशासन सप्ताह के तहत लगा कैम्प

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** तहसील मुख्यालय, विकास खण्ड सहित ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया।

डीएम अश्विनी कुमार पाण्डेय ने बताया कि शुक्रवार से 25 दिसंबर तक 'सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम मनाया जा रहा है। इस दौरान आयोजित विशेष कैम्पों में प्राप्त जनशिकायतों का त्वरित निस्तारण कराया जा रहा है।यहां आय, जाति, निवास, जन्म, मृत्यु प्रमाणपत्र, खतौनी की नकल आदि के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों के अंतर्गत जन सेवाओं की आम जनमानस को उपलब्धता कराई जा रही है।

## दरोगा और दो सिपाहियों को कोर्ट में हाजिर करने के निर्देश

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** एक मामले में आरोपित एक दरोगा व सिपाही बार-बार गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद भी न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहे हैं। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए एसपी को पत्र लिखा है।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय पर वर्ष 2007 से विचाराधीन मुकदमा रामदेव बनाम मंसाराम आदि में भिनगा कोतवाली में तैनात रहे उपनिरीक्षक ध्रुव कुमार, आरक्षी जर्नादन सिंह यादव व राधेश्याम मौर्या वांछित अभियुक्त हैं। इनके विरुद्ध कई बार सीजेएम न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी हुआ लेकिन तीनों हाजिर नहीं हो रहे हैं। सीजेएम विनीत कुमार यादव ने 17 दिसंबर को एसपी को पत्र भेज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने को कहा है। उन्होंने पत्र में कहा है कि यदि इस मामले में कोई भी विधिक या दंडात्मक कार्रवाई उच्च न्यायालय व शासन की ओर से की जाती है तो इसका उत्तरदायित्व पुलिस विभाग पर होगा। उन्होंने तीनों पुलिस कर्मचारियों को 20 जनवरी 2026 को न्यायालय पर उपस्थित करने के लिए संबंधित को कड़े निर्देश जारी करने को कहा है।

## पयागपुर में एसआईआर का कार्य सौ फीसदी पूरा

संवाददाता, पयागपुर, बहराइच

**अमृत विचार :** यागपुर तहसील में विशेष गहन पुनरी क्षण (एसआईआर) का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। उपजिलाधिकारी पयागपुर अश्वनी कुमार पांडेय ने जानकारी दी कि तहसील के सभी 420 मतदेय स्थलों (बूथों) पर यह प्रक्रिया 100% पूरी कर ली गई है।

एसडीएम अश्वनी कुमार पांडेय ने बताया कि तहसील क्षेत्र में कुल 3,94,759 ईपीक मतदाता पंजीकृत थे। शुद्ध और पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करने के लक्ष्य के साथ सभी मतदाताओं को आवश्यक प्रपत्र उपलब्ध कराए गए थे, जिन्हें शत-प्रतिशत मतदाताओं ने भरकर जमा कर दिया है एसआईआर प्रक्रिया के दौरान बड़े स्तर पर डेटा का मिलान और सत्यापन किया गया। जांच के दौरान कुल 63,531 मतदाताओं के रिकॉर्ड में महत्वपूर्ण बदलाव पाए गए, जिन्हें सूची में अपडेट किया गया है इन आंकड़ो के हिसाब से मृतक मतदाता 10,815, स्थानांतरित 29,598, पूर्व पंजीकृत 12,242 एवं 9,799 अनुपस्थित मतदाता को इस गहन प्रक्रिया से मतदाता सूची को पूरी तरह अद्यतन कर दिया गया है। अब सूची में केवल पात्र व वास्तविक मतदाताओं का ही विवरण मौजूद हैं।

## दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**जमुनहा, श्रावस्ती,, अमृत विचार :** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सोनवा क्षेत्र के ग्राम दिकौली निवासी सत्य प्रकाश (30) गुरुवार रात किसी काम से गया था। काम निपटाकर वह वहां से देर रात बाइक से घर लौट रहा था। बदला-नासिरगंज मार्ग पर नासिरगंज के निकट उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में सत्य प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे एंबुलेंस से सीएचसी मल्हीपुर पहुंचाया। वहां हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

# लक्ष्य के अनुरूप की जाये धान की खरीद

- कृषि मंत्री ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ की बैठक

संवाददाता, बहराइच

प्रदेश के कृषि एवं जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने गुरुवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधियों, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी व अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

धान खरीद की समीक्षा के दौरान जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 149 केन्द्रों पर 205000 मी.टन धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके सापेक्ष अब तक 58042.79 मी.टन धान की खरीद हो चुकी है, जो कि लक्ष्य का 28.31 प्रतिशत है। इस सम्बन्ध में मंत्री शाही ने निर्देश दिया कि लक्ष्य के सापेक्ष धान की खरीद सुनिश्चित करायी जाय। नहरों के संचालन के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता सरयू नहर खण्ड-5 द्वारा अवगत कराया गया कि किसानों की समस्या के दृष्टिगत नहरों का संचालन निर्धारित तिथि से पूर्व से ही करा दिया गया है। वर्तमान रबी 1433 फसली में 53.345 ह.हे. सींच एवं 166 अदद टेलफीड का लक्ष्य प्रतावित है। प्रभारी मंत्री श्री शाही द्वारा निर्देश दिया गया कि नहरों का ससमय संचालन होता रहें जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो।



कृषि विज्ञान क्षेत्र का भ्रमण करते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही। ● अमृत विचार

प्रभारी मंत्री शाही ने निर्देश दिया कि खाद की बिक्री नियमित रूप से निर्धारित मूल्य पर होती रहे यदि कहीं पर निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर बिक्री का तथ्य प्रकाश में आये तो सम्बन्धित के विरुद्ध तत्काल आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाये। बैठक के अन्त में एसआईआर के सम्बन्ध में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) को निर्देशित किया गया कि ससमय एसआईआर का कार्य पूर्ण करायें।

इस अवसर पर विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, सदर अनुपमा जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, मुकुट बिहारी वर्मा, डीएम अक्षय त्रिपाठी, एसपी रामनयन सिंह, सीडीओ मुकेश चन्द्र, एडीएम अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

## दिल्ली गए युवक की दुर्घटना में मौत

**लेंगड़ी गूलर, श्रावस्ती, अमृत विचारः** दिल्ली मजदूरी करने गए युवक की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद युवक का शव गुरुवार रात घर लाया गया। गिलौला थाना क्षेत्र के ग्राम रायपुर बिलेला निवासी इलियास (29) पुत्र चोंगे सात माह पूर्व रोजगार की तलाश में दिल्ली गया था। वह दिल्ली में वह पिकअप चलाने का काम करता था। 11 दिसंबर को दिल्ली में ही मार्ग दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां इलाज के दौरान मंगलवार रात उसकी मौत हो गई। उसका शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था।

## काकोरी कांड के शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि

**बहराइच, अमृत विचार :** काकोरी कांड स्मृति दिवस पर शुक्रवार को कांग्रेस जनों ने विशेश्वरगंज क्षेत्र के ग्राम सभा रघुबर पुरवा में आओ बलिदानियों से सीखें पर गोष्ठी आयोजित की गई। अध्यक्षता सेवा दल के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं दांडी यात्री इंद्र कुमार यादव ने की।

गोष्ठी में कई सेवादल के पदाधिकारी व कांग्रेसियों ने भाग लेकर पंडित राम प्रसाद बिस्मिल ,ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खान द्वारा किये गए काकोरी कांड में देश और समाज हित में बलिदान तथा योगदान की चर्चा की गई। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और राष्ट्रीय प्रशिक्षक विनय सिंह ने कहा कि आजादी की घटना नहीं बल्कि लगातार चलने वाला संघर्ष है, हमें पंडित राम प्रसाद बिस्मिल , अशफ़ाक उल्ला खान और ठाकुर रोशन सिंह तथा राजेंद्र नाथ लाहिड़ी आदि महान सपूतों के द्वारा देश समाज के हित में किए गए बलिदान तथा देश की आज़ादी के लिए किए गए योगदान का अनुकरण करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलना होगा। इंद्र कुमार यादव ने महान सपूतों को नमन करते हुए ऐसे बलिदानियों से सीखने हेतु आह्वान करते हैं। संचालन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शिवनंदन गिरी ने किया।

## डीएम ने स्टेडियम का किया निरीक्षण

**श्रावस्ती, अमृत विचारः** स्पोर्ट्स स्टेडियम भिनगा का शुक्रवार को डीएम ने स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेडियम की भौतिक स्थिति, उपलब्ध खेल सुविधाओं व सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही स्टेडियम परिसर की एथलेटिक्स सिंथेटिक ग्राउंड को दृष्टिगत रखते हुए बाउंड्रीवाल की लंबाई बढ़ाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पांडेय ने बहुउद्देशीय क्रीड़ा हाल का जायजा लिया। यहां संचालित विभिन्न खेलों व उनके प्रशिक्षकों की उपलब्धता, योग्यता तथा कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

## प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखायी अपनी प्रतिभा

**जमुनहा, श्रावस्ती, अमृत विचार :** भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर तहसील स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन लार्ड कृष्णा पब्लिक इंटर कॉलेज वीरगंज में किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।

इस दौरान निबंध प्रतियोगिता में लार्ड कृष्णा पब्लिक इंटर कॉलेज की छात्रा अमिता यादव प्रथम, आदर्श इंटर कॉलेज जमुनहा की छात्रा अंशिका यादव द्वितीय, लाल बहादुर शास्त्री कृषि इंटर कॉलेज वीरगंज की छाया मोदनवाल तृतीय स्थान पर रहीं। एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता में लॉर्ड कृष्णा की निहारिका सिंह प्रथम, लाल बहादुर शास्त्री की शिवानी त्रिपाठी द्वितीय व वीपी स्मारक उच्च प्राथमिक विद्यालय जैता जानकी नगर के नितीश वर्मा तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने अटल जी के व्यक्तित्व और कृतित्व की जानकारी देते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

## सिटी डायरी



कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों नेताओं के साथ बैठक करते जिलाधिकारी।

### पुनरीक्षण कार्य में सहयोग प्रदान करें दल

**बहराइच, अमृत विचार :** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा हेतु गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के साथ आयोजित बैठक के दौरान डीएम अक्षय त्रिपाठी ने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से पुनरीक्षण अभियान में सहयोग प्रदान करने की अपील की। डीएम ने बताया कि जिले में अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृतक व डुप्लीकेट के रूप में चिह्नित मतदाताओं की सूची बूथवार उपलब्ध करा दी गई है। जहां पर भी इनकी संख्या अधिक है, वहां यह सुनिश्चित कर लें कि कोई पात्र मतदाता छूटने न पाए।



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र सौंपते पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा।

### रेल मंत्री से मिले पूर्व सांसद, सौंपा पत्र

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** बहराइच-खलीलाबाद नई रेल लाइन परियोजना में तेजी लाने की मांग को लेकर शुक्रवार को पूर्व सांसद व अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने रेल मंत्री को पत्र सौपकर बहराइच-खलीलाबाद रेल लाइन परियोजना की प्रगति के बारे में जानकारी दी। रेल मंत्री को सौंपे पत्र में पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने कहा है श्रावस्ती में रेल लाइन नहीं है। पूर्व सांसद ने रेल मंत्री से बताया कि बहराइच-खलीलाबाद रेल लाइन के निर्माण कार्य में बहराइच, श्रावस्ती व बलरामपुर जिले में परियोजना की प्रगति शून्य है, इसलिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाए। जिससे रेल लाइन का निर्माण पूरा किया जा सके।



कथावाचक संत रामचंद्र दास। अमृत विचार

### सबरी की भक्ति सुन भक्त भावुक

**खैरीघाट, बहराइच, अमृत विचार :** बरदहा बाजार स्थित बाबा परमहंस धाम पर आयोजित श्रीराम कथा के सातवें दिन गुरुवार की शाम माता सबरी की भक्ति की कथा सुनाई। इस दौरान पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भावुक हो गए। वृंदावन धाम से आए प्रवाचक संत रामचंद्र दास ने कहा कि भगवान श्रीराम वनवास के दौरान माता सबरी से मिले और उनकी भक्ति में उन्होंने उनके द्वारा चखे जूठे बेर भी खाए ।प्रवाचक ने बताया कि भगवान भाव के भूखे होते है तथा उन्होंने भक्तों को मोह माया से अपने को दूर रखने को बताया इसके साथ ही अपने गुरु पर पूर्ण विश्वास रखने को कहा।




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अधिवेशन में मौजूद अतिथि। अमृत विचार

### अधिवेशन का समापन

**बहराइच, अमृत विचार :** किसान डिग्री कॉलेज में तीन दिनों से चल रहे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का अधिवेशन शुक्रवार को समाप्त हो गया। अवध प्रांत की अध्यक्ष प्रो . नीतू सिंह ने प्रांत मंत्री अर्पण कुशवाहा को चार सूत्रीय सुझाव प्रस्ताव के रूप में दिया। अवध प्रांत राष्ट्रीय कलामंच की कला अभिरंग नाम से वार्षिक पत्रिका विमोचन किया गया। इसके बाद शोध कार्य पत्रिका का विमोचन तान्या तिवारी, अवध विवि के इकाई अध्यक्ष शोधार्थी राघवेंद्र तिवारी ने किया।

## गलन भरी ठंड का शुरू हुआ दौर

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** तराई में शीतलहर का प्रकोप शुरू हो चुका है। शुक्रवार को पूरे दिन घना कोहरा छाया रहा। इस दौरान चलने वाली पछुआ हवाओं के कारण पूरे दिन सूर्यदेव दिन कोहरे की चादर में में छिपे रहे। ऐसे में ठंड के कारण जनजीवन प्रभावित रहा। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान आठ डिग्री और अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस रहा।

तराई में शुक्रवार धूप नहीं दिखी। गुरुवार शाम शुरू हुआ घना कोहरा पूरे दिन छाया रहा। रात में कोहरे का प्रकोप काफी बढ़ गया, शुक्रवार सुबह दृश्यता काफी कम रही। घने कोहरे के कारण रास्ते में 10 मीटर से आगे किसी को कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। कोहरे के कारण सुबह सड़कों पर वाहनों की लाइट जलती रही, इतना ही नहीं वाहन सड़कों पर रेंगते दिखे। सुबह घने कोहरे के कारण स्कूल जाने वाले छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ा। गर्म कपड़े पहनने के बाद भी बच्चे कांपते हुए स्कूल पहुंचे। वहां दिन में गलन भरी ठंड के बीच पढ़ने को मजबूर दिखे। कोहरे के साथ ही गलन भरी पछुआ हवा चलती रही। इसके कारण लोग ठंड से परेशान रहे।



घने कोहरे के बीच गुजरता साइकिल सवार। ● अमृत विचार

## नौ साल लगाया कोर्ट का चक्कर, अब हुए दोषमुक्त

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम राजापुर रानी के मजरा लबेदपुर निवासी एक किशोर की हत्या कर शव बोरे में भरकर बूढ़ी राप्ती नदी में छिपाया गया था। इस मामले में पिता ने गांव के ही दो भाइयों पर हत्या का केस दर्ज कराया था। तब से दोनों भाई न्यायालय का चक्कर लगा रहे थे। शुक्रवार को जिला जज ने आरोपी भाइयों को दोषमुक्त कर दिया।

आरोपी भाइयों की पैरवी कर रहे अधिवक्ता अशोक पाठक व कौशलेंद्र विक्रम यादव ने बताया कि लबेदपुर निवासी प्रहलाद पासी ने भिनगा कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि उसका पुत्र विक्रम (मृतक) 20 जून 2016 को अपनी मां गंगा देवी के साथ गांव के ही माधव के पुत्री की शादी में नाच देखने गया था। वहां से मध्यरात्रि के करीब गंगा देवी घर लौट आई थी, जबकि विक्रम नाच देखने के लिए रुक गया था। उसका शव बाद में गांव के पास शव बूढ़ी राप्ती नदी में बोरे के अंदर रखा मिला था। इस मामले में प्रहलाद ने पुरानी रंजिश को लेकर अपने पाटीदार कोयले व धन्नू उर्फ राजू पुत्रगण चंद्रिका प्रसाद पर अपने पुत्र की हत्या कर शव बोरी में भरकर नदी में छुपाने का आरोप लगाया था।

प्रतियोगिता | मदन लाल अग्रवाल स्मारक राज्यस्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का शुभारंभ

# छोटे शहरों की प्रतिभाओं में अपार संभावनाएं : सीडीओ

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** डिस्ट्रिक्ट ओलम्पिक एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित द्वितीय मदन लाल अग्रवाल स्मारक राज्य स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि महामण्डलेश्वर स्वामी रवि गिरी महाराज ने फीता काटकर किया।

विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, एसपी सिटी अशोक कुमार सिंह, सीआरओ देवेन्द्र पाल सिंह तथा सदर विधायक प्रतिनिधि अशोक जायसवाल ने शो मैच खेलकर प्रतियोगिता की औपचारिक शुरुआत की। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महामण्डलेश्वर स्वामी रवि गिरी महाराज ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि खेल अनुशासन, धैर्य और आत्मविश्वास सिखाता है। विशिष्ट अतिथि सीडीओ मुकेश चन्द्र ने कहा कि छोटे शहरों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। एसपी सिटी अशोक कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि खेल युवाओं को शारीरिक रूप से मजबूत बनाता है। समारोह को सीआरओ देवेन्द्र पाल सिंह, कोऑपरेटिव बैंक के डायरेक्टर अशोक जायसवाल, आयोजक श्याम करन टेकड़ीवाल, बैडमिंटन संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, टूर्नामेंट संयोजक राना अनिल सिंह, ओलम्पिक संघ के संरक्षक अशोक मातनहेलिया, डिस्ट्रिक्ट ओलम्पिक एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष मल्होत्रा, ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव मनोज गुप्ता, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह भूपेन्द्र सिंह, कमल शेखर गुप्ता आदि थे।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते महामंडलेश्वर रविगिरी महराज। ● अमृत विचार

## जिला प्रबंधन समिति की बैठक

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को डीडीआरसी जिला प्रबंधन समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता करते हुए डीएम ने फिजियो थेरेपी, बीएमडी, बेरा जांच की सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में डीएम अश्वनी कुमार पांडेय ने कहा कि जिला दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र में दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं बढ़ाई जाए। उन्होने बेरा जांच की एक और मशीन स्थापित करने, फिजियोथेरेपी के उपकरण बढ़ाने व बीएमडी मशीन स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि जिले के 60 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों के लिए वयोश्री योजना के तहत कैंप लगवा कर बुजुर्गों को उपकरण उपलब्ध कराया जाए।

# अमृत विचार

शनिवार, 20 दिसंबर 2025





कोई भी व्यक्ति आसानी से नुकसान पहुंचा सकता है, लेकिन हर कोई दूसरे का भला नहीं कर सकता।
–प्लेटो, दार्शनिक

## ग्रामीण नीति में बड़ा मोड़

लोकसभा द्वारा दो दशकों से लागू मनरेगा की जगह रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक, 2025 का पारित होना ग्रामीण भारत की नीति-दिशा में एक ऐतिहासिक बदलाव है। यह बदलाव केवल नाम का नहीं, बल्कि प्राथमिकताओं और शासन-ढांचे का भी है। नई व्यवस्था ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करेगी या फिर रोजगार गारंटी को कमजोर करेगी, यह कुछ बरस बाद पता चलेगा। निःसंदेह बीते 20 वर्षों में ग्रामीण भारत की तस्वीर बदली है। सड़कों, बिजली, इंटरनेट और डिजिटल भुगतान ने गांवों को मुख्यधारा से जोड़ा है। गैर-कृषि रोजगार भी बढ़े हैं। मनरेगा के तहत औसतन 100 दिन की गारंटी के बावजूद मजदूरों को साल में केवल 50–55 दिन ही काम मिल पाया। ऐसे में सरकार का मानना था कि पुरानी योजना प्रासंगिक नहीं रही, आजीविका और उत्पादकता पर केंद्रित नया कानून जरूरी था। जल, जलवायु और आधारभूत ढांचे पर केंद्रित नई योजना जल सुरक्षा, जल-संरक्षण, ग्रामीण परिसंपत्तियों और जलवायु परिवर्तन के अनुकूल कार्यों को प्राथमिकता देकर पर्यावरणीय दृष्टि से अधिक प्रासंगिक बन सकती है और ग्रामीण क्षेत्रों को जल-संकट और जलवायु जोखिमों से निपटने में मदद कर सकती है। पारदर्शिता के मोर्चे पर बायोमेट्रिक उपस्थिति, डिजिटल भुगतान और कड़ी निगरानी व्यवस्था जैसे भ्रष्टाचार-निरोधक तकनीकी उपायों से लीकेज घटेगा तो, पर भ्रष्टाचार पूरी तरह खत्म तभी होगा जब स्थानीय स्तर पर जवाबदेही और सामाजिक अंकेक्षण मजबूत हों।

योजना के कुछ प्रावधान गंभीर सवाल खड़े करते हैं। खेती के सीजन में 60 दिनों तक योजना का काम बंद रहेगा, ताकि खेती के लिए मजदूर मिल सकें, लेकिन यह अवधि केंद्र सरकार तय करेगी। आशंका यह है कि मजदूरों की उपलब्धता बढ़ने से उनकी मजदूरी की सौदेबाज़ी की ताकत घटे और दिहाड़ी पर दबाव पड़े। 125 दिनों के रोजगार की गारंटी कागज़ पर आकर्षक है, पर जब पुरानी योजना में 100 दिनों की गारंटी भी पूरी नहीं हो पाई, तो नई गारंटी पर भरोसा कैसे किया जाए? वित्तीय ढांचे में भी बड़ा बदलाव है। अब केंद्र 60 प्रतिशत और राज्य 40 फीसदी खर्च वहन करेंगे। इससे राज्यों पर भारी बोझ पड़ेगा। उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों पर यह अतिरिक्त बोझ 3,000 करोड़ रुपये से अधिक हो सकता है। बंगाल, झारखंड और पंजाब जैसे राज्यों ने इस योजना को लेकर असहमति जताई है, उनके पीछे यही वित्तीय और प्रशासनिक चिंता है। जब अधिकांश अधिकार केंद्र के पास होंगे, तो संसाधन-संकट से जूझ रहे राज्य इसमें कितनी रुचि लेंगे, यह बड़ा प्रश्न है।

यदि राज्यों ने काम कम दिया या योजना को गंभीरता से नहीं लिया, तो काम न मिलने की स्थिति में गरीब ग्रामीण परिवारों की हालत और खराब हो सकती है। यही कारण है कि यह बदलाव ग्रामीण नीति के सबसे अहम मोड़ों में गिना जाएगा। फिलहाल नई व्यवस्था का वास्तविक असर रोजगार, कृषि उत्पादकता, आय और पर्यावरण पर कम से कम 2–3 वर्षों में ही साफ होगा। इतना तय है कि यह कदम अवसर के साथ जोखिम भी है। सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या सरकार रोजगार गारंटी की आत्मा को बचाते हुए पूरी ईमानदारी से ग्रामीण आजीविका और पर्यावरण के लक्ष्यों को संतुलित कर पाती है या नहीं।

### प्रसंगवश

## नवीन का चुनाव और बीजेपी की रणनीति

भारतीय जनता पार्टी ने पटना की बांकीपुर सीट से विधायक और बिहार सरकार में मंत्री नितिन नवीन सिन्हा को पार्टी का नया कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। नितिन नवीन भारतीय जनता पार्टी के इतिहास में जेपी नड्डा के बाद दूसरे कार्यकारी अध्यक्ष होंगे। भारतीय जनता पार्टी के संविधान में कार्यकारी अध्यक्ष का कोई औपचारिक पद नहीं है, लेकिन साल 2019 के बाद से बीजेपी में पूर्णकालिक अध्यक्ष नियुक्त करने से पहले कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त करने की एक परंपरा शुरू हुई है।

जेपी नड्डा जून 2019 में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बने थे और फिर जनवरी 2020 में उन्हें सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया था। नितिन नवीन सवर्ण उपजाति-कायस्थ समुदाय के नेता हैं और 45 साल उम्र है, लिहाजा वह भाजपा के सबसे युवा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हैं। कुछ समय बाद वह जेपी नड्डा के उत्तराधिकारी के तौर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेंगे। बेशक नितिन नवीन भाजयुमो में अनुराग ठाकुर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय महासचिव के तौर पर काम कर चुके हैं, कुछ राज्यों के प्रभारी और सह-प्रभारी भी रहे हैं, लिहाजा संगठन की आत्मा और अपेक्षाओं को वह बखूबी जानते हैं।



डॉ. ओपी त्रिपाठी
चिकित्सक

जब नड्डा पार्टी अध्यक्ष बने थे, तब उनकी उम्र 52 साल थी। अमित शाह 49 साल के थे। राजनाथ सिंह भी 52-53 साल के रहे होंगे। अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी की आयु भी 55-58 साल की रही होगी, जब वे पहली बार भाजपा अध्यक्ष बने थे, लिहाजा उम्र शीर्ष नेतृत्व का कोई मानदंड नहीं है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी का यह 'नवीन' प्रयोग चुनौतीपूर्ण जरूर है।

पीएम मोदी ने मुख्यमंत्री पद पर मोहन चरण माझी, मोहन यादव, भजनलाल शर्मा, बिप्लव देब, भूपेंद्र पटेल, पुष्कर सिंह धामी, नायब सिंह सैनी आदि को विराजमान कर भाजपा की नई पीढ़ी को नेतृत्व सौंपा था। इन्हीं नेताओं की तरह नवीन भी भाजपा की चौथी पीढ़ी के प्रतिनिधि हैं। उनकी पहचान कभी 'राष्ट्रीय' नहीं रही। नितिन नवीन उसी श्रृंखला की नई कड़ी बन गए हैं, जिसे अटल, आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, राजनाथ सिंह से लेकर जेपी नड्डा तक ने स्थापित किया और भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का सम्मान दिलाया।

उनके सामने राजनीतिक और चुनावी चुनौती यह है कि 2026 में असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल में विधानसभा चुनाव होने हैं और 2027 में उप्र के महाचुनाव सामने होंगे। केरल में तिरुवनंतपुरम के स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा की बड़ी जीत हुई है और उसने वाम मोर्चे के 45 साल पुराने किले को ढहा दिया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि विधानसभा चुनाव में भी जनता भाजपा-एनडीए को कमोबेश एक मौका जरूर देगी, लेकिन तमिलनाडु में आज भी भाजपा 'शून्य' है।

बेशक अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन से उसे कुछ सीट हासिल हो जाएं, लेकिन तमिल के हिंदुओं ने अभी भाजपा को स्वीकार नहीं किया है। प्रधानमंत्री मोदी बार-बार वहां के राम मंदिरों में जाकर और पूजा कर प्रयास कर रहे हैं कि जनता की स्वीकृति मिल सके। वैसे परिणाम चुनाव के बाद ही स्पष्ट होंगे। नवीन के सामने 2028-29 की राजनीतिक चुनौतियां भी गंभीर होंगी, क्योंकि 2029 के लोकसभा चुनाव के बाद संभवतः मोदी प्रधानमंत्री बनना नहीं चाहेंगे, लिहाजा एक वैकल्पिक चेहरे की आवश्यकता होगी। उसकी तैयारी भी 2026 से शुरू करनी पड़ेगी।

# आंकड़ों में राहत पर युवाओं की चुनौती





राजेश श्रीनेत
वरिष्ठ पत्रकार

देश के शहरी क्षेत्र में रोजगार की स्थिति हाल के वर्षों में तेजी से बदली है और इसके आंकड़े उम्मीद और चिंता दोनों को सामने लाते हैं। वित्त वर्ष 2022 में जहां शहरी बेरोजगारी दर 14.3% थी, वहीं वित्त वर्ष 2025 में इसके घटकर लगभग 9% पर आने का अनुमान है। यह गिरावट अपने आप में महत्वपूर्ण है, क्योंकि महामारी के दौरान शहरी क्षेत्रों में रोजगार पर सबसे गहरा असर पड़ा था। दफ्तर बंद हुए, सेवा क्षेत्र ठप पड़ा और लाखों लोग या तो काम से बाहर हो गए या उन्हें गांवों की ओर लौटना पड़ा। ऐसे में कुल शहरी बेरोजगारी दर में यह सुधार अर्थव्यवस्था के पुनरुद्धार का संकेत देता है।

इस सुधार में महिलाओं की भूमिका खास तौर पर उल्लेखनीय रही है। उपलब्ध श्रम बल सर्वेक्षणों के अनुसार शहरी महिला कार्यबल भागीदारी दर पिछले तीन वर्षों में लगातार बढ़ी है। महामारी से पहले जहां शहरी महिलाओं की कार्यबल भागीदारी लगभग 20 से 21 प्रतिशत के आसपास थी, वहीं अब यह 25 प्रतिशत के करीब पहुंच रही है। स्वास्थ्य, शिक्षा, रिटेल, घरेलू सेवाओं, आईटी सपोर्ट और गिग इकॉनमी जैसे क्षेत्रों में महिलाओं के लिए नए अवसर बने हैं। वर्क फ्रॉम होम और हाइब्रिड कार्य व्यवस्था ने भी कई महिलाओं को पारंपरिक दफ्तर से जुड़े बिना कमाई करने का मौका दिया है।

यही कारण है कि शहरी बेरोजगारी दर में आई गिरावट का एक बड़ा हिस्सा महिला रोजगार में वृद्धि से जुड़ा हुआ है। तस्वीर का दूसरा पहलू कहीं अधिक चिंताजनक है। शहरी युवाओं की बेरोजगारी दर अब भी ऊंचे स्तर पर बनी हुई है। मौजूदा आंकड़ों के अनुसार 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के शहरी युवाओं में बेरोजगारी दर लगभग 16.8% है। यह दर कुल शहरी बेरोजगारी दर से लगभग दोगुनी है। इसका अर्थ यह है कि अर्थव्यवस्था में पैदा हो रहे रोजगार युवाओं को उस अनुपात में नहीं मिल पा रहे हैं, जिस अनुपात में वे श्रम बाजार में प्रवेश कर रहे हैं।

> वित्त वर्ष 2022 में शहरी बेरोजगारी दर 14 .3 प्रतिशत थी, वहीं 2025 में इसके घटकर लगभग 9 प्रतिशत पर आने का अनुमान है। इसी तस्वीर का दूसरा पहलू कहीं अधिक चिंताजनक है।

हर साल देश में लगभग एक करोड़ युवा कामकाजी आयु में पहुंचते हैं, जिनमें से एक बड़ा हिस्सा शहरी क्षेत्रों में रोजगार की तलाश करता है। उच्च शिक्षा में नामांकन बढ़ने के कारण स्नातक और परास्नातक युवाओं की संख्या भी तेजी से बढ़ी है। अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण के अनुसार पिछले दस वर्षों में उच्च शिक्षा में नामांकन करीब 75 प्रतिशत तक बढ़ा है। इसके बावजूद हम उद्योग और सेवा क्षेत्र में इतनी संख्या में नौकरियां पैदा नहीं कर पाए हैं, जो इन शिक्षित युवाओं को समाहित कर सकें।

शहरी युवा बेरोजगारी का एक कारण कौशल और मांग के बीच असंतुलन भी है। कई सर्वेक्षण बताते हैं कि निजी क्षेत्र के लगभग 45 से 50 प्रतिशत नियोक्ता नए स्नातकों को तुरंत रोजगार योग्य नहीं मानते। उन्हें अतिरिक्त प्रशिक्षण देना पड़ता है, जिससे लागत बढ़ती है। परिणामस्वरूप कंपनियां या तो अनुभवी कर्मचारियों को प्राथमिकता देती हैं, या फिर ऑटोमेशन और तकनीक के जरिए काम चलाने का विकल्प चुनती हैं। इससे एंट्री लेवल नौकरियों की संख्या घटती जा रही है, जो युवाओं के लिए रोजगार का पहला कदम होती हैं।

इसके साथ ही शहरी युवाओं की अपेक्षाएं भी रोजगार संकट को जटिल बनाती हैं। वे अधिकतर स्थायी, सामाजिक सुरक्षा वाली और सम्मानजनक आय देने वाली नौकरियों की तलाश में रहते हैं। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षणों से संकेत मिलता है कि शहरी युवाओं का एक बड़ा हिस्सा अनौपचारिक और कम वेतन वाले काम को अस्थायी समाधान के रूप में भी स्वीकार नहीं करना चाहता। दूसरी ओर अर्थव्यवस्था में उपलब्ध रोजगार का एक बड़ा हिस्सा अभी भी अनौपचारिक या अर्ध औपचारिक प्रकृति का है, जहां आय और सुरक्षा सीमित होती है।

शहरी युवा बेरोजगारी के सामाजिक प्रभाव भी गंभीर हैं। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार लंबे समय तक बेरोजगार रहने वाले युवाओं में मानसिक तनाव, अवसाद और आत्मविश्वास की कमी की संभावना अधिक होती है। शहरी क्षेत्रों में अपराध और नशे से जुड़ी समस्याओं के साथ बेरोजगारी का संबंध भी कई बार सामने आया है।

महिलाओं के रोजगार में सुधार के बावजूद यह भी सच है कि रोजगार की गुणवत्ता अभी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। शहरी कामकाजी महिलाओं में से लगभग 60 प्रतिशत अब भी कम वेतन या असुरक्षित हालात में काम कर रही हैं। प्रबंधकीय और तकनीकी उच्च पदों पर उनकी हिस्सेदारी सीमित है। समान कार्य के लिए समान वेतन का अंतर भी कई क्षेत्रों में बना हुआ है, इसलिए शहरी बेरोजगारी दर में आई गिरावट को केवल सकारात्मक आंकड़ा मानकर संतोष कर लेना सही नहीं होगा।

नीतिगत स्तर पर इस स्थिति से निपटने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है। शहरी युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों को केवल संख्या बढ़ाने तक सीमित न रखकर उनकी गुणवत्ता पर ध्यान देना होगा। अप्रेंटिसशिप और ऑन द जॉब ट्रेनिंग को उद्योग के साथ जोड़कर वास्तविक रोजगार के अवसरों में बदला जाना चाहिए। निजी क्षेत्र को युवाओं की भर्ती के लिए प्रोत्साहन देने वाले उपाय, जैसे वेतन सब्सिडी या कर राहत, भी रोजगार सृजन में सहायक हो सकते हैं। शिक्षा व्यवस्था में सुधार भी उतना ही जरूरी है।

विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों के पाठ्यक्रमों को तेजी से बदलते रोजगार बाजार के अनुरूप बनाना होगा। डिजिटल कौशल, डेटा विश्लेषण, ग्रीन टेक्नोलॉजी और केयर इकॉनमी जैसे उभरते क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना समय की मांग है। साथ ही शहरी युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रेरित करना और उन्हें ऋण, मेंटरशिप और बाजार तक पहुंच उपलब्ध कराना भी बेरोजगारी के दबाव को कम कर सकता है।

### आमने



आम आदमी पार्टी से जुड़े नेता कचरे को जलाते हैं, जिससे प्रदूषण बढ़े और रेखा सरकार को घेरे में ले सकें। अरविंद केजरीवाल की सरकार में प्रदूषण के हालात वर्तमान स्थिति से बेकार थे। पिछले 10 सालों की मार आज भी दिल्ली झेल रही है।

–मनजिंदर सिरसा
पर्यावरण मंत्री, दिल्ली

### सामने



मेरी सरकार के दस साल में मैंने कभी इतना भयंकर प्रदूषण नहीं देखा। मौजूदा सरकार सिर्फ आंकड़ों के साथ खेलने में लगी हुई है। AQI नापने वाली मशीनों के आसपास पानी छिड़क कर रीडिंग कम दिखाने की कोशिश की जा रही है। इतनी चालाकी के बाद भी स्तर 400-500 से नीचे नहीं आ पा रहा।

–अरविंद केजरीवाल
पूर्व मुख्यमंत्री, दिल्ली

# नेपाल में स्थगित हो सकते हैं आम चुनाव



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

नेपाल में जिस तेजी से हिंदूवादी संगठनों की सक्रियता बढ़ रही है उससे ऐसा लगता है कि या तो मार्च में होने वाला चुनाव स्थगित हो जाए या फिर सांप्रदायिकता के साये में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चुनाव हो। चुनाव की तैयारी में जुटे राजनीतिक दलों ने भी ऐसी आशंका जताई है। प्रतिनिधि सभा के निवर्तमान एमाले सांसद मंगल प्रसाद गुप्ता की मानें तो नेपाल में राज संस्था के पक्ष में माहौल बनाने में हिंदूवादी संगठन तेजी से सक्रीय हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यद्यपि यह आसान नहीं है और न ही संभव है, लेकिन इन संगठनों का आंदोलन यदि तेज हुआ तो मार्च में होने वाला चुनाव जरूर बाधित हो सकता है।

बता दें कि नेपाल की अंतरिम सरकार ने सत्ता संभालते ही मार्च में चुनाव कराकर चुनी हुई सरकार को सत्ता सौंप देने का वादा किया था। अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की अपने वादे पर कायम रहते हुए चुनाव की तैयारी के लिए लगातार चुनाव आयोग के अधिकारियों के साथ बैठकें करने में व्यस्त हैं। इसी के साथ नेपाल के राजनीतिक दलों की भी सक्रीयता बढ़ी है। कम्युनिस्ट दलों ने आपस में विचार-विमर्श कर एक मंच पर आने की पहल भी शुरू कर दी है। पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने चुनाव बहिष्कार का फैसला किया था, लेकिन अब वे भी तैयार हो गए हैं।

हाल ही में अप्रत्यक्ष रूप से उन्होंने भारत पर निशाना साधकर स्पष्ट कर दिया है कि उनके चुनाव का मुख्य एजेंडा भारत विरोध ही रहेगा। ओली यदि अपने इसी रुख पर अड़े रहे, तो उनका प्रचंड के साथ तालमेल शायद संभव न हो। प्रचंड भारत से किसी विवाद का हल बातचीत से चाहते हैं न कि बयानबाजी से। जेन जी आंदोलन के दौरान सभी दलों के शीर्ष नेता अपमानित हुए हैं। किसी को सरेआम मारा पीटा गया, तो किसी का घर जला कर राख कर दिया गया। इसके बाद बड़े दलों ने एकजुटता की जरूरत महसूस की। कम्युनिस्ट दलों ने जहां एक मंच पर आने का संकेत दिया है, वहीं नेपाली कांग्रेस ने भी छोटे-छोटे दलों के साथ एक अलग मंच बनाने में दिलचस्पी दिखाई है। फिलहाल अभी न तो प्रचंड, ओली के एक मंच पर आने की तस्वीर साफ हुई है और न ही नेपाली कांग्रेस के साथ छोटे दलों की ही तस्वीर साफ हुई है, लेकिन इसे लेकर कयासबाजी का दौर जारी है।

> नेपाल में जिस तेजी से हिंदूवादी संगठनों की सक्रियता बढ़ी है, उससे ऐसा लगता है कि चुनाव स्थगित हो सकते हैं। वहां के राजनीतिक दलों ने भी ऐसी ही आशंका जताई है।

मार्च में संभावित चुनाव के पहले नेपाल के विभिन्न इलाकों में हुई सांप्रदायिक घटनाओं ने अंतरिम सरकार की चिंता बढ़ा दी है। इस बार राजावादी शक्तियां हिंदुत्व और राज संस्था कि बहाली के लिए आर-पार की जंग की तैयारी में हैं। नेपाल के विभिन्न क्षेत्रों में हाल की सांप्रदायिक घटनाओं पर गौर करें, तो कार्की सरकार की तरफ से इसे रोकने का कोई प्रयास सामने नहीं आया है। चुनाव की तैयारी में सक्रिय नेपाल के राजनीतिक दलों में इस बात को लेकर चिंता है कि जेन जी आंदोलन की भांति यह चुनाव भी कहीं हिंदूवादी संगठनों के उग्र आंदोलन की भेंट न चढ़ जाए?

पिछले दिनों मधेश प्रदेश सरकार के मदरसा बिल मंजूर करने को लेकर हिंदू संगठनों ने जिस तरह उग्र विरोध किया, उससे यह संकेत मिलता है कि चुनाव नजदीक आते ही इस तरह के आंदोलन और तेज होंगे। मधेश प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री सरोज कुमार ने सदन में इस बिल को ऐसे समय मंजूरी दी, जब वे खुद ही सदन में विश्वासमत हासिल करने में विफल हो गए थे। हिंदूवादी संगठन इसे मधेश में मुस्लिमों को बढ़ावा देने वाला कदम बताया। प्रदेश सभा में मदरसा बिल पारित करने की घोषणा के बाद जनकपुर धाम सहित पूरे मधेश प्रदेश में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए।

विश्व हिंदू परिषद नेपाल, नेपाल हिंदू स्वयंसेवक संघ, नेपाल हिंदू सेना सहित कई हिंदूवादी संगठनों ने जगह-जगह टायर जलाकर प्रदर्शन किया तथा मुख्यमंत्री का पुतला फूंका। एकाध जगह प्रदर्शनकारियों तथा पुलिस के बीच झड़प भी हुई। हिंदू संगठनों का मानना है कि पूरे नेपाल में 90 प्रतिशत हिंदू आबादी है। हिंदू गुरुकुल के लिए सरकार कुछ नहीं करती, वहीं मदरसों को आधुनिक भवन, मोलवियों को सरकारी शिक्षक की तरह वेतन और उसमें पढ़ने वाले मुस्लिम छात्रों को सरकार की ओर से भोजन आदि की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मधेश क्षेत्र में मदरसा बिल के बहाने हिंदू संगठनों का प्रदर्शन लगातार चल रहा है।

नेपाल में इन दिनों हिंदू सम्राट सेना नामक नया हिंदू संगठन तेजी से पांव पसार रहा है। पिछले दिनों इस संगठन ने भी मुस्लिम आयोग खारिज करने की मांग को लेकर कई जिलों में जबर्दस्त प्रदर्शन किया। यह संगठन हिंदू राष्ट्र और राज संस्था की भी मांग कर रहा है। हिंदू सम्राट सेना ने नेपाल को रोहिंग्या से भी खतरा बताया है। यह संगठन नेपाल में रोहिंग्या की गहन खोज के साथ उन्हें बाहर निकालने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहा है।

हिंदू सम्राट सेना के केंद्रीय उपाध्यक्ष श्री कृष्ण सनातनी के नेतृत्व में नेपाल के विभिन्न जिलों में हिंदू हितों की मांग को लेकर आंदोलन की रूपरेखा तय की गई है। नेपाल के तराई में सक्रिय एक हिंदू नेता ने बताया कि आगामी मार्च में होने वाले प्रतिनिधि सभा के चुनाव तक नेपाल के कोने-कोने तक हिंदुत्व की अलख जगाने की योजना पर तेजी से काम हो रहा है।

### सोशल फोरम

## नूर जहां की वसीयत- न हो कब्र पर चरागां

आखरी वसीयत में नूरजहां ने अपनी ख़्वाहिश ज़ाहिर की थी 'इस नाचीज़ की क़ब्र पे न तो चराग़ां किया जाए, न ग़ुलाब बिखेरे जाएं और न ही तितलियों के पंख उड़ाए जाएं...।'



मो. तसनीम आजाद
लेखक

मेहरुन्निसा को जानते हैं आप? शायद नहीं। किंतु, 'नूरजहां' का नाम लेते ही जेहन में एक हसीन मुगल रानी की तस्वीर उभर आती है। नूरजहां का दूसरा परिचय यह है कि उन्हें मुगल काल की सबसे ताकतवर महिला के रूप में भी देखा जाता है। यहां नूरजहां का जिक्र इसलिए हो रहा है, क्योंकि नूरजहां ही मेहरुन्निसा थीं। नूरजहां (1577-1645) मुगल काल की एक महारानी थीं, जिन्हें भारत के इतिहास में मुगल शासक जहांगीर (सलीम) की सबसे पसंदीदा पत्नी के तौर पर याद किया जाता है। उनके पिता गयास बेग मुगल शासक अकबर की सेवा करते थे। अकबर ने उनके पिता को 'इतमत-उद-दौला' (राज्य का एक स्तंभ) की पदवी दे रखी थी। इसके बाद उनके भाई आसफ खान ने जहांगीर और उनके उत्तराधिकारी शाहजहां की सेवा की।

मेहरुन्निसा की पहली शादी 17 साल की उम्र में एक पारसी साहसी शेर अफगान अली कुली खान इस्ताजलु से हुई थी। उनसे उन्हें पहली संतान भी हुई, जिसका नाम उन्होंने लाडली बेगम रखा था। 1607 में शेर अफगान के निधन के बाद मेहरुन्निसा ने आगरा किले में मुगल साम्राज्य की सेवा करना शुरू की। 1605 में अकबर के निधन के बाद जहांगीर ने उत्तराधिकारी के तौर पर शासन किया। इस दौरान मेहरुन्निसा की जिम्मेदारी जहांगीर की सौतेली माताओं में से एक रुकैया सुल्ताना बेगम की सेवा करने की थी। वहीं पर उसने हरम की स्त्रियों के लिए चोलियां, पोलकों, दुपट्टों, लहंगों तथा उनके वस्त्रों की नयी-नयी डिजाइनों को ईजाद किया। उसने श्रृंगार तेल और सुगन्धित पदार्थों से बने इत्र आदि का निर्माण किया था। गुलाब के इत्र का आविष्कार नूरजहां ने किया था।

नूरजहां पुरुषों के समान साहस भी रखती थीं। घुड़सवारी, शस्त्र चलाना उन्हें प्रिय थे। वह शेर, चीते का आखेट करती थीं। वह उदार, सहृदय और दानशील थीं। साहित्य व ललित कलाओं के प्रति उन्हें विशेष अनुराग था। वह फारसी भाषा और साहित्य की अच्छी ज्ञाता थीं। फारसी में कविताएं भी करती थीं। उन्होंने कमरों की साज-सज्जा और शाही दावतों के नवीन ढंग प्रचलित किए।

### सामयिकी

## मेसी की दीवानगी व देश में फुटबॉल का यथार्थ

कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में जो हुआ, वह भारतीय फुटबॉल के लिए शर्म का दिन था। लियोनेल मेसी के भारत दौरे की शुरुआत एक सपना था जो दुःस्वप्न में बदल गया। हजारों प्रशंसकों ने 3,500 से 12,000 रुपये तक खर्च करके अपने आदर्श को देखने का सपना देखा था, लेकिन उन्हें मिली केवल 20 मिनट की झलक और असीमित निराशा। नतीजा था तोड़फोड़, हिंसा और भारतीय फुटबॉल की बदहाल स्थिति की एक और शर्मनाक तस्वीर।

यह घटना केवल एक प्रबंधन की विफलता नहीं थी। यह भारतीय फुटबॉल की गहरी समस्याओं का प्रतीक है, जहां दीवानगी तो है लेकिन दिशा नहीं, जुनून तो है लेकिन योजना नहीं और सपने तो हैं लेकिन उन्हें पूरा करने की व्यवस्था नहीं। कोलकाता की इस घटना ने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया। फुटबॉल के प्रति भारतीयों की इतनी दीवानगी है, फिर विश्व मंच पर हमारी स्थिति इतनी कमजोर क्यों है? भारत में फुटबॉल प्रेमियों की कोई कमी नहीं है। कोलकाता, गोवा, केरल और पूर्वोत्तर राज्यों में फुटबॉल की परंपरा सदियों पुरानी है। 1911 में मोहन बागान का ब्रिटिश टीम को हराना आज भी गर्व से याद किया जाता है। 1996 में भारत ने अपनी सर्वोच्च फीफा रैंकिंग 94 हासिल की थी, लेकिन आज क्या हाल है?



जयदेव राठी
अधिवक्ता

आज भारत फीफा विश्व रैंकिंग में 142वें स्थान पर है, जो 2016 के बाद से सबसे निचली रैंकिंग है। भारत ने कभी भी फीफा विश्व कप के फाइनल में खेला ही नहीं है। एशिया में 46 देशों में भारत का स्थान 24वां है। यह वही देश है, जिसकी आबादी 140 करोड़ से अधिक है। 2024 में भारत ने एक भी मैच नहीं जीता और साल के अंत में 126वीं रैंकिंग पर था, जो 2017 के बाद से सबसे खराब प्रदर्शन था। जून 2025 में थाईलैंड और हांगकांग से लगातार हार के बाद भारत 133वें स्थान पर आ गया, जिसके बाद कोच मनोलो मार्केज़ को भारतीय फुटबॉल महासंघ से अलग होना पड़ा।

भारतीय फुटबॉल की असली समस्याएं बहुत गहरी हैं। सबसे पहली समस्या है बुनियादी ढांचे का अभाव। देश में गुणवत्तापूर्ण स्टेडियमों की कमी है, उचित प्रशिक्षण सुविधाएं नहीं हैं, खेल के मैदान कम हैं और युवा विकास कार्यक्रम अपर्याप्त हैं। दूसरी बड़ी समस्या है क्रिकेट का प्रभुत्व। भारत में क्रिकेट एक धर्म की तरह है। खेल का बजट, मीडिया कवरेज, प्रायोजन सब कुछ क्रिकेट के इर्द-गिर्द घूमता है। फुटबॉल को केवल टुकड़े मिलते हैं। तीसरी समस्या है, प्रशासनिक अव्यवस्था। भारत में लंबे समय तक दो समानांतर लीग, आई-लीग और इंडियन सुपर लीग चलती रहीं, जिससे भ्रम और संसाधनों का विभाजन हुआ।

असली सवाल यह नहीं है कि हम मेसी से कितना प्यार करते हैं? असली सवाल यह है कि हम अपनी खुद की फुटबॉल विरासत के लिए क्या कर रहे हैं! जब तक हम संरचना, अनुशासन और दूरदर्शिता के साथ अपनी दीवानगी को नहीं जोड़ते, तब तक भारतीय फुटबॉल विश्व मंच पर केवल एक दर्शक बना रहेगा, कभी खिलाड़ी नहीं बनेगा। यह कड़वा सच है, लेकिन इसे स्वीकार करना और इस पर काम करना ही एकमात्र रास्ता है।

भारत को 140 करोड़ लोगों की अपनी असली फुटबॉल क्षमता का एहसास करने के लिए केवल मेसी को देखने की दीवानगी से आगे बढ़ना होगा। हमें अपने खुद के मेसी तैयार करने की व्यवस्था बनानी होगी। स्टेडियम में सीटें तोड़ना बहुत आसान है, लेकिन सपनों को वास्तविकता में बदलना बहुत कठिन है। भारतीय फुटबॉल को दूसरे की जरूरत है, पहले की नहीं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।



# प्रकृति का मंत्रोच्चार
# आत्मा की यात्रा का पड़ाव

यात्राएं अक्सर शरीर को थकाती हैं, लेकिन कुछ स्थान ऐसे होते हैं, जो उत्साह और उमंग भरने के साथ आत्मा को छू लेते हैं। नैमिषारण्य की यात्रा मेरे लिए कुछ ऐसा ही अनुभव लेकर आई। सुबह की नरम धूप और हल्की ठंडी हवा के बीच जब मैं नैमिष की ओर बढ़ रहा था, तो मन एक अजीब शांति से भरता जा रहा था। रास्ते में जब लोगों ने बताया कि नैमिष वह तपोभूमि है, जहां देवी-देवताओं और ऋषियों ने युगों तक साधना की। इसके बाद तो हवा के हर झोंके में आध्यात्मिकता का स्पंदन महसूस होने लगा। समीप पहुंचते ही ऐसा लगा जैसे यह भूमि अपने हर कण में इतिहास, अध्यात्म और पवित्रता समेटे है।



शिवेंद्र सिंह बघेल
शिक्षक

नैमिष पहुंचकर सबसे पहला दर्शन चक्रतीर्थ का हुआ। गोल घेरे में बने इस पवित्र सरोवर को देखते ही मन श्रद्धानवत हो गया। पानी बिल्कुल स्थिर था, लेकिन उसमें किसी अनदेखी लय की अनुभूति हो रही थी। जैसे समय की गति थमकर ध्यान में बैठ गई हो। जब मैंने अपने हाथ में जल उठाया, तो भीतर एक अजीब ऊर्जा महसूस हुई। मान्यता है कि ब्रह्माजी के चक्र से यह गोल कुंड बना था। चक्रतीर्थ से आगे बढ़ते हुए मैं हनुमानगढ़ी पहुंचा। यह मंदिर थोड़ी ऊंचाई पर स्थित है। मंदिर में बजती घंटियों की मधुर ध्वनि एक अलग ही संसार रच रही थीं। भक्तों की श्रद्धा, हवा में बिखरी चंदन की खुशबू और दीयों की लौ का तेज, सब मिलकर ऐसा माहौल बना रहे थे, जिसे शब्दों में बांध पाना कठिन है। मैं काफी देर सिर झुकाए खड़ा रहा, इस दौरान लगा मानो कोई अदृश्य शक्ति सिर को स्पर्श कर रही हो।

नैमिषारण्य केवल मंदिरों का समूह नहीं, बल्कि एक पूरी तपस्थली है। यहां के जंगलों में चलते समय ऐसा महसूस होता है कि प्रकृति स्वयं मंत्रोच्चार कर रही हो। लंबे-लंबे वृक्षों की छाया के नीचे चलते हुए मुझे लगा कि मैं किसी प्राचीन कथा का हिस्सा बन गया हूं। पक्षियों का कलरव और पत्तियों की सरसराहट का संगीत अनोखी शांति बिखेरता लगा। थोड़ा आगे बढ़कर मैंने व्यास गद्दी, दधीचि ऋषि आश्रम और अन्य पवित्र स्थलों के दर्शन किए। हर जगह एक अलग इतिहास, एक अलग भावना और एक अलग प्रकार का सुकून मिला। ऋषियों के तप और कथाओं की ऊर्जा इस स्थान पर जीवित प्रतीत हुई। शाम होने को थी और सूरज की किरणें चक्रतीर्थ के जल पर सोना बिखेर रही थीं। किनारे बैठकर डूबते सूरज को देखते हुए महसूस हुआ कि नैमिषारण्य धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि आत्मा की यात्रा का पड़ाव है। यहां आकर मन अपने आप ही विनम्र, शांत और निर्मल हो जाता है।






## धार्मिक महत्व

नैमिषारण्य हिंदू धर्म की सबसे प्राचीन और पवित्र तपोभूमि में से एक है। माना जाता है कि यहां 88,000 ऋषियों ने सत्य और धर्म की रक्षा हेतु दीर्घकालीन यज्ञ किया था। पुराणों में वर्णित अधिकांश कथाएं, विशेषकर वेदव्यास और सूत जी द्वारा सुनाई गई कई महापुराणों की रचना, इसी पवित्र भूमि पर हुई। यह स्थान देवताओं, ऋषियों और साधकों की ऊर्जा से पूर्ण है। मान्यता है कि यहां की यात्रा जीवन के पापों को क्षीण करके मन को आध्यात्मिक शक्ति देती है और साधक को सत्य, शांति तथा मोक्ष के मार्ग के करीब लाती है।

## इसलिए प्रसिद्ध है चक्रतीर्थ

चक्रतीर्थ नैमिषारण्य का सबसे पवित्र केंद्र माना जाता है। मान्यता है कि जब देवताओं ने सुरक्षित तपोभूमि की तलाश की, तब भगवान विष्णु ने अपना चक्र घुमाया और जहां वह गिरा, वहीं यह तीर्थ बना। इसके जल को अत्यंत पवित्र और कल्याणकारी माना जाता है। कहते हैं कि यहां स्नान करने से न केवल पापों का नाश होता है, बल्कि मन और आत्मा की शुद्धि होती है। पुराणों में इसे धरती का सबसे शुभ तीर्थ बताया गया है।


## दधीचि ऋषि से जुड़ा इतिहास

मान्यता है कि नैमिषारण्य में दधीचि ऋषि ने देवताओं के लिए अपना शरीर अर्पित किया था। असुरों से रक्षा हेतु भगवान इंद्र को वज्र बनाने के लिए दधीचि की अस्थियों की आवश्यकता पड़ी और उन्होंने निःस्वार्थ भाव से अपना शरीर त्यागकर धर्म की रक्षा की। नैमिष की धरती दधीचि के इसी दिव्य तप, त्याग और साहस को संजोए हुए है, जहां आने से व्यक्ति त्याग, करुणा और धर्म की शक्ति को गहराई से महसूस करता है।

---

**जॉब का पहला दिन**

## विभागाध्यक्ष की कुर्सी ने कराया जिम्मेदारी का एहसास



बात 5 सितंबर 2017 की है। माध्यमिक सेवा चयन आयोग से बतौर सहायक प्रोफेसर नौकरी लगी। गोरखपुर होम टाउन था, लेकिन नौकरी ज्वाइन करने के लिए हमें मुरादाबाद के कांठ का डिग्री कॉलेज आवंटित हुआ। मन में तमाम सवाल उठ रहे थे, कैसे कहां क्या करेंगे, मन में नई उमंगें लेकर गोरखपुर से मुरादाबाद के लिए ट्रेन में बैठ गए। नौकरी ज्वाइन करने के पहले दिन ट्रेन से मुरादाबाद जंक्शन पहुंचे, यहां से कांठ के डीएसएम डिग्री कॉलेज जाने के लिए एक बस पकड़ी। करीब एक घंटे में बस ने कांठ में उतार दिया, काफी खोजबीन के बाद कॉलेज पहुंचे, तब हम इस कॉलेज का पूरा नाम नहीं जानते थे, वहां पहुंचने पर मालूम हुआ कि इस कॉलेज का पूरा नाम ध्यान सिंह मैमोरियल डिग्री कॉलेज है, वो भी बोर्ड देखकर। यह कॉलेज राज घराने से ताल्लुक रखता है, अंग्रेजों के समय के बने इस कॉलेज में पहले दिन सबसे पहली समस्या भाषा की आई, गोरखपुर और मुरादाबाद की बोलचाल की भाषा में काफी अंतर है। कॉलेज में हर कोई व्यक्ति अपरिचित की नजर से हमें और हम उन्हें देखते थे, भाषा के साथ परिचय और खानपान की समस्या भी सामने आई। हमारे यहां चाय के साथ मीठा नहीं दिया जाता है। कॉलेज में पहले दिन चाय संग मीठा मिला। यह अनुभव जीवन में पहली बार हुआ।

उस दिन कॉलेज में कोई और प्रोफेसर नहीं पहुंचे, तो प्राचार्य ने मुझे पहले दिन राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंप दी, जबकि यूनिवर्सिटी में पढ़ने के दौरान हम देखते थे कि विभागाध्यक्ष की बड़ी जिम्मेदारी होती है। क्लास में गए और राजनीति विज्ञान के बच्चों से परिचय हुआ, बच्चों से परिचय होने के दौराना उनका रूझान रोजगार की तरफ ज्यादा दिखा, तब पहले दिन बच्चों को पढ़ाई अच्छे से करने के साथ रोजगार के बारे में भी बताया। बच्चों की जिज्ञासाओं को शांत किया। जॉब का पहले दिन का अनुभव जीवन का सबसे श्रेष्ठ रहा है। चाय संग मीठा और पहले दिन ही विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी निभाने का एहसास जीवन के लिए बेहतर साबित हुआ। कांठ डिग्री कॉलेज में कई साल गुजारे और ग्रामीणों को भी विभिन्न योजनाओं के प्रति कार्यक्रम चलाकर जागरूक किया। इसके बाद रुहेलखंड यूनिवर्सिटी में काफी समय तक शिक्षण कार्य किया।

नीरज पाठक
*सहायक रजिस्टार फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स, बरेली*



---

## मेकअप वाली लड़की

एक समय की बात है, एक लड़की थी, जिसका नाम लूसी था। उसे मेकअप करने का बहुत शौक था। वह बिना मेकअप के घर से बाहर भी नहीं निकलती थी। स्कूल में उसे सब लोग 'परफेक्ट दिखने वाली लड़की' के नाम से जानते थे।

एक दिन स्कूल में अनाउंसमेंट हुआ कि जल्द ही प्रॉम नाइट होने वाली है। यह सुनकर लूसी बहुत उत्साहित हो गई। वह उसी पल से तैयारियों के सपने देखने लगी। जब सब लड़कियां अपने-अपने दोस्तों के साथ खरीदारी करने गईं, लूसी अकेली ही निकल पड़ी। उसने मेकअप की सारी चीजें खरीद लीं- लिपस्टिक, आईलाइनर, ब्लश, मस्कारा, आईशैडो, फाउंडेशन आदि। उसने एक खूबसूरत ड्रेस भी खरीदी। आखिरकार वह बड़ी रात आ गई। लूसी सुबह जल्दी उठी, तैयार हुई और मेकअप करना शुरू कर दिया। उसने पूरा दिन और शाम सिर्फ तैयार होने में लगा दी।

रात 7 बजे जब वह प्रॉम वेन्यू पहुंची, तो हर लड़की सुंदर लग रही थी, लेकिन लूसी सबसे अलग और चमकदार दिख रही थी। जब प्रॉम क्वीन का नाम घोषित हुआ, तो आवाज आई-"प्रॉम क्वीन हैं, बेका मेसन!" सबको पता था कि बेका बहुत दयालु और अच्छी लड़की है, इसलिए कोई हैरान नहीं हुआ, लेकिन अचानक बेका रोने लगी और बोली- "रुकिए! मैं विनर नहीं हूं।" पूरा हॉल उसकी ओर देखने लगा। बेका ने कहा- "मैं इस प्रतियोगिता में भाग ही नहीं ले रही थी।" प्रिंसिपल ने सिर हिलाया और फिर दोबारा घोषणा की- "प्रॉम क्वीन हैं लूसी!" लूसी खुश तो थी, लेकिन उसने एक महत्वपूर्ण बात समझ ली- सच्ची चमक मेकअप से नहीं, बल्कि खुशी और दयालुता से आती है। उसने देखा कि बेका बिना मेकअप के भी मुस्कुरा रही थी, खुश थी और सबके साथ नाच रही थी। **-वनीशा साधवानी**



---

**आपबीती**

## जिंदा रहने के लिए जरूरी है काम

बीते दिनों ऑनलाइन कुछ खाने का आर्डर किया। बताया गया कि पौन घंटे में डिलीवर हो जाएगा। हम तसल्ली से मैच देखते हुए खाने का इंतजार करते रहे। बीच-बीच में कुछ-कुछ पढ़ते भी रहे। इसके साथ मोबाइल में आए नोटिफिकेशन भी टनटन बजते तो उनको भी देख लेते। कुल मिलाकर एक 'व्यस्त इंतजार' करते रहे। थोड़ी देर में मैसेज आया। डिलीवर करने वाले का नाम और संदेश कि वह निकल चुका है। बताया कि बीस मिनट में पहुंचेगा।

मैच में भारत की स्थिति मजबूत दिख रही थी। पहले बॉलिंग और फिर बैटिंग दोनों में खिलाड़ियों का प्रदर्शन बढ़िया रहा। थोड़ी देर में मैच भी जीत गया भारत, लेकिन खाना नहीं आया। डिलीवरी करने वाले को करीब घंटे भर से सत्ताईस मिनट की दूरी पर ही दिखाता रहा जोमैटो। मैच खत्म होने के बाद रेस्टोरेंट वाले ने बताया कि डिलीवरी वाला, उनके यहां से तो निकल चुका है खाना लेकर। डिलीवरी वाले को फोन लगाया तो पता चला कि वह तो अभी गोमतीनगर में है। वहां से डिलीवरी करने के बाद आएगा हमारा खाना लेकर। गोमतीनगर हमारे घर से करीब बीस किलोमीटर की दूरी पर है। मतलब करीब आधा घंटा की दूरी।



अनूप शुक्ल
कानपुर

डिलीवरी वाला काफी देर तक सत्ताईस मिनट की दूरी पर ही रहा। शायद वह पहले वाली डिलीवरी ही निपटा रहा होगा। इसके बाद उसने चलना शुरू किया। हमारे पास पहुंचने के मिनट कम होते गए। अंततः वह आ ही गया। अपना सामान लेने के बाद हमने देरी का कारण पूछा, तो उसने बताया कि साथ ही उसको तेलीबाग में डिलीवरी का आर्डर मिला था (तेलीबाग हमारे घर के पास ही है)। वहां पहुंचने पर पता चला कि डिलीवरी गोमती नगर करनी है। जोमैटो वालों ने कहा-"जाना ही पड़ेगा, तो जाना ही पड़ा।"

गलती किसकी है पता नहीं, लेकिन इस चक्कर में डिलीवरी वाले को करीब चालीस किलोमीटर अतिरिक्त गाड़ी चलानी पड़ी। ग्राहक भगवान होता है। भगवान की सेवा जरूरी है। जाड़े के मौसम में मोटरसाइकिल पर चालीस किलोमीटर गाड़ी अतिरिक्त चलानी पड़ी डिलीवरी वाले को। बातचीत करने पर डिलीवरी वाले ने



बताया कि सुबह ग्यारह बजे से रात नौ बजे तक उसने 14 आर्डर निपटाए। सात सौ रुपये करीब कमाई हुई। दो सौ रुपये करीब पेट्रोल के निकालकर पांच सौ रुपये बचे। डिलीवरी वाला बालक जाड़े के हिसाब से कपड़े पहने था। टोपा भी लगाए था, लेकिन हाथ में दास्ताने नहीं पहने था। पूछने पर बोला-"गाड़ी चलाने में असुविधा होती है।"

हमारा खाना काफी देर से मिला। ठंडा भी हो गया था, लेकिन हमने डिलीवरी में सबसे अच्छी रेटिंग ही दी। खाना गर्म करके खा लिया। खाने के बाद हर बार की तरह यह भी सोचा कि खाना घर में ही बनाकर खाना चाहिए। सामान डिलीवरी करने वाले लोगों को देखता हूं, तो लगता कि कितना कठिन काम है यह। ऐसा काम, जिसमें आगे कोई उन्नति का स्कोप नहीं है, लेकिन लोग कर रहे हैं। मजबूरी है। करना पड़ता है। जिंदा रहने के जरूरी है।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 84,929.36 | 25,966.40 |
| बढ़त | 447.55 | 150.85 |
| प्रतिशत में | 0.53 | 0.58 |

सोना 1,36,515 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,04,100 प्रति किलो

अमृत विचार
अयोध्या, शनिवार, 20 दिसंबर 2025
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### अल्ट्राटेक सीमेंट को 6.58 करोड़ रुपये का कर नोटिस

**नई दिल्ली।** आदित्य बिरला समूह की कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट को जीएसटी से संबंधित देनदारी, ब्याज और जुर्माने समेत कुल 6.58 करोड़ रुपये के दो कर नोटिस मिले हैं। एक नोटिस केंद्रीय जीएसटी के उत्तर प्रदेश के नोएडा स्थित संयुक्त आयुक्त कार्यालय से मिला है। इसमें 72,62,390 रुपये के जीएसटी, 86,22,535 रुपये के ब्याज और 1,49,41,110 रुपये के जुर्माने की मांग की गयी है। यह राशि कुल 3,08,26,035 रुपये है। सरा नोटिस केंद्रीय जीएसटी के पश्चिम बंगाल स्थित भोलापुर के संयुक्त आयुक्त से प्राप्त हुआ है। इसमें 1,74,64, 611 करोड़ रुपये के कर और इतनी ही राशि के ब्याज तथा जुर्माने की मांग की गई है। कुल राशि 3,49,29,222 करोड़ रुपये है।

### फ्लिपकार्ट ने मिनिवेट एआई में हासिल की नियंत्रक हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** फ्लिपकार्ट ने एआई और मशीन लैंग्वेज समाधान प्रदाता कंपनी मिनिवेट एआई में नियंत्रक हिस्सेदारी हासिल कर ली है। फ्लिपकार्ट ने बताया कि यह अधिग्रहण मूल रचनात्मक एआई (जेनएआई) क्षमताओं के निर्माण और उनमें निवेश की दिशा में एक रणनीतिक कदम है। इससे फ्लिपकार्ट और दूसरे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के अधिक सहज तथा बेहतर खरीदारी अनुभव की ओर बढ़ने की उम्मीद है। मिनिवेट एआई ई-कॉमर्स के लिए रचनात्मक वीडियो पर केंद्रित है, जो उत्पादों के कैटलॉग को तस्वीरों की सीमाओं से निकालकर आकर्षक वीडियो कंटेंट में बदलता है।

### कनाडा, अमेरिका जनवरी में एफटीए की समीक्षा करेंगे

**टोरंटो।** कनाडा और अमेरिका जनवरी के मध्य में अपने मुक्त व्यापार समझौते की समीक्षा के लिए औपचारिक चर्चा शुरू करेंगे। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के कार्यालय ने यह जानकारी दी। कार्नी के कार्यालय ने बृहस्पतिवार को देर रात जारी बयान में कहा, प्रधानमंत्री ने प्रांतीय नेताओं को पुष्टि की है कि डोमिनिक लेब्लांक औपचारिक चर्चा शुरू करने के लिए जनवरी के मध्य में अमेरिकी समकक्षों से मिलेंगे।

# चीन के साथ व्यापार घाटा इसी साल 106 अरब डॉलर पहुंचने के आसार

## निर्यात के मुकाबले आयात में तेज वृद्धि के दृष्टिगत जीटीआरआई का आंकलन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत का चीन के साथ व्यापार घाटा इसी साल 106 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की आशंका है, क्योंकि पड़ोसी देश को होने वाले निर्यात की तुलना में आयात में तेजी से वृद्धि हो रही है। आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने शुक्रवार को एक रिपोर्ट में कहा गया कि चीन को देश का निर्यात 2021 में 23 अरब अमेरिकी डॉलर से 2022 में घटकर 15.2 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, यह 2023 में 14.5 अरब अमेरिकी डॉलर रहा और फिर 2024 में बढ़कर 15.1 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया।

अनुमान है कि 2025 में निर्यात बढ़कर 17.5 अरब



- सुधार उपाय सुझाने को किया गया अंतर मंत्रालयी समिति का गठन

अमेरिकी डॉलर हो जाएगा। इस कैलेंडर वर्ष में, देश में आने वाले माल का अनुमानित मूल्य 123.5 अरब अमेरिकी डॉलर है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, इससे चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा (आयात व निर्यात के बीच का अंतर) 2021 में 64.7 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2024 में 94.5 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया और इसके 2025 में 106 अरब अमेरिकी डॉलर रहने का अनुमान है।

वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने 16 दिसंबर को लोकसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि घाटा मुख्य रूप से कच्चे माल, मध्यवर्ती वस्तुओं एवं पूंजीगत वस्तुओं के आयात के कारण है, जैसे मोटर वाहन कलपुर्जे, इलेक्ट्रॉनिक घटक, मोबाइल फोन घटक, मशीनरी व उसके घटक, 'एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट्स' जिनका उपयोग तैयार उत्पादों को बनाने में किया जाता है और जिन्हें भारत से बाहर निर्यात भी किया जाता है।

जितिन ने कहा, आयात व निर्यात के रुझानों पर विचार करने और जहां आवश्यक हो, सुधारात्मक कार्रवाई की सिफारिश करने के लिए एक अंतर-मंत्रालयी समिति (आईएमसी) का गठन किया गया है। जीटीआरआई के अनुसार, चीन से भारत के करीब 80 प्रतिशत आयात केवल चार उत्पाद समूहों इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी, कार्बनिक रसायन और प्लास्टिक में केंद्रित हैं। भारत का चीन को निर्यात नवंबर में 90 प्रतिशत बढ़कर 2.2 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। अप्रैल-नवंबर के दौरान निर्यात में 33 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 12.2 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया।

## शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 8% बढ़कर 17.04 लाख करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** देश में एक अप्रैल से 17 दिसंबर के बीच शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह आठ प्रतिशत बढ़कर 17.04 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। रिफंड धीमा होने और कंपनियों के अधिक अग्रिम कर से शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह बढ़ा है।

आयकर विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह 10.54 प्रतिशत बढ़कर 8.17 लाख करोड़ से अधिक हो गया। वहीं गैर-कॉरपोरेट कर 6.37 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 8.47 लाख करोड़ रुपये रहा। इसमें जिसमें व्यक्तियों, एचयूएफ और कंपनियों द्वारा भुगतान किए गए कर शामिल हैं। चालू वित्त वर्ष में 17 दिसंबर तक प्रतिभूति लेनदेन कर से प्राप्त शुद्ध राजस्व सालाना आधार पर मामूली बढ़त के साथ 40,195 करोड़ रुपये रहा। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में सरकार ने प्रत्यक्ष कर संग्रह का अनुमान 25.20 लाख करोड़ रुपये लगाया है।

## आईबीएम 50 लाख भारतीयों को देगी एआई, साइबर सुरक्षा ट्रेनिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी आईबीएम ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह 2030 तक भारत में 50 लाख लोगों को कृत्रिम मेधा (एआई), साइबर सुरक्षा और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी अत्याधुनिक तकनीकों में प्रशिक्षण देगी।

कंपनी ने बताया कि यह योजना आईबीएम कौशल निर्माण कार्यक्रम के माध्यम से संचालित की जाएगी। इसका उद्देश्य भविष्य के लिए तैयार कार्यबल का निर्माण करना और लोगों के लिए उन्नत डिजिटल कौशल और रोजगार योग्यता के अवसर बढ़ाना है।

इस कार्यक्रम के तहत आईबीएम विद्यालयों, विश्वविद्यालयों और व्यावसायिक शिक्षा संस्थानों में अपने शैक्षिक प्रयासों का विस्तार करेगी। कंपनी अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के सहयोग से व्यावहारिक एआई प्रशिक्षण,



- अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी ने भविष्य के लिए उपयुक्त कार्यबल तैयार करने की मंशा जताई

संकाय सशक्तीकरण कार्यक्रम, हैकाथॉन और इंटर्नशिप आयोजित करेगी। आईबीएम के चेयरमैन और सीईओ अरविंद कृष्णा ने कहा, भारत में एआई और क्वांटम क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व करने की प्रतिभा और महत्वाकांक्षा है। अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों में दक्षता आर्थिक प्रतिस्पर्धा, वैज्ञानिक प्रगति और सामाजिक परिवर्तन को परिभाषित करेगी। उन्नत कौशल तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाकर, हम युवाओं और छात्रों को भारत के विकास को आगे बढ़ाने, नवाचार करने और गति प्रदान करने में सक्षम बना रहे हैं।

## केरल की उधारी सीमा में 59,00 करोड़ की कटौती

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

केरल के वित्त मंत्री केएन बालगोपाल ने चालू वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में राज्य की निर्धारित उधारी सीमा में 5,900 करोड़ रुपये की कटौती के केंद्र सरकार के फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए इसे राजनीति से प्रेरित और पूरी तरह अन्यायपूर्ण बताया। बालगोपाल ने कहा कि केरल-विरोधी इस निर्णय की जानकारी बुधवार रात केंद्र से प्राप्त एक पत्र के जरिए दी गई।

उन्होंने कहा, केंद्र का यह कदम केरल के विकास और कल्याणकारी कार्यक्रमों पर सीधा हमला है। वित्त मंत्री ने आरोप लगाया कि पिछले साढ़े चार वर्षों से केरल पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है और अब विधानसभा चुनाव से ठीक तीन महीने

- चुनाव से पहले केंद्र के झटके पर भड़की राज्य सरकार

पहले उधारी सीमा में इतनी बड़ी कटौती कर दी गई है। उन्होंने कहा, यह सरकार के अंतिम महीनों में कल्याणकारी पहलों को बाधित करने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने इसे केरल के लोगों के खिलाफ केंद्र की तरफ से जंग का एलान करार दिया। कहा कि केंद्र अन्य तरीकों से भी केरल को उसके वैध कर हिस्सेदारी से वंचित करता रहा है।

बालगोपाल ने मनरेगा में बदलाव पर कहा कि केंद्र ने रोजगार गारंटी योजना के क्रियान्वयन से पीछे हटना शुरू कर दिया है। योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाया जा रहा है और इसके वित्तीय बोझ का बड़ा हिस्सा राज्य पर डाला जा रहा है।

## अदाणी ग्रुप हवाई अड्डों में एक लाख करोड़ रुपये का करेगा निवेश

**मुंबई।** अदाणी समूह अगले पांच वर्ष में अपने हवाई अड्डों के कारोबार में एक लाख करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रहा है।


गौतम अदाणी के छोटे बेटे एवं अदाणी एयरपोर्ट्स के निदेशक जीत अदाणी ने 25 दिसंबर को नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर वाणिज्यिक परिचालन शुरू होने से पहले कहा, हवाई अड्डा क्षेत्र में अगले पांच वर्ष में एक लाख करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अदाणी समूह के बढ़ते हवाई अड्डा खंड में नवीनतम उपलब्धि है। इससे भारत के विमानन बुनियादी ढांचे में इसकी उपस्थिति और मजबूत होगी। नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड द्वारा विकसित किए जो रहे हवाई अड्डा में अदाणी समूह की 74 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

# चार दिन बाद लौटी तेजी, सेंसेक्स 447 अंक उछला

**मुंबई, एजेंसी**

वैश्विक बाजारों में तेजी और विदेशी निवेशकों की लिवाली के बीच घरेलू शेयर बाजार चार दिनों की गिरावट के बाद शुक्रवार को उछाल के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 447 अंक की तेजी रही जबकि निफ्टी 151 अंक चढ़ गया। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका में नवंबर के खुदरा मुद्रास्फीति आंकड़े कम रहने से फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में और कटौती की उम्मीद मजबूत हुई है जिससे निवेशकों का रुझान शेयरों की ओर बढ़ा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 447.55 अंक यानी 0.53 प्रतिशत चढ़कर 84,929.36 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 585.69 अंक बढ़कर 85,067.50 अंक तक पहुंच गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक



- वैश्विक बाजारों में तेजी, विदेशी लिवाली से चढ़ा घरेलू बाजार

निफ्टी भी 150.85 अंक यानी 0.58 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,966.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, एशियन पेंट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बजाज फिनसर्व के शेयर बढ़त में रहे। दूसरी तरफ, एचसीएल टेक, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और सन फार्मा के शेयरों में गिरावट का रुख देखा गया।

### विदेशी मुद्रा भंडार 1.69 अरब डॉलर बढ़ा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 1.689 अरब डॉलर बढ़कर 688.949 अरब डॉलर पर पहुंच गया। यह लगातार दूसरा सप्ताह है जब विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा है। गत 5 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में यह 1.033 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 687.26 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 12 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 90.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 557.787 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

### रुपया डॉलर के मुकाबले 53 पैसे मजबूत हुआ

**मुंबई।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया शुक्रवार को 53 पैसे मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 89.67 रुपये का बताया गया। भारतीय मुद्रा में यह लगातार तीसरी तेजी है। गुरुवार को यह 18 पैसे की मजबूती के साथ 90.20 रुपये प्रति डॉलर पर रही थी। रुपये में शुक्रवार को भारी उतार-चढ़ाव देखा गया। यह 90.1950 रुपये प्रति डॉलर पर लगभग स्थिर खुला और नीचे 90.3050 रुपये तथा ऊपर 89.25 रुपये प्रति डॉलर तक गया।

### चांदी 3,500 रुपये टूटकर 2,04,100 रुपये पर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को चांदी का भाव रिकॉर्ड स्तर से नीचे आ गया। स्टॉकिस्टों, फुटकर विक्रेताओं की ताजा बिकवाली के कारण चांदी 3,500 रुपये घटकर 2,04,100 रुपये प्रति किलोग्राम रही। बृहस्पतिवार को चांदी 1,800 रुपये बढ़कर 2,07,600 रुपये किलो के नए शिखर पर पहुंच गई थी। स्थानीय सर्राफा बाजार में, सोने की कीमत बृहस्पतिवार के बंद स्तर 1,36,500 रुपये प्रति 10 ग्राम से लगभग स्थिर रुख लिए 1,36,515 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) पर रही।



# नोएडा के थाने में महिला वकील की अवैध हिरासत, यौन उत्पीड़न पर सुप्रीम सख्ती

## केंद्र व राज्य सरकार से मांगा जवाब, थाने की सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने का आदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने यूपी के नोएडा स्थित एक पुलिस थाने में मुवक्किल की पैरवी में गई महिला वकील को अवैध रूप से हिरासत में रखने और उसका यौन उत्पीड़न किए जाने के मामले में शुक्रवार को केंद्र और राज्य सरकार जवाब तलब किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने गौतमबुद्ध नगर जिले के पुलिस आयुक्त को यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे की संबंधित अवधि की फुटेज को हटाया या नष्ट न किया जाए, बल्कि उसे सीलबंद लिफाफे में रखा जाए।

महिला अधिवक्ता ने अपनी याचिका में दावा किया है कि तीन दिसंबर की देर रात नोएडा के सेक्टर 126 पुलिस थाने में पुलिसकर्मियों ने उसे 14 घंटे तक अवैध हिरासत में रखा और इस दौरान उसका यौन



### घायल की रिपोर्ट लिखने पर जोर दिया तो भड़की पुलिस

याचिका में कहा गया है कि याचिकाकर्ता को केवल अपने पेशेवर कर्तव्य का निर्वहन करने और गंभीर रूप से घायल अपने मुवक्किल के लिए अनिवार्य प्राथमिकी दर्ज कराने पर जोर देने के कारण निशाना बनाया गया। याचिका में दावा किया गया है, पुलिसकर्मियों द्वारा याचिकाकर्ता की गर्दन पर सरकारी पिस्तौल रखकर और उसे मोबाइल फोन का पासवर्ड सौंपने के लिए मजबूर करने के कारण उसकी जान को खतरा पैदा हो गया। उसे फर्जी मुठभेड़ में जान से मारने की लगातार धमकियां भी दी गईं। आरोप लगाया गया है कि अधिकारियों ने पुलिस स्टेशन परिसर से सीसीटीवी प्रणाली को दुर्भावनापूर्ण तरीके से निष्क्रिय कर दिया या हटा दिया, जो उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित बाध्यकारी आदेश का घोर उल्लंघन था।

उत्पीड़न किया गया। उसने कहा है कि वह अपने मुवक्किल के प्रति अपने पेशेवर कर्तव्य का निर्वहन कर रही थी, लेकिन उसे हिरासत में रखकर यातनाएं दी गईं और जोर-जबरदस्ती की गई। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने कहा कि यह एक बेहद घिनौना मामला है, जिसमें एक महिला अधिवक्ता का यौन उत्पीड़न किया गया और उसे अवैध हिरासत में रखा गया। सिंह ने कहा, यह बेहद घिनौना मामला दिल्ली के आसपास ही घट रहा है। अगर यह नोएडा में हो रहा है तो पूरे देश की हालत के बारे में सोचिए।

पीठ ने कहा कि सामान्यतया वह संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत याचिका पर विचार नहीं करती और याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट जाने की स्वतंत्रता देती है। शीर्ष अदालत ने कहा था कि वह पहले से ही राजस्थान के पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने से संबंधित एक अलग मामले पर सुनवाई कर रही है। पीठ ने कहा, हालांकि, याचिका में लगाए गए गंभीर आरोपों और इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि यह मामला पुलिस थाने में घटना के दौरान सीसीटीवी कैमरों को अवरुद्ध करने से भी संबंधित है, हम इस याचिका पर विचार कर रहे हैं। नोटिस जारी करें, जिसका जवाब सात जनवरी को देना होगा। सिंह ने इसके बाद, याचिकाकर्ता की सुरक्षा का मुद्दा उठाया तो पीठ ने कहा, इस आदेश के पारित होने के बाद वे उसे छूने की हिम्मत नहीं करेंगे।

## पीडीपी नेता इल्तिजा मुफ्ती ने नीतीश के खिलाफ पुलिस को दी शिकायत

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की नेता इल्तिजा मुफ्ती ने महिला चिकित्सक का नकाब हटाने के मामले में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग करते हुए शुक्रवार को पुलिस में शिकायत दी। हालांकि, पुलिस ने अभी ये साफ नहीं किया है कि जदयू प्रमुख के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है या नहीं।

मुफ्ती ने कोठीबाग के थाना प्रभारी को दी गई शिकायत में कहा, जबरन नकाब हटाना न सिर्फ मुस्लिम महिला पर क्रूर हमला था, बल्कि हर भारतीय महिला की स्वायत्तता, पहचान और गरिमा पर भी हमला है। घटना सोमवार को पटना में मुख्यमंत्री सचिवालय में हुई, जहां आयुष चिकित्सक अपने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने पहुंचे थे। मुफ्ती ने कहा कि यह घटना और भी चिंताजनक है क्योंकि यह पूरे भारत में मुसलमानों को अलग-थलग करने और राजनीतिक और आर्थिक रूप से कमजोर करने की कोशिशों के बीच घटी है।

## उत्तर भारत में घने कोहरे की चादर दिल्ली के लिए रेड अलर्ट जारी

- बरेली समेत देश के तमाम शहरों में शून्य हुई दृश्यता, सड़क, हवाई और रेल यातायात प्रभावित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पंजाब से बिहार तक फैले घने कोहरे के कारण उत्तर भारत में दृश्यता शुक्रवार को कम हो गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली के लिए रेड अलर्ट जारी करते हुए सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित होने की चेतावनी दी है।

आईएमडी के अधिकारियों ने बताया कि उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तरपूर्वी मध्य प्रदेश और बिहार में घना कोहरा छाया हुआ दिखाई दे रहा है। सुबह साढ़े पांच बजे उत्तर प्रदेश के आगरा, बरेली, सहारनपुर और गोरखपुर, पंजाब में अंबाला, अमृतसर, बठिंडा, लुधियाना और आदमपुर, दिल्ली में सफदरजंग, हरियाणा में अंबाला, मध्य प्रदेश में ग्वालियर, बिहार में भागलपुर, और झारखंड में डाल्टनगंज में दृश्यता शून्य मीटर दर्ज की गई। आईएमडी ने दिल्ली के लिए रेड अलर्ट जारी किया है, जिसमें चेतावनी दी गई है कि कोहरे के कारण कुछ हवाई अड्डों पर परिचालन बाधित हो सकता है और राजमार्गों व रेलवे मार्गों पर भी असर पड़ सकता है। आईएमडी ने वाहन चलाने में परेशानी होने और सड़क दुर्घटनाओं के बढ़ने की आशंका जताई है।



दिल्ली में घने कोहरे के बीच अक्षरधाम मंदिर के पास पैदल पुल पर गुजरते लोग।

### बरेली समेत यूपी के कई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट

उत्तर प्रदेश के कई जिलों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है, जिनमें आगरा, अलीगढ़, बागपत, बरेली, बिजनौर, बुलन्दशहर, एटा, इटावा, फिरोजाबाद, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, हापुड़, हाथरस, मथुरा, मेरठ, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, रामपुर, सहारनपुर, शाहजहांपुर और शामली शामिल हैं। उत्तराखंड में हरिद्वार और उधम सिंह नगर तथा पंजाब में अमृतसर, फतेहगढ़ साहिब, गुरदासपुर, पटियाला और संगरूर में भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

## फोन टैपिंग मामले में तेलंगाना के पूर्व एसआईबी प्रमुख की हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने फोन टैपिंग मामले में आरोपी तेलंगाना विशेष खुफिया ब्यूरो (एसआईबी) के पूर्व प्रमुख टी प्रभाकर राव की पुलिस हिरासत 25 दिसंबर तक बढ़ा दी है। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि राव को 26 दिसंबर को पूछताछ के बाद रिहा कर दिया जाएगा और मामले में अगली सुनवाई की तारीख तक उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी।

शुक्रवार को कार्यवाही के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि राव ने आत्मसमर्पण कर दिया है लेकिन वह जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। उन्होंने अदालत में स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत की और पुलिस हिरासत को एक सप्ताह के लिए बढ़ाने का अनुरोध किया। मेहता ने अदालत को बताया कि राव मार्क्सवादियों पर नजर रखने की आड़ में कुछ खास व्यक्तियों की अवैध निगरानी कर रहे थे। राव की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता रंजीत कुमार ने दावा किया कि एसआईबी के पूर्व प्रमुख को पूछताछ के नाम पर परेशान किया जा रहा है और उनसे सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक पूछताछ की जा रही है।

# संसद परिसर में तृणमूल के सांसदों ने दिया पूरी रात धरना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने 'विकसित भारत-जी राम जी विधेयक' पारित होने के बाद विरोध करते हुए बृहस्पतिवार देर रात से शुक्रवार को दिन में 12 बजे तक संसद परिसर में धरना दिया। तृणमूल सांसद सागरिका घोष ने इस दौरान कहा कि मोदी सरकार ने दूसरी बार गांधी की हत्या की है। उधर, कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों के सांसदों ने शुक्रवार सुबह संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही शुरू होने से पहले जी राम जी विधेयक को लेकर प्रदर्शन किया।

संसद में विधेयक पारित होने के तुरंत बाद शुरू हुए तृणमूल के धरने

- जी राम जी विधेयक का विरोध, कहा- मोदी सरकार ने दूसरी बार की है गांधी की हत्या

में अन्य दलों के सांसद भी शामिल हुए। द्रमुक नेता तिरुचि शिवा, कांग्रेस सांसद जेबी माथेर, सैयद नासिर हुसैन, इमरान प्रतापगढ़ी, शक्ति सिंह गोहिल, आप के संदीप पाठक ने शुक्रवार सुबह इसमें भाग लिया। तृणमूल सांसद पूरी रात धरने पर बैठे रहे। राज्यसभा में पार्टी की उपनेता सागरिका घोष ने कहा कि जी राम जी विधेयक सदन में पेश करने से सिर्फ पांच घंटे पहले हमें दिया गया था। उन्होंने कहा कि विधेयक को विस्तृत चर्चा के लिए प्रवर समिति के पास भेजा जाना चाहिए था। घोष ने कहा, मनरेगा ग्रामीण क्षेत्र के गरीबी-श्रमिकों को रोजगार दे रहा था। इस विधेयक को नष्ट कर सरकार ने गरीबों पर हमला किया है। उन्होंने कहा, मोदी सरकार ने दूसरी बार महात्मा गांधी की हत्या की है। उसने रवींद्रनाथ टैगोर का भी अपमान किया है।



मनरेगा में बदलाव के खिलाफ शुक्रवार रात संसद परिसर में धरना देते तृणमूल सांसद।

### नया विधेयक गरीबों के लिए बेहद हानिकारक : प्रियंका

कांग्रेस और कई विपक्षी दलों के सांसदों ने शुक्रवार सुबह संसद परिसर में प्रदर्शन किया। हाथों में महात्मा गांधी की तस्वीर वाली तख्तियां लिए विपक्षी सांसदों ने संसद के मकर द्वार के निकट सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने संवाददाताओं से कहा, यह विधेयक सबसे गरीब लोगों के लिए बहुत हानिकारक होने वाला है क्योंकि मूल मनरेगा योजना में केंद्र 90 प्रतिशत धनराशि का भुगतान करता था और वह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ थी। योजना उन लोगों के लिए बड़ा सहयोग थी जो बहुत गरीब हैं और जिन्हें रोजगार मिलने में कठिनाई होती थी।

## घने कोहरे के कारण दिल्ली में रद्द की गईं 152 उड़ानें

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शुक्रवार सुबह घने कोहरे के कारण 152 उड़ानें रद्द रहीं। दिल्ली हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली से जाने वाली कुल 79 उड़ानें रद्द रहीं। इनमें दो अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें भी शामिल हैं। दूसरे शहरों से दिल्ली आने वाली दो अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों सहित 73 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। इनके अलावा कई उड़ानें रद्द भी रहीं। दिल्ली हवाई अड्डे पर गुरुवार रात नौ बजे के बाद ही दृश्यता कम हो गई थी। आधी रात के बाद कैट-3 की परिचालन प्रक्रिया लागू करनी पड़ी। हवाई अड्डे के तीन रनवे अब दोनों छोरों पर कैट-3 उपकरणों से लैस हो चुके हैं। इससे कैट-3 से लैस विमान कैट-3 प्रशिक्षित पायलटों के साथ उपकरणों की मदद से लैंड और टेकऑफ करने में सक्षम हैं। उत्तर भारत के शहरों में भी सुबह घने कोहरे के कारण उड़ानें बाधित रहीं।

# नीदरलैंड से विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएगा भारत

- विदेशमंत्री जयशंकर ने समकक्ष से वार्ता के पूर्व की पेशकश

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत ने नीदरलैंड के साथ विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के दायरे को बढ़ाते हुए सेमीकंडक्टर, डिजिटल और साइबरस्पेस आदि क्षेत्रों में भी सहयोग बढ़ाने की पेशकश की है।

विदेश मंत्री डा.एस जयशंकर ने शुक्रवार को यहां नीदरलैंड के विदेश मंत्री डेविड वैन वील के साथ वार्ता से पहले अपने प्रारंभिक वक्तव्य में कहा कि भारत नीदरलैंड के साथ द्विपक्षीय और यूरोपीय संघ के महत्वपूर्ण देश के रूप में अपने संबंधों को खासा महत्व देता है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच पिछले कुछ महीनों में कई महत्वपूर्ण समझौते हुए हैं जिनसे द्विपक्षीय सहयोग में नए आयाम जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि भारत को यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते में भी नीदरलैंड से समर्थन की उम्मीद है। कहा कि दोनों देशों में समुद्री क्षेत्र में रणनीतिक साझेदारी है और कृषि, स्वास्थ्य, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और जहाजरानी क्षेत्र में बहुत मजबूत सहयोग है।

# यूक्रेन में जल्द सैन्य लक्ष्य हासिल कर लेगा रूस : पुतिन

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को कहा कि मॉस्को की सेना यूक्रेन के युद्धक्षेत्र में आगे बढ़ रही है और क्रेमलिन के सैन्य लक्ष्य हासिल कर लिए जाएंगे। पुतिन ने अपने वर्षांत संवाददाता सम्मेलन में घोषणा की कि रूसी सेनाओं ने रणनीतिक पहल को पूरी तरह से अपने हाथ में ले लिया है तथा वर्ष के अंत तक और अधिक लाभ प्राप्त होंगे। क्रेमलिन का आशय रूस की सरकार या सत्ता प्रतिष्ठान से होता है। वर्ष 2022 में संघर्ष के शुरुआती दिनों में, यूक्रेन की सेना ने रूस की विशाल और बेहतर अस्त्रों से लैस सेना के राजधानी कीव पर कब्जा करने के प्रयास को विफल कर दिया था।

## विकसित भारत की नींव होगी मजबूत

विपक्ष के हंगामें और भारी विरोध के बीच संसद ने गुरुवार को विकसित भारत जी राम जी विधेयक पारित कर दिया। विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) या वीबी-जी राम जी नाम से लाई गई इस योजना से मजबूत और टिकाऊ ग्रामीण बुनियादी ढांचे का निर्माण होगा। सरकार का कहना है कि विधेयक के प्रावधान ग्राणीम मजदूरों को रोजगार देने के साथ किसानों के हित को भी सुनिश्चित करेंगे। सरकार का कहना है कि यह योजना पूर्ववर्ती मनरेगा योजना से कई मायनों में बेहतर और भिन्न है। यह ग्रामीण भारत को मजबूती देने के साथ ही विकसित भारत की नींव को और सुदृढ़ करेगी। इस योजना से फसली सीजन में कृषि कार्य के लिए मजदूरों की कमी नहीं होगी और ग्रामीणों को रोजगार भी मिलेगा। योजना पहले से अधिक पारदर्शी होगी।

# वीबी-जी राम जी योजना



### मनरेगा से किस तरह अलग

- सरकार की मानें तो नया कानून पुरानी योजना की ढांचागत कमजोरियों को दूर कर रोजगार, पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत करेगा। पहले मनरेगा के तहत हर ग्रामीण परिवार को 100 दिन काम की गारंटी थी। अब 125 दिन प्रति वर्ष तक रोजगार की गारंटी देने का प्रावधान किया गया है, जिससे ग्रामीण परिवारों को अधिक रोजगार और आय मिल सके। अब काम सिर्फ रोज़गार तक सीमित नहीं रहेगा। अब यह चार प्रमुख क्षेत्रों में काम करेगा जिसमें जल सुरक्षा कार्य, ग्रामीण आधारभूत संरचना, आजीविका से जुड़ी संरचनाएं, क्लाइमेट / आपदा-रोधी कार्य होंगे। नई योजना में केंद्र और राज्यों के बीच खर्च की साझेदारी होगी।

### श्रमिकों की नहीं होगी कमी

- नई योजना में कृषि कार्यों के समय मजदूरों की कमी नहीं होगी क्योंकि राज्य फसलों की बुवाई और कटाई के समय कुल 60 दिनों की अवधि अधिसूचित कर सकते हैं जब सार्वजनिक कार्य नहीं कराए जाएंगे। इसका फायदा यह होगा कि फसल सीजन में सार्वजनिक कार्य बंद होने से मजदूरी की दर नियंत्रित रहेगी और खाद्य उत्पादन की लागत भी नहीं बढ़ेगी। मुख्य एवं आजीविका अवसंरचना से किसान अपनी उपज सुरक्षित रूप से भंडारित कर सकेंगे जिससे फसलों को नुकसान भी कम होगा और बाजार तक उनकी फसलें भी आसानी से पहुंच सकेंगी।

### पारदर्शिता पर ध्यान

- नई योजना में केंद्र सरकार ने पारदर्शिता पर भी फोकस किया है। योजना में गड़बड़ी रोकने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी (एआई) का भी उपयोग किया जाएगा। योजना की निगरानी के लिए केंद्र और राज्य स्तर पर स्टीयरिंग कमेटियां होंगी। जीपीएस और मोबाइल से काम की निगरानी की जाएगी। हर हफ्ते काम और खर्च का सार्वजनिक रूप से खुलासा किया जाएगा। हर ग्राम पंचायत में वर्ष में दो बार ऑडिट होगी।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था होगी सुदृढ़

- सरकार के मुताबिक नई योजना तात्कालिक रोजगार देने के साथ ही ग्रामीण भारत को लंबे समय तक समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने का काम करेगी। योजना में जल संरक्षण को प्राथमिकता दी गई है। जल संबंधी कार्यों को प्राथमिकता देने से सिंचाई सुविधाएं बेहतर होंगी। बहु-फसली खेती की संभावना भी बेहतर होगी। बाढ़ के पानी की निकासी, जल संचयन और मिट्टी के संरक्षण जैसे कार्य फसलों की रक्षा करने के साथ प्राकृतिक आपदाओं से भी फसलों की रक्षा करेंगे। कनेक्टिविटी और आधारभूत ढांचे की मजबूती से गांवों तक बाजार पहुंचेंगे।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ब्राउन विवि गोलीबारी का संदिग्ध मृत मिला

**प्रोविडेंस।** अमेरिका की ब्राउन यूनिवर्सिटी में पिछले सप्ताहांत में हुई भीषण गोलीबारी के संदिग्ध की तलाश गुरुवार को न्यू हैम्पशायर के एक भंडारण केंद्र में समाप्त हुई जहां अधिकारियों ने इस घटना के संदिग्ध को मृत पाया। अधिकारियों ने कहा कि आरोपी पर मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के एक प्रोफेसर की हत्या का भी संदेह था। प्रोविडेंस के पुलिस प्रमुख कर्नल ऑस्कर पेरेज ने बताया कि ब्राउन यूनिवर्सिटी का पूर्व छात्र और पुर्तगाली नागरिक 48 वर्षीय क्लाउडियो नेवेस वैलेंते गुरुवार शाम को मृत पाया गया। ऐसा प्रतीत होता है कि संदिग्ध ने खुद को गोली मारी थी।

### पूर्व इराकी राष्ट्रपति बने शरणार्थी एजेंसी प्रमुख

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने गुरुवार को इराक के पूर्व राष्ट्रपति बरहम सालेह को संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचसीआर) का अगला प्रमुख नियुक्त करने को मंजूरी दे दी। वह 1970 के दशक के बाद पश्चिम एशिया से इस पद पर नियुक्त होने वाले पहले व्यक्ति होंगे। संयुक्त राष्ट्र की 193 सदस्यीय महासभा ने कुर्द नेता सालेह (65) को सर्वसम्मति से इस पद के लिए चुना। सालेह, फिलिपो ग्रांदी का स्थान लेंगे जिनका दूसरा पांच वर्षीय कार्यकाल 31 दिसंबर को समाप्त हो रहा है। सालेह का कार्यकाल एक जनवरी से शुरू होगा।

### यूक्रेन को 106 अरब डॉलर ऋण देगा ईयू

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ के नेताओं ने शुक्रवार को यूक्रेन को अगले दो वर्षों में उसकी सैन्य और आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए एक बड़ा ब्याज-मुक्त ऋण देने पर सहमति जताई। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंतोनियो कोस्टा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि हमारे बीच समझौता हो गया है। 2026-27 के लिए यूक्रेन को 106 अरब डॉलर की सहायता देने का निर्णय मंजूर कर लिया गया है। हमने प्रतिबद्धता जताई और उसे पूरा किया।

### अमेरिका में ब्रिटेन के नए राजदूत नियुक्त

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने गुरुवार को अमेरिका में ब्रिटेन के नए राजदूत की नियुक्ति की। यह नियुक्ति उस राजनयिक की जगह की गई है, जिन्हें यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से संबंधों के कारण पद से हटा दिया गया था। संयुक्त राष्ट्र में ब्रिटेन के मौजूदा स्थायी प्रतिनिधि क्रिश्चियन टर्नर अब पीटर मैंडेलसन की जगह लेंगे, जिन्हें बर्खास्त कर दिया गया था।

# भारत के साथ रक्षा साझेदारी को और मजबूत बनाएगा अमेरिका

## राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सहयोग बढ़ाने से जुड़े रक्षा नीति विधेयक पर किए हस्ताक्षर

- विधेयक में चीन की चुनौतियों से भी निपटने का किया उल्लेख

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक वार्षिक रक्षा नीति विधेयक पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें भारत के साथ अमेरिका की साझेदारी को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया है। विधेयक में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में मुक्त वातावरण को बढ़ावा देने और चीन से उत्पन्न चुनौती से निपटने के लिए चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद (क्वाड) के माध्यम से सहयोग बढ़ाने का भी उल्लेख किया गया है। गुरुवार को हस्ताक्षरित नेशनल डिफेंस ऑथोराइजेशन एक्ट फॉर फिस्कल ईयर 2026 में युद्ध मंत्रालय, ऊर्जा मंत्रालय के राष्ट्रीय सुरक्षा कार्यक्रमों, विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय, खुफिया एजेंसियों और अन्य कार्यकारी विभागों व एजेंसियों के लिए वित्तीय वर्ष की धनराशि आवंटित करने का निर्देश दिया गया है।

ट्रंप ने एक बयान में कहा कि यह अधिनियम ताकत के माध्यम से शांति कायम करने के मेरे एजेंडे को लागू करने, घरेलू और विदेशी खतरों से मातृभूमि की रक्षा करने, और रक्षा औद्योगिक आधार को मजबूत बनाने के लिए युद्ध मंत्रालय को सक्षम बनाएगा। इससे उन फिजूल और कठोर कार्यक्रमों के लिए धन मुहैया कराने पर लगाम लगेगी जिनसे हमारे देश के सैन्य कर्मियों की युद्ध लड़ने की भावना कमजोर होती है। इस अधिनियम में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रक्षा गठबंधनों और साझेदारियों को लेकर संसद के दृष्टिकोण को रेखांकित किया गया है। इसके तहत, रक्षा मंत्री को ऐसे प्रयास जारी रखने चाहिए, जिनसे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका के रक्षा गठबंधन और साझेदारियां मजबूत हों ताकि चीन के साथ रणनीतिक प्रतिस्पर्धा में अमेरिका को तुलनात्मक बढ़ मिल सके। विधेयक में क्वाड के माध्यम से मुक्त हिंद-प्रशांत क्षेत्र के साझा उद्देश्य को बढ़ावा देना, द्विपक्षीय व बहुपक्षीय संवादों, सैन्य अभ्यासों में भागीदारी, विस्तारित रक्षा व्यापार, मानवीय सहायता एवं आपदा प्रतिक्रिया को लेकर सहयोग; समुद्री सुरक्षा को लेकर अधिक सहयोग प्रदान करके भारत-अमेरिका साझेदारी को बढ़ावा देना शामिल है।



व्हाइट हाउस के ओवल आफिस में मारिजुआना को कम खतरनाक दवा के रूप में पुनः वर्गीकृत करने वाले कार्यकारी आदेश को दिखाते राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप।

### मारिजुआना को कम खतरनाक श्रेणी में रखा

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मारिजुआना (गांजा) को कम खतरनाक श्रेणी में रखने के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। अमेरिका में मादक पदार्थों और अन्य रासायनिक पदार्थों का पांच-स्तरीय वर्गीकरण किया गया है। इससे पहले मारिजुआना को पहली श्रेणी में रखा गया था, जहां इसे हेरोइन और एलएसडी जैसे मादक पदार्थों के साथ रखा गया था। अब नए आदेश के साथ इसे तीसरी श्रेणी में रखा जाएगा।

### ट्रंप ने ग्रीन कार्ड लॉटरी कार्यक्रम को स्थगित किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्रीन कार्ड लॉटरी कार्यक्रम को गुरुवार को स्थगित कर दिया। ब्राउन विश्वविद्यालय और एमआईटी में गोलीबारी की घटना का प्रमुख संदिग्ध इसी ग्रीन कार्ड लॉटरी कार्यक्रम का लाभ उठाकर अमेरिका में दाखिल हुआ था। होमलैंड सिक्योरिटी विभाग की सचिव क्रिस्टी नोएम ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ट्रंप के निर्देश पर, वह अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा को इस कार्यक्रम को रोकने का आदेश दे रही हैं। क्रिस्टी नोएम ने गोलीबारी की घटना के मुख्य संदिग्ध पुर्तगाली नागरिक क्लाउडियो नेवेस वैलेंते के बारे में कहा कि इस घृणित व्यक्ति को हमारे देश में कभी भी प्रवेश नहीं दिया जाना चाहिए था। नेवेस वैलेंते (48) पर ब्राउन विश्वविद्यालय में हुई गोलीबारी में शामिल होने का संदेह है। इस घटना में दो छात्रों की मौत हो गयी थी और नौ अन्य लोग घायल हुए थे। इसके अलावा गोलीबारी की एक अन्य घटना में एमआईटी के एक प्रोफेसर की मौत हो गई थी।

# बांग्लादेश में अंतरिम सरकार ने की हिंसा की निंदा, लोगों से शांति बनाने की अपील

- सरकार ने कहा-हम अराजकता और अशांति को नकारते हैं

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने शुक्रवार को अपने नागरिकों से कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा की गई हिंसा से दूर रहने का आह्वान किया है। इससे पहले हाल में यहां नकाबपोश बंदूकधारियों द्वारा गोली मारे जाने के छह दिन बाद एक प्रमुख युवा नेता की मौत हो गई थी। जुलाई में सरकार के विरूद्ध हुई हिंसक प्रदर्शनों में यह एक प्रमुख नेता था।

मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने एक बयान में एक हिंदू व्यक्ति की पीट-पीटकर कर दी गई हत्या की भी कड़ी निंदा की। उसने कहा कि नए बांग्लादेश में ऐसी हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। उसने कहा कि इस जघन्य अपराध के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। बांग्ला ट्रिब्यून समाचार पोर्टल ने खबर दी है कि मेमनसिंह शहर में गुरुवार को कथित ईशनिंदा के आरोप में दीपूचंद्र दास नामक एक हिंदू की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई और उसके शव को आग लगा दी गई।

मुख्य सलाहकार की प्रेस शाखा द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि हम हिंसा, धमकी, आगजनी और संपत्ति को नष्ट करने के सभी कृत्यों की कड़ी और स्पष्ट रूप से निंदा करते हैं। बयान में कहा गया है कि इस नाजुक घड़ी में, हम हर नागरिक से हिंसा, उकसावे और नफरत को अस्वीकार करके और उनका विरोध करके हादी (जुलाई के विद्रोह का एक प्रमुख नेता) का सम्मान करने का आह्वान करते हैं।

गुरुवार रात प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश के संस्थापक पिता शेख मुजीबुर रहमान के आवास, 32 धानमंडी की पहले से ही ध्वस्त इमारत में तोड़फोड़ की और ढाका में दो प्रमुख मीडिया संस्थानों के कार्यालयों पर हमला किया। प्रदर्शनकारियों ने चट्टगांव में सहायक भारतीय उच्चायुक्त के आवास पर ईंट और पत्थर भी फेंके। पुलिस ने आंसू गैस छोड़कर और लाठीचार्ज कर भीड़ को खदेड़ा एवं 12 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। बयान में कहा गया कि यह हमारे राष्ट्र के इतिहास का एक महत्वपूर्ण क्षण है जब हम एक ऐतिहासिक लोकतांत्रिक परिवर्तन से गुजर रहे हैं। हम कुछ लोगों को इसे पटरी से उतारने नहीं दे सकते।



ढाका में हिंसा के दौरान एक अखबार के कार्यालय परिसर के पास एक दुकान को आग लगाए जाने के बाद दुकान से किताबें बचाती एक बालिका।

### दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग की सुरक्षा बढ़ी

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के प्रमुख नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद पड़ोसी मुल्क में हुए हिंसक प्रदर्शनों के मद्देनजर नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश उच्चायोग की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस द्वारा टेलीविजन पर प्रसारित संबोधन में हादी की मौत की पुष्टि किए जाने के बाद वहां तनाव फैल गया। इसके बाद गुरुवार रात को वहां प्रदर्शन किए गए और इस दौरान हमले और तोड़फोड़ की गई।

# जुबिन की मौत : आपराधिक साजिश के संकेत नहीं मिले

- सिंगापुर पुलिस ने कहा-मामले की अभी चल रही जांच

सिंगापुर, एजेंसी

सिंगापुर पुलिस ने कहा कि मशहूर गायक जुबिन गर्ग की मौत के मामले की जांच जारी है लेकिन अब तक किसी आपराधिक साजिश के संकेत नहीं मिले हैं। गर्ग की 19 सितंबर को सिंगापुर में समुद्र में तैरते समय रहस्यमयी परिस्थितियों में मौत हो गई थी।

पुलिस ने गुरुवार को बताया कि यह मामला सिंगापुर कोरोनर्स अधिनियम, 2010 के तहत सिंगापुर पुलिस बल (एसपीएफ) की जांच के अधीन है। पुलिस के बयान में कहा गया है कि अब तक की जांच में एसपीएफ को जुबिन गर्ग की मौत में किसी प्रकार की आपराधिक साजिश का संदेह नहीं है। जांच पूरी होने के बाद इसके निष्कर्ष सिंगापुर के स्टेट कोरोनर (सरकारी शवपरीक्षक अधिकारी) को सौंपे जाएंगे, जो कोरोनर इन्क्वायरी करेगा। यह जांच फिलहाल जनवरी और फरवरी 2026 में निर्धारित है। एसपीएफ ने बताया कि सीआई एक तथ्य-खोज प्रक्रिया होती है, जिसका नेतृत्व कोरोनर करता है।

# फार्मा कंपनी का मालिक तस्करी में जम्मू से गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर पुलिस के मादक पदार्थ रोधी कार्य बल ने केंद्र शासित प्रदेश में मादक पदार्थों की तस्करी में कथित संलिप्तता के आरोप में दिल्ली स्थित एक दवा कंपनी के मालिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि मादक पदार्थ रोधी कार्य बल (एएनटीएफ) ने दक्षिणी दिल्ली निवासी और एक फार्मा कंपनी के मालिक जतीश बब्बर को पकड़ा। वह कई मादक पदार्थों और मनःप्रभावी पदार्थों से जुड़े मामलों में संलिप्त है। आरोपी कुख्यात मादक पदार्थ तस्कर है।

# बंदरगाह सुरक्षा ब्यूरो स्थापित करेगी केंद्र सरकार

- जहाजों, बंदरगाहों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा यह निकाय

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार बंदरगाहों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने लिए एक वैधानिक निकाय के तौर पर बंदरगाह सुरक्षा ब्यूरो का गठन करेगी। यह निकाय बंदरगाहों और जहाजों से जुड़ी सुरक्षा संबंधी सूचनाओं का समय पर विश्लेषण, संग्रहण और आपसी आदान-प्रदान सुनिश्चित करेगा।

अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि ब्यूरो साइबर सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को बंदरगाहों और जहाजों की सुरक्षा के लिए एक समर्पित निकाय के गठन के संबंध में बैठक बुलाई, जिसमें बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू भी उपस्थित हुए। शाह ने देश में एक मजबूत बंदरगाह सुरक्षा ढांचे की आवश्यकता पर जोर दिया।



बंदरगाहों और जहाजों की सुरक्षा संबंधी बैठक करते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह।

### साइबर सुरक्षा पर रहेगा खास ध्यान


यह साइबर सुरक्षा पर विशेष ध्यान केंद्रित करेगा। एक समर्पित विभाग भी होगा जो डिजिटल खतरों से बंदरगाह आईटी अवसंरचना की सुरक्षा करेगा। सरकार ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को एक मान्यता प्राप्त सुरक्षा संगठन नियुक्त किया है, जो बंदरगाह सुविधाओं के लिए सुरक्षा आकलन एवं सुरक्षा योजनाओं की तैयारी का जिम्मा संभालेगा। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) निजी सुरक्षा एजेंसियों (पीएसओ) को बंदरगाह सुरक्षा में प्रशिक्षण देगा। एजेंसियों को प्रमाणित किया जाएगा।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 दिसंबर, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- पौष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अमावस्या 07.12 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- हेमंत।
**चन्द्रबल**- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-मूल 21 दिसंबर 01.21 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

**मेष** – आज घर का वातावरण बहुत ही शांतिपूर्ण रहेगा। आपकी दिनचर्या अत्यंत संतुलित रहेगी। नए लक्ष्यों को निर्धारित करने और उन्हें साधने का प्रयास करेंगे। विद्यार्थी अध्ययन के प्रति एकाग्र रहेंगे। पैतृक व्यवसाय में अच्छी सफलता मिलेगी।

**वृष** – आज कानूनी मामलों में उलझ सकते हैं। बच्चों की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है। आपके काम थोड़े मंद गति से होंगे। शरीर में आलस्य और सुस्ती हो सकती है। परिजनों का पर्याप्त सहयोग नहीं मिलेगा।

**मिथुन** – आज लोग आपकी सोच और कार्यप्रणाली से काफी सहमत रहेंगे। मन में विचारों की अधिकता रहेगी। दूसरों को लेकर अधिक उम्मीद रखना उचित नहीं है। रिश्तेदारों के माध्यम से कोई अच्छी खबर मिल सकती है। आपका स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा।

**कर्क** – आज कारोबार के विस्तार की योजना बना सकते हैं। समय का सार्थक उपयोग कर पाएंगे। रचनात्मक कार्यों में आपकी विशेष रुचि रहेगी। विपरीत लिंगी जातकों के प्रति आपका व्यवहार काफी अच्छा रहेगा। घर के लिए नई वस्तुएं खरीद सकते हैं।

**सिंह** – आज खर्चों पर नियंत्रण करने का प्रयास करेंगे। प्रेमी जन के साथ घनिष्ठता का आनंद लेंगे। मन में प्रतिस्पर्धा की भावना रहेगी। सही रणनीति के साथ कार्य करने से आपको लाभ मिलेगा। दूसरों के भरोसे बैठकर काम न करें।

**कन्या** – आज हल्की-फुल्की बीमारियां आपको परेशान कर सकती हैं। धन संबंधित मामलों को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। संपत्ति के मामले अटक सकते हैं। अपनी बातों को लेकर अड़ियल रवैया अपनाने से बचना चाहिए।

**तुला** – आज अधिकारी आपका उत्साहवर्धन कर सकते हैं। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को लाभ मिलेगा। प्रबल इच्छाशक्ति से नए कार्यों का आरंभ कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। नए क्लाइंट्स के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**वृश्चिक** – आज फाइनेंस से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। नजदीकी संबंधियों के सहयोग से अभिभूत होंगे। खाली समय में पसंदीदा संगीत का आनंद उठा सकते हैं। वरिष्ठ पदों पर बैठे लोग भी आपसे सलाह लेने को उत्सुक रहेंगे।

**धनु** – आज उच्च पदों पर आसीन लोगों के लिए दिन राहत भरा रहने वाला है। पूर्व में किए गए वादों पर खरे उतरेंगे। घरेलू खर्चों में कमी आएगी। परिवार में आपसी सहयोग और सौहार्द का वातावरण रहेगा। फैशन और फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों को प्रसिद्धि मिल सकती है।

**मकर** – आज उच्च अधिकारी आपके स्थानांतरण को लेकर विचार कर सकते हैं। मन में वैचारिक उथल-पुथल चलती रहेगी। पारस्परिक संबंधों को दूसरों के कारण प्रभावित न होने दें। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ** – आज आपके मनोबल में वृद्धि होगी। अविवाहित लोगों को विवाह के उत्तम प्रस्ताव मिल सकते हैं। व्यापार में आप विस्तार करने का विचार बना सकते हैं। बड़े भाई-बहनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। कार्यक्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे।

**मीन** – आज भावनात्मक संबंध काफी गहरे होंगे। छोटी कारोबारी यात्रा होने के योग बन रहे हैं। व्यावसायिक रिश्ते काफी मजबूत हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। घर का वातावरण बहुत ही अच्छा रहने वाला है।

## सुडोकू -7

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 7 | | | 6 | | | 3 |
| 6 | | | | 3 | | 4 | 1 | |
| 1 | | | 2 | | 8 | | 9 | |
| 5 | | 9 | | | | 8 | | 2 |
| | 7 | | 4 | | 3 | | | 6 |
| | 8 | 6 | | 7 | | | | 1 |
| 4 | | | 8 | | | 5 | | |
| | 9 | | 1 | | | | 2 | |

### सुडोकू - 6 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 5 | 8 | 1 | 2 | 9 | 7 | 6 |
| 7 | 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 | 2 | 4 |
| 6 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 5 | 3 |
| 2 | 7 | 9 | 4 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 |
| 8 | 5 | 6 | 3 | 7 | 9 | 4 | 1 | 2 |
| 1 | 4 | 3 | 2 | 8 | 5 | 6 | 9 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 6 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 6 | 2 | 4 | 1 |
| 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 7 | 3 | 8 | 9 |



> टी-20 विश्व कप की तैयारी में मेरा पूरा ध्यान अपनी गेंदबाजी की लेंथ पर भरोसा करने, आत्मविश्वास बनाए रखने और आसान दिखने वाले मैचों में भी खुद को मानसिक रूप से चुनौती देने पर केंद्रित है।
>
> –वरुण चक्रवर्ती


# स्टेडियम

अयोध्या, शनिवार ,20 दिसंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### श्रीलंका ने असलंका की जगह शनाका को सौंपी कप्तानी

**कोलंबो।** श्रीलंका ने भारत के साथ सह मेजबानी में होने वाले टी20 विश्व कप की प्रारंभिक टीम में चरित असलंका को कप्तानी से हटाते हुए दासुन शनाका को कप्तान बनाया है। चयन समिति के प्रमुख के रूप में लौटे प्रमोदया विक्रमसिंघा ने कहा कि पिछले तीन विश्व कप खेलने का शनाका का अनुभव और बल्लेबाजी में असलंका का खराब फॉर्म इस फैसले का आधार था। इस्लामाबाद में आत्मघाती बम विस्फोट में नौ लोगों के मारे जाने के बाद असलंका पिछले महीने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान के सीमित ओवरों के दौरे पर भी नहीं गए थे।

### शुभंकर संयुक्त 71वें स्थान पर

**पोर्ट लुई (मॉरीशस)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा अफ्रएशिया बैंक मॉरीशस ओपन के शुरुआती दौर में दो ओवर का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 71वें स्थान पर है। तेज हवा के कारण मुश्किल परिस्थितियों में शुभंकर का स्कोर 13वें होल तक एक अंडर था लेकिन उन्होंने इसके बाद डबल बोगी और और बोगी कर दिया। दक्षिण अफ्रीका के केसी जार्विस और स्कॉटलैंड के स्कॉट जैमीसन एक समान पांच-अंडर-पार 67 स्कोर के साथ संयुक्त रूप से तालिका में शीर्ष पर हैं।

### विजय हजारे के शुरुआती मैच से बाहर रहेंगे रोहित

**मुंबई।** भारतीय खिलाड़ी रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल और सूर्यकुमार यादव विजय हजारे ट्रॉफी के कम से कम पहले दो मैच में नहीं खेलेंगे क्योंकि चयनकर्ता मुंबई की टीम में युवा खिलाड़ियों को मौका देना चाहते हैं। अजिंक्य रहाणे और शिवम दुबे भी शुरुआती मुकाबलों में नहीं खेलेंगे। मुंबई के मुख्य चयनकर्ता संजय पाटिल ने पीटीआई को बताया, रोहित, जायसवाल, दुबे और यहां तक कि रहाणे भी कम से कम पहले दो मुकाबलों के लिए मुंबई टीम का हिस्सा नहीं होंगे क्योंकि चयन समिति युवा टीम के साथ आगे बढ़ रही है।

### ऋषभ पंत करेंगे दिल्ली की कप्तानी

**नई दिल्ली।** दिल्ली ने विजय हजारे ट्रॉफी के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को कप्तान बनाया है। दिल्ली की टीम में विराट कोहली को भी शामिल किया गया है। डीडीसीए की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि इशांत शर्मा और नवदीप सैनी भी टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध होंगे। इसके अलावा हर्षित राणा भी जैसे ही उपलब्ध होंगे उन्हें टीम में शामिल किया जाएगा। टूर्नामेंट की शुरुआत 24 दिसंबर से होगी और दिल्ली को ग्रुप डी में हरियाणा, गुजरात, रेलवे, आंध्रा, सौराष्ट्र, ओडिशा और सर्विसे के साथ रखा गया है। ग्रुप डी के सभी मैच बेंगलुरु में खेले जाएंगे।

### चोटरानी, सूरज स्क्वाश में जीते

**मुंबई।** वीर चोटरानी और सूरज चंद ने सीसीआई वेस्टर्न इंडिया स्क्वाश टूर्नामेंट में शुक्रवार को अपने अपने मुकाबले जीत लिये। चोटरानी ने रौनक यादव को 11-7, 11-2, 11-5 से हराया जबकि दूसरी वरीयता प्राप्त सूरज चंद ने रिदान शाह पर 11-9, 11-9, 11-8 से जीत दर्ज की।

# टी-20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा आज

**मुंबई, एजेंसी**

कप्तान सूर्यकुमार यादव और उनके उप-कप्तान शुभमन गिल का खराब फॉर्म चिंता का विषय है लेकिन राष्ट्रीय चयन समिति द्वारा अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के लिए शनिवार को 15 सदस्यीय टीम का चयन करते समय कोई चौंकाने वाला बदलाव किए जाने की संभावना लगभग नहीं है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को सात फरवरी को टी20 विश्व कप शुरू होने तक चुने हुए 15 खिलाड़ियों में से किसी को भी बदलने की छूट होगी। गौरतलब है कि इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान दुबई की धीमी पिचों को ध्यान में रखते हुए वरुण चक्रवर्ती को यशस्वी जायसवाल की जगह टीम में शामिल किया गया था। बीसीसीआई में हालांकि कोई भी इस बात को स्पष्ट रूप से नहीं कह रहा है, लेकिन भारत में होने वाला यह वैश्विक टूर्नामेंट सूर्यकुमार के लिए राष्ट्रीय टी20 कप्तान के रूप में आखिरी हो सकता है। वह 35 वर्ष के हो चुके हैं और पिछले एक साल से खराब लय में हैं।

सूर्यकुमार कप्तान होने के कारण ही लगभग 14 महीनों और 24 मैचों में खराब प्रदर्शन के बावजूद टीम में बने हुए हैं। चयन समिति न्यूजीलैंड के लिए टी20 टीम का भी करेगी और यह टीम विश्व कप के लिए चुनी जाने वाली टीम के समान ही होगी। मौजूदा भारतीय टी20 टीम में किसी भी स्थान के लिए कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है लेकिन जायसवाल जैसा शानदार विकल्प होने के बावजूद टीम में गिल की मौजूदगी पर लगातार सवाल उठ रहे हैं।

यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या चयनकर्ता जायसवाल को न्यूजीलैंड श्रृंखला के लिए अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में शामिल करते हैं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनका मूल्यांकन किया जा सके। टीम में रिजर्व सलामी बल्लेबाज के तौर पर फिलहाल संजू सैमसन है। सैमसन को शानदार प्रदर्शन के बावजूद टीम प्रबंधन से गिल की वापसी के बाद उन्हें इस भूमिका से हटा दिया।

टी20 विश्व कप अगर छह महीने दूर होता तो चयन समिति के पास कप्तानी के लिए वैकल्पिक नामों पर विचार करने की गुंजाइश होती। लेकिन सात फरवरी को मुंबई में अमेरिका के खिलाफ होने वाले विश्व कप के शुरुआती मुकाबले से पहले केवल पांच मैच बचे हैं, ऐसे में कोई भी चयन समिति इस निरंतरता को तोड़ना नहीं चाहेगी।

इस बात की काफी संभावना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए चुनी गई 15 सदस्यीय टीम न्यूजीलैंड और उसके बाद टी20 विश्व कप में भी खेलेगी, लेकिन जायसवाल का नाम लगभग निश्चित रूप से सामने आएगा क्योंकि उन्होंने गिल और सैमसन दोनों की तुलना में खुद को एक बहुमुखी टी20 खिलाड़ी साबित किया है। सैमसन के लिए विकेटकीपिंग में भी अब दूसरे विकल्प (जितेश शर्मा पहले पसंद के विकेटकीपर और फिनिशर हैं) होने और गिल को उप-कप्तान बनाए जाने के कारण जायसवाल के लिए 15 सदस्यीय टीम में जगह बनाना मुश्किल है। जायसवाल किसी अन्य विशिष्ट भूमिका में फिट नहीं बैठते।

कागजों पर इस 15 सदस्यीय टीम में एकमात्र कमजोर कड़ी वाशिंगटन सुंदर दिख रहे हैं, जिन्होंने 57 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में अभी तक कोई शानदार प्रदर्शन नहीं किया है। वह हालांकि इस प्रारूप में मुख्य रूप से गेंदबाजी ऑलराउंडर की तरह हैं।

- **किसी अप्रत्याशित चयन की संभावना नहीं**

**संभावित टीम**

**सूर्यकुमार यादव (कप्तान)**, शुभमन गिल (उप-कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर। संभावित स्टैंड बाई : यशस्वी जयसवाल, रिंकू सिंह, रियान पराग, शाहबाज अहमद/नीतीश कुमार रेड्डी, प्रसिद्ध कृष्णा।



# टीम इंडिया का टी-20 शृंखला पर कब्जा

## पांचवें व अंतिम मैच में दक्षिण अफ्रीका को 30 रनों से हराया, पंड्या-तिलक ने खेलीं आतिशी पारियां

**अहमदाबाद, एजेंसी**

हार्दिक पंड्या और तिलक वर्मा की आतिशी पारियों के बाद वरुण चक्रवर्ती के 4 विकेट की बदौलत भारत ने दक्षिण अफ्रीका को पांचवें और आखिरी टी-20 मैच में 30 रनों से हराकर सीरीज में 3-1 से कब्जा कर कर लिया।

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 231 रन बनाए थे। जवाब में दक्षिण अफ्रीका आठ विकेट पर 201 रन बना सका। बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए क्विंटन डी कॉक (65) व डेवाल्ड ब्रेविस (31) के अलावा अन्य बल्लेबाज दबाव में बिखर गए।

इससे पहले हार्दिक पंड्या टी-20 क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने तिलक वर्मा (73) के साथ शतकीय साझेदारी के दौरान अपना सातवां अर्धशतक सिर्फ 16 गेंदों में बनाया। यह युवराज सिंह के 12 गेंद में बनाए गए अर्धशतक के बाद किसी भारतीय बल्लेबाज का सबसे तेज पचासा है।

युवराज ने 2007 में किंग्समीड में इंग्लैंड के खिलाफ यह कारनामा किया था जब उन्होंने छह गेंद में छह छक्के लगाए थे। पंड्या ने 25 गेंद में पांच चौकों और पांच छक्कों की मदद से 63 रन बनाए।

उन्होंने चौथे विकेट के लिये तिलक के साथ 44 गेंद में 105 रन की साझेदारी की। तिलक ने 42 गेंद में दस चौकों और एक छक्के के साथ 73 रन जोड़े। आईपीएल में अपने घरेलू मैदान पर दर्शकों की तालियों के बीच उतरे पंड्या ने जबर्दस्त पारी खेली जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव (पांच) एक बार फिर नाकाम रहे। पंड्या की तूफानी पारी के बीच तिलक ने एक छोर संभाले रखा और स्ट्राइक रोटेट करते रहे।

इससे पहले अभिषेक शर्मा (34) और संजू सैमसन (37) ने छठे ओवर में ही भारत को 63 रन तक पहुंचा दिया था। उपकप्तान शुभमन गिल के चोटिल होने के कारण खेल रहे सैमसन ने मौके का पूरा फायदा उठाया और अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की टीम के चयन के लिये शनिवार को बैठक करने वाली समिति के सामने अपना दावा पुख्ता किया। सैमसन को जॉर्ज लिंडे ने लेग स्टम्प पर पड़ती गेंद पर आउट किया। सैमसन ने मार्को यानसेन को छक्का जड़कर शुरुआत की और ओटनील बार्टमैन को भी दो शानदार स्ट्रोक्स लगाए। सैमसन को आउट होने से ठीक पहले जीवनदान भी मिला जब डोनोवान फरेरा उनका रिटर्न कैच लपकने से चूके और गेंद अंपायर रोहन पंडित को घुटने के पास लगी। इसके बाद पंड्या के एक छक्के से प्रसारण टीम का एक सदस्य घायल हो गया जिसकी बायीं भुजा पर चोट लगी और गेंद उछलकर दस कतार पीछे दर्शक के हाथ में गई।



एक-दूसरे को बधाई देते अर्धशतकीय पारी खेलने वाले तिलक वर्मा और हार्दिक पंड्या। एजेंसी

**भारत**

**231/5** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन बो लिंडे | 37 |
| अभिषेक शर्मा का डिकॉक बो बॉश | 34 |
| तिलक वर्मा रन आउट | 73 |
| सूर्यकुमार का मिलर बो बॉश | 05 |
| हार्दिक का हेंडरिक्स बो बार्टमैन | 63 |
| शिवम दुबे नाबाद | 10 |
| जितेश शर्मा नाबाद | 00 |

**गेंदबाजी :** एंगिडि 4-0-29-0, यानसेन 4-0-50-0, बार्टमैन 3-0-39-1, बॉश 3-0-44-2, फेरेरा 2-0-20-0, लिंडे 4-0-46-1

**16** गेंदों में पंड्या ने अपना सातवां अर्धशतक बनाया। यह युवराज सिंह के 12 गेंद में बनाए गए अर्धशतक के बाद किसी भारतीय बल्लेबाज का सबसे तेज पचासा है।

# भारत-पाकिस्तान के बीच होगी खिताबी जंग

**अंडर 19 एशिया कप**

- **सेमीफाइनल में भारत ने श्रीलंका को आठ विकेट से हराया**
- **रविवार को पूर्वाह्न 10:30 बजे से होगा फाइनल मुकाबला**

**दुबई, एजेंसी**

उपकप्तान विहान मल्होत्रा और आरोन जॉर्ज की शानदार पारियों के दम पर भारत ने वर्षाबाधित सेमीफाइनल में श्रीलंका को आठ विकेट से हराकर अंडर 19 एशिया कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां 21 दिसंबर को उसका सामना चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा।

बारिश के कारण मैच प्रति टीम 20 ओवर का कर दिया गया। भारतीय गेंदबाजों ने श्रीलंका को 20 ओवर में आठ विकेट पर 138 रन पर रोक दिया। जवाब में मल्होत्रा ने 45 गेंद में नाबाद 61 रन बनाए। हाल ही में आईपीएल मिनी नीलामी में आरसीबी द्वारा खरीदे गए मल्होत्रा ने शानदार स्ट्रोक्स लगाये। उनके साथ जॉर्ज ने 49 गेंद में 58 रन की नाबाद पारी खेली। भारत ने लक्ष्य 18 ओवर में हासिल कर लिया। मल्होत्रा और जॉर्ज के बीच 114 रन की अटूट साझेदारी के दम पर भारत आठवीं बार फाइनल में पहुंचा है। दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान ने बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया। भारत और पाकिस्तान इस टूर्नामेंट में 11 साल बाद फाइनल में खेलेंगे। आखिरी बार भारत अंडर 19 टीम ने पाकिस्तान को 2014 में एशिया कप फाइनल में हराया था जब भारतीय टीम में श्रेयस अय्यर, सरफराज खान, संजू सैमसन और कुलदीप यादव जैसे खिलाड़ी थे। भारत की सेमीफाइनल में शुरुआत खराब रही जब आयुष म्हात्रे (सात) और वैभव सूर्यवंशी (नौ) को तेज गेंदबाज रसित निम्सारा ने आउट किया। इसके बाद मल्होत्रा ने निम्सारा को छक्का लगाकर दबाव कम किया। उन्हें जॉर्ज के रूप में अच्छा जोड़ीदार मिला। इससे पहले गेंदबाजी चुनते हुए भारत ने शानदार प्रदर्शन करके पहले छह ओवर में श्रीलंका के तीन विकेट 28 रन पर निकाल दिए। इसके बाद कप्तान विमथ दिनसारा (32) और चमिका हीनातिगाला (42) ने 45 रन की साझेदारी की।





शतक बनाने के बाद पिच को चूमते हुए ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड। एजेंसी

# एडिलेड टेस्ट : ट्रैविस हेड ने जमाया लगातार चौथा टेस्ट शतक

**एडिलेड, एजेंसी**

ट्रैविस हेड ने घरेलू मैदान एडिलेड ओवल पर लगातार चौथे टेस्ट में शतक बनाने के बाद अपने हेलमेट और दस्ताने उतारे और फिर घुटनों के बल बैठने कर पिच को चूम लिया। ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक चार विकेट पर 271 रन बनाकर कुल 356 रन की बढ़त के साथ मैच पर अपनी पकड़ काफी मजबूत कर ली है। हेड को 99 रन पर एक बड़ा जीवनदान मिला जब उन्होंने जोफ्रा आर्चर की गेंद पर करारा प्रहार किया और गली में खड़े हैरी ब्रूक ने कैच टपका दिया। इससे पहले उन्होंने जो रूट की एक स्पिन गेंद को ऑन-साइड में खेला और एक रन लेने के लिए दौड़े, लेकिन उनके साथी बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने उन्हें वापस भेज दिया। ऑस्ट्रेलिया के इस बेखौफ बल्लेबाज ने 99 रन पर रहते हुए उन्होंने आठ गेंदों का सामना करने के बाद जोखिम लेने का मन बनाया और जो रूट की गेंद पर क्रीज से बाहर निकल कर गेंदबाज के सिर से ऊपर से चौका लगाकर अपना 11वां टेस्ट शतक पूरा किया।

पर्थ में पारी का आगाज करने के लिए भेजे जाने के बाद से पांच पारियों में उनका दूसरा शतक था। पर्थ में उनकी मैच जिताने वाली पारी ने ऑस्ट्रेलिया को सीरीज के पहले मैच में आठ विकेट से जीत दिलाई थी। तीसरे दिन का खेल खत्म होते समय हेड 142 रन बनाकर नाबाद थे। उन्होंने पांचवें विकेट के लिए दक्षिण ऑस्ट्रेलिया टीम के अपने साथी खिलाड़ी कैरी (52) के साथ 122 रन की अटूट साझेदारी कर ली है। ब्रुक ने इससे पहले जोश टोंग की गेंदबाजी पर मार्नस लाबुशेन (13) और कैमरून ग्रीन (सात) का स्लिप में शानदार कैच लपका था लेकिन हेड का कैच टपकाना टीम के लिए महंगा साबित हुआ।

ऑस्ट्रेलिया ने इससे पहले दिन की शुरुआती सत्र में इंग्लैंड को 286 रनों पर आउट करने के बाद दूसरी पारी में शानदार बल्लेबाजी से मजबूत बढ़त बना ली। बेन स्टोक्स ने सुबह के सत्र में जोफ्रा आर्चर के साथ नौवें विकेट के लिए रिकॉर्ड 106 रनों की साझेदारी करके इंग्लैंड के एशेज अभियान में जान फूंकने की कोशिश की। इस साझेदारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी की बढ़त 85 रन तक सिमट गयी। यह एडिलेड में इंग्लैंड के लिए नौवें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है।

मिचेल स्टार्क की गेंद पर 83 रन पर बोल्ड होने के बाद स्टोक्स निराशा में खुद को कोसते हुए मैदान से बाहर निकले। उन्होंने 198 गेंद की पारी में संयमित पारी में आठ चौके लगाये जबकि आर्चर ने 51 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया ने लंच से पहले ब्रायडन कार्स की गेंद पर जेक वेदरल्ड (एक) का विकेट गंवाया। वेदरल्ड ने मैदानी अंपायर के पगबाधा के फैसले का खिलाफ रिव्यू का सहारा लिया होता तो वह आउट होने से बच जाते।

- **ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे एशेज टेस्ट में बनाई 356 रनों की बढ़त**

**संक्षिप्त स्कोर बोर्ड**

| | |
|---|---|
| (ऑस्ट्रेलिया) (प्रथम पारी) | 371/10 |
| (इंग्लैंड) (प्रथम पारी) | 286/10 |
| (ऑस्ट्रेलिया) (दूसरी पारी जारी) | 271/4 |

# सौरव गांगुली ने किया 50 करोड़ रुपये की मानहानि का मुकदमा

**कोलकाता, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने लियोनेल मेस्सी विवाद में उनका नाम 'झूठे' तरीके से घसीटने और अपने बारे में अपमानजनक सार्वजनिक बयान देने के आरोप में कोलकाता स्थित एक फुटबॉल प्रशंसक क्लब के अधिकारी पर 50 करोड़ रुपये का मानहानि का मुकदमा दायर किया है। क्रिकेटर से खेल प्रशासक बने गांगुली ने बृहस्पतिवार को 'अर्जेंटीना फुटबॉल फैन क्लब' के उत्तम साहा के खिलाफ पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई थी।

गांगुली ने 'पीटीआई' को बताया मैंने पुलिस में शिकायत के अलावा फुटबॉल प्रशंसक क्लब के इस अधिकारी को 50 करोड़ रुपये का कानूनी नोटिस भेजा है। वह जो मन में आता है, वह कहते रहते हैं। साहा ने एक पत्रकार से बातचीत में गांगुली पर मेस्सी के 'जीओएटी इंडिया टूर' का मुख्य आयोजक होने का आरोप लगाते हुए दावा किया था कि गिरफ्तार मुख्य आयोजक सतद्रु दत्ता केवल एक मोहरा है।

कोलकाता पुलिस के साइबर सेल को भेजे गए अपने ईमेल शिकायत में गांगुली ने कहा कि उस व्यक्ति के बयानों ने उनकी प्रतिष्ठा और मानसिक शांति को प्रभावित किया है। अपने ईमेल में गांगुली ने कहा कि अपने कई दशकों के पेशेवर करियर में उन्होंने देश और दुनिया भर में एक खिलाड़ी और खेल प्रशासक के रूप में ख्याति अर्जित की है और ये 'बेबुनियाद' बयान उनकी इस छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से दिए गए हैं। गांगुली को 13 दिसंबर को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी मेस्सी और उनके दल को सम्मानित करने के लिए मंच पर उपस्थित रहना था, लेकिन मेसी के स्टेडियम से समय से पहले चले जाने के बाद साल्ट लेक स्टेडियम में दर्शकों द्वारा मचाई गई व्यापक हिंसा के मद्देनजर कार्यक्रम रद्द कर दिया गया।

- **मेसी के कोलकाता दौरे पर विवाद मामले में नाम घसीटे जाने से फुटबॉल प्रशंसक क्लब पर हुए खफा**



## नागल और श्रीवल्ली चमके, ईगल्स फाइनल के करीब

**बेंगलुरु।** भारतीय स्टार सुमित नागल और श्रीवल्ली भामिदीपति के अहम योगदान से ईगल्स ने हॉक्स को हराकर वर्ल्ड टेनिस लीग (डब्ल्यूटीएल) फाइनल में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली।

लीग मैच में 22-12 की जीत से ईगल्स के कुल 65 अंक हो गए और हॉक्स के लीग मैच के आखिरी सेट के बाद 53 अंक रहे। श्रीवल्ली के लिए दिन की एकमात्र निराशा मिश्रित युगल में मिली हार रही जिसमें उन्हें और गेल मोनफिल्स को युकी भांबरी और एलिना स्वितोलिना से 4-6 से पराजय मिली। हॉक्स को दिन में और कोई सफलता नहीं मिली क्योंकि श्रीवल्ली ने डब्ल्यूटीएल में अपनी पहली उपस्थिति को यादगार बना दिया। श्रीवल्ली ने महिला एकल में माया राजेश्वरन रेवती को 6-2 से आसानी से हराया।

**बदला जीवन** | झारखंड को पहली सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी दिलाने वाले किशन की भावनाएं हो गईं गीता के अनुरूप

# अब आध्यात्मिक ईशान की निगाहें भविष्य पर

**कोलकाता, एजेंसी**

ईशान किशन के हाव भाव में परिपक्वता साफ झलकती है क्योंकि झारखंड को पहली सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी दिलाने की खुशी और भारत की टी20 विश्व कप टीम चयन से एक दिन पहले उनके भविष्य को लेकर बनी अनिश्चितता दोनों पर उनकी प्रतिक्रिया एक समान ही है।

उनके पिता प्रणव पांडेय ने पीटीआई को बताया कि अब उनकी भावनाएं भगवद गीता के श्लोकों के अनुरूप हो गई हैं। किशन अब वर्तमान में जीते हैं और उनके लिए इस समय सबसे अहम है झारखंड की मुश्ताक ट्रॉफी में जीत।

किशन ने शुक्रवार को रांची हवाईअड्डे पर जोरदार स्वागत के बाद कहा बहुत अच्छा खेले, बहुत मजा आया। आगे भी बात होगी और ऐसे ही जीतते रहेंगे। किशन की कप्तानी में झारखंड ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में हरियाणा को 69 रन से हराया। बाएं हाथ के बल्लेबाज किशन टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे, उन्होंने 10 पारियों में 57.44 के औसत और 197 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 517 रन बनाए। फाइनल में किशन ने 49 गेंद में 101 रन की विस्फोटक पारी खेली और यह टूर्नामेंट में उनका पांचवां शतक था। इसके साथ ही उन्होंने भारत के टी20 सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के एक टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी की। वह अब बहुत शांत दिखते हैं और उनकी प्रतिक्रिया में दिखावा नहीं बल्कि सादगी थी। उन्होंने कहाजीत अच्छी थी, बहुत खुशी हुई और जब टूर्नामेंट शुरू होंगे तो उसमें भी जीतकर आएंगे। इशान और झारखंड टीम का घर पर उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। पूर्व भारतीय बल्लेबाज और झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के सचिव सौरभ तिवारी के साथ टीम का हवाई अड्डे पर स्वागत हुआ।



झारखंड क्रिकेट टीम के कप्तान ईशान किशन सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के साथ।

### पिता ने दी गीता पढ़ने की सलाह

इशान के पिता प्रणव पांडेय पेशे से व्यवसायी हैं और उन्होंने ही इशान को अपनी परेशानियों का हल निकालने के लिए गीता पढ़ने की सलाह दी। उन्होंने कहा मेरी मां ने मुझे गीता पढ़ने को कहा था। इसलिए मैंने इशान को गीता पढ़ने की सलाह दी। मेरी मां ने कहा था कि अगर तुम बहुत तनाव में हो तो अपने मन में सवाल रखकर गीता खोलिए। जो पन्ना खुले, उसे पढ़ो, वहीं सवाल का जवाब मिल जाएगा। मैंने इशान से भी यही करने को कहा। अब यह इशान की आदत बन चुकी है। उन्होंने कहा गीता हमेशा उसके साथ रहती है। वह उसे अपने किट बैग में रखता है। जरूरत महसूस होने पर पढ़ता है।